वर्ष- 12 अंक - 349 लखनऊ,
सोमवार 11 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



रक्षाबंधन पर योगी सरकार का रिकॉर्ड, दो दिन में 50 लाख यात्रियों ने की बस यात्रा 03

सपा ने मनाई फूलन देवी की 62वीं जयंती 12

-: सर्राफा बाजार भाव :-

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,03,460/ |
| 22 कैरेट | = | 94,850/ |
| 18 कैरेट | = | 77,610/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,17,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने 58 करोड़ रुपए अवैध रूप से कमाए। उन्होंने इस रकम का इस्तेमाल प्रॉपर्टी खरीदने और इन्वेस्टमेंट में किया। साथ ही अपने ग्रुप की कंपनियों को लोन दिया और उनके कर्ज चुकाने में भी किया। वाड्रा को करीब 5 करोड़ रुपए ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के जरिए मिले। बाकी 53 करोड़ रुपए स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए आए। यह सारा पैसा अपराध से जुड़ी गतिविधियों से कमाया गया था और इसे बाद में अलग-अलग इन्वेस्टमेंट और प्रॉपर्टी खरीदने में लगाया गया। जांच के दौरान बैंक लेन-देन, कंपनी रिकॉर्ड और गवाहों के बयान के आधार पर यह ट्रांजैक्शन ट्रैक किया गया। जिन कंपनियों के जरिए धन आया, उनका संचालन वाड्रा के नजदीकी सहयोगियों के हाथों में था। इन चैनलों का उपयोग रकम को कानूनी स्वरूप देने के लिए किया गया।

### घातक एंटीबायोटिक प्रतिरोध से लड़ने के लिए दवा की खोज

**हरिद्वार।** आईआईटी रुड़की ने घातक एंटीबायोटिक प्रतिरोध से लड़ने के लिए दवा की खोज की है। संस्थान के शोधकर्ताओं ने एक नई दवा कंपाउंड 3बी, विकसित की है जो दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया के खिलाफ शक्तिशाली एंटीबायोटिक की प्रभावशीलता को बहाल कर सकती है। जैव अभियांत्रिकी विभाग की प्रोफेसर रंजना पठानिया के नेतृत्व में, आईआईटी रुड़की के डॉ. मंगल सिंह व परवेज़ बख्त तथा नॉर्वेजियन प्रोफेसर एनेट बायर व उनकी टीम ने एक नया अणु तैयार किया है, जो एंटीबायोटिक मेरोपेनम के साथ मिलकर क्लेबसिएला न्यूमोनिया जनित संक्रमण का इलाज करता है।

### मन्दिर व मकबरा विवाद गहराया, प्रशासन सतर्क

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में रविवार को मन्दिर-मकबरा का विवाद का मामला उस समय गहरा गया जब भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल सहित हिन्दू संगठनों ने 11 अगस्त को पूजा अर्चना के साथ जीर्णोद्धार करने घोषणा कर लोगों से वहां पहुंचने की अपील की है। जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए बैरिकेडिंग कर पुलिस व्यवस्था तैनात कर दी है। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि एक खास वर्ग के लोगों ने इसका स्वरूप बदला है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस होगा अजनी स्टेशन

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित अजनी स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए 359.82 करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह परियोजना भारतीय रेलवे की छवि को बदलने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। रेल आरएलडीए और रेलवे की इस संयुक्त परियोजना के प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट प्रतीक पुरकर ने बताया कि कुल 44 एकड़ रेलवे भूमि में से फिलहाल 7-8 एकड़ क्षेत्र में कार्य चल रहा है।

# तकनीक के क्षेत्र में भारत को बनना होगा आत्मनिर्भर : मोदी

**▸ पीएम ने केएसआर स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत को तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय टेक कंपनियों ने दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई है। अब समय आ गया है कि हम भारत की ज़रूरतों को और अधिक प्राथमिकता दें, ताकि तकनीक का लाभ देश के हर नागरिक तक पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'टेक सिटी' बेंगलुरु में शहरी संपर्क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा बेंगलुरु में मेट्रो की दूसरे फेज की येलो लाइन का उद्घाटन और मेट्रो के तीसरे फेज का शिलान्यास भी किया। मोदी ने मेट्रो में आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक सवारी भी की। मेट्रो में सफर के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने मेट्रो में यात्रा कर रहे छात्रों से बातचीत भी की।



**तीसरे चरण में 44 किमी लंबी बनेगी ऑरेंज मेट्रो लाइन**

प्रधानमंत्री ने यहां 15,610 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो चरण-3 की ऑरेन्ज लाइन की आधारशिला भी रखी। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस चरण में 31 नए स्टेशन शामिल हैं, जो शहर के दक्षिण-पश्चिम और पश्चिमी क्षेत्रों के वंचित क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने में मदद करेंगे। यह बुनियादी ढांचा परियोजना शहर की बढ़ती परिवहन जरूरतों को पूरा करेगी और आवासीय, औद्योगिक, वाणिज्यिक और शैक्षणिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि इस सफलता में भारत की मेक इन इंडिया की ताकत थी। इस मेक इन इंडिया की ताकत के निर्माण में बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैकड़ों किलोमीटर अंदर जाकर आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इसका परिणाम था कि पाकिस्तान कुछ ही घंटे में घुटने पर आ गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसकी गति का स्रोत रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म की भावना, ईमानदार नीयत और सतत प्रयास रहा है। अब इन उपलब्धियों के बीच हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता टेक आत्मनिर्भर भारत होनी चाहिए। टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत लो-कॉस्ट, हाई-टेक स्पेस मिशन का वैश्विक उदाहरण बन चुका है। भारत अपने एआई मिशन से वैश्विक एआई नेतृत्व की दिशा में बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर मिशन भी अब गति पकड़ रहा है और जल्द ही 'मेड इन इंडिया' चिप उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री ने भारतीय टेक कंपनियों से स्थानीय प्राथमिकताओं पर ध्यान देने को कहा।

**मेट्रो के दूसरे फेस का उद्घाटन**

प्रधानमंत्री ने आज बेंगलुरु शहर में मेट्रो के दूसरे फेज की यलो लाइन का उद्घाटन किया। दूसरे फेज की यह यलो मेट्रो लाइन 19.15 किलोमीटर लंबी है और इस पर 16 स्टेशनों बने हैं। इसके निर्माण पर 7,600 करोड़ से अधिक की लागत आई है। इसके साथ ही बेंगलुरु मेट्रो का नेटवर्क 96 किलोमीटर हो गया। यह सेवा कल (सोमवार) से जनता के लिए उपलब्ध होगी और शुरुआत में हर 25 मिनट में ट्रेनें चलेंगी।

## नौकरी के नाम पर 92.49 लाख की ठगी, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर थाना क्षेत्र में नौकरी के नाम पर 92.49 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठग ने 7 लोगों से रुपए ऐंठ लिए। कोर्ट के आदेश पर गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। बिहार के गयाजी जिले के चंदौती निवासी पृथ्वीराज गोस्वामी लखनऊ में एल्डिको ग्रीन सिटी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेन से लखनऊ आने के दौरान उनकी मुलाकात कानपुर नगर निवासी संजय कुमार से हुई। उससे अच्छी दोस्ती भी हो गई। कुछ दिन बाद संजय ने बताया कि वह सरकारी नौकरी लगवाता है। संजय ने हाईकोर्ट में नौकरी लगवाने के एवज में 15 लाख की मांग की। इस पर पृथ्वीराज तैयार हो गए और घर बुलाकर संजय को 15 लाख दे दिया। संजय ने बातचीत के दौरान अन्य लोगों की नौकरी लगवाने की बात कही। पृथ्वीराज उसकी बातों में आकर नौकरी लगवाने के लिए नालंदा बिहार निवासी मुकेश कुमार पुत्र राम स्वरूप पासवान, राजीव कुमार पुत्र शैलेंद्र पासवान, गया बिहार निवासी अजय कुमार पुत्र सोनू यादव, वीरेंद्र कुमार पुत्र शिव नंदन राम, वीरेंद्र कुमार पुत्र सुरेंद्र यादव, विक्रम कुमार पुत्र नंदलाल पासवान से मिलवाया। संजय ने इन लोगों से भी नौकरी के नाम पर करीब 82 लाख रुपए नकद ले लिए। इसके अलावा 10 लाख 49 हजार ऑनलाइन लिया।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा का चार दिवसीय मानसून सत्र आज से

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का चार दिवसीय मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसको लेकर लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। विधान भवन के पास सुरक्षा की दृष्टि पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। साथ ही साथ सत्र की शुरूआत और समाप्त तक यातायात बदले रहेंगे।

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की ओर से रविवार को जानकारी देते हुए बताया गया कि 11 अगस्त से विधानमण्डल के मानसून प्रारम्भ होना प्रस्तावित है। इसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा के सभापति सतीश महाना के अलावा विधान परिषद के सदस्य एवं विशिष्ट गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### पुलिस कमिश्नर ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**लखनऊ।** 11 अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र-2025 के चलते पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने रविवार को खुद विधानसभा परिसर के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। । सुरक्षा को लेकर कोई कोताही न बरते जाने का निर्देश दिया। राजभवन और विधानसभा मार्ग पर आम वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी रहेगी। पुलिस ने कई अहम चौराहों से रास्ते बदल दिए हैं। डायवर्जन व्यवस्था सत्र की समाप्ति तक लागू रहेगी। रविवार को पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, ज्वाइंट सीपी लॉ एंड ऑर्डर बबलू कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी विधानसभा परिसर पहुंचे और सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से जांच की।

### 13 अगस्त को 27 घंटे चलेगी विधान परिषद व विधानसभा

**विधान भवन के प्रवेश द्वार पर नए गुंबद और सभा मंडप का लोकार्पण**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र को लेकर लखनऊ में रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी ने की। सीएम योगी ने विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले रविवार को विधान भवन के प्रवेश द्वार पर नए गुंबद और सभा मंडप का लोकार्पण किया। बैठक विधान भवन में की गई। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, मंत्री संजय निषाद, ओम प्रकाश राजभर, कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा, बसपा विधायक उमाशंकर सिंह, विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया आदि मौजूद रहे। इस बार विधान परिषद और विधानसभा 13 अगस्त को सुबह 11 बजे से अगले दिन यानी 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे तक अनवरत चलेगी। इस दौरान विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा होगी। यानी इस बार लगातार 27 घंटे तक कार्यवाही चलेगी। आज से यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू हो रहा है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई।

## चुनाव आयोग का राहुल गांधी को नोटिस, दावों के दस्तावेज कराएं जमा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दिल्ली में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में किए गए दावों को सत्यापित करने के लिए दस्तावेज जमा कराने को कहा है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कर्नाटक की ओर से लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस राहुल गांधी की 7 अगस्त की प्रेस वार्ता से संबंधित है।

सात अगस्त को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर चुनावों में धांधली करने का आरोप लगाया था।




इसके समर्थन में कथित तौर पर चुनाव आयोग के ही रिकॉर्ड को आधार बनाया था। राहुल गांधी पिछले काफी समय से चुनाव आयोग पर हमलावर हैं और उस पर वोट चोरी का आरोप लगाते रहे हैं। चुनाव आयोग हर बार उन्हें खारिज करते हुए यह प्रतिक्रिया देता रहा है कि अगर उनके पास इस संबंध में कोई भी साक्ष्य या दस्तावेज है तो वे जमा कराएं।

### संसद में आज पेश होगा संशोधित आयकर विधेयक

**नई दिल्ली।** सरकार सोमवार, 1 1 अगस्त को संशोधित आयकर विधेयक, 2025 को संसद में पेश करेगी। इस विधेयक में संसद की चयन समिति की ओर से सुझाई गई कई सिफारिशों को शामिल किया गया है। 08 अगस्त को आयकर विधेयक, 2025 को संसद से वापस ले लिया गया था। इस विधेयक को इसी साल फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 1 अगस्त को संशोधित आयकर विधेयक, 2025 संसद में पेश करेंगी। इससे पहले 08 अगस्त को सीतारमण ने पुराने विधेयक को संसद से वापस ले लिया था।

### सीबीआई ने रिजार्ट में चल रहे साइबर ठग गिरोह का किया भंडाफोड़, पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने शनिवार को नासिक के इगतपुरी में चल रहे एक बड़े साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सबीआई ने गिरोह से जुड़े 5 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। छामेमारी के दौरान ठगी में इस्तेमाल होने वाले कई सामान और नकदी भी बरामद की गयी है। सीबीआई ने जिस ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है, वह रेनफॉरेस्ट रिजॉर्ट में किराए के एक परिसर से अवैध कॉल सेंटर चला रहा था, जहां से अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों के लोगों को फोन कर ठगा जाता था। सीबीआई ने इस मामले में मुंबई के छह लोगों और कुछ अज्ञात व्यक्तियों व बैंक अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राजनीतिक नेतृत्व ने हमें दी थी पूरी छूट : सेनाध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्ष के दौरान सरकार ने हमें पूरी छूट दी थी। पहली बार हमने राजनीतिक स्पष्टता देखी। किसी भी तरह की पाबंदी न होने से सेना कमांडरों को खुद फैसले लेकर अपने विवेक के अनुसार काम करने में मदद मिली।

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने यह टिप्पणी आईआईटी मद्रास में 4 अगस्त को एक कार्यक्रम के दौरान की थी, जिसकी अधिकृत जानकारी सेना



ने रविवार को दी है। ऑपरेशन पर थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी कहते हैं कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, उसने पूरे देश को झकझोर दिया था। हमले के दूसरे दिन यानी 23 अप्रैल को हम सब बैठे। यह पहली बार था, जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, बस बहुत हो गया। तीनों सेना प्रमुख इस बात पर बिल्कुल स्पष्ट थे कि कुछ तो करना ही होगा।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उमरिया में ग्रीनफील्ड रेल कोच निर्माण इकाई के भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा

# 24 हजार करोड़ की रक्षा सामग्री हम कर रहे निर्यात

**हमारा संकल्प है जो हमें छेड़ेगा, उसे छोड़ेंगे नहीं**

एजेंसी

**भोपाल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले रक्षा क्षेत्र का सामान हम दूसरे देशों से खरीदते थे। अब इनमें से बहुत सारी चीजें हम न केवल देश में बना रहे हैं बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने का काम भी कर रहे हैं। अब हम 24 हजार करोड़ से ज्यादा की डिफेंस सामग्री निर्यात कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान रायसेन जिले के ग्राम उमरिया में ग्रीनफील्ड रेल कोच निर्माण इकाई के भूमिपूजन



कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में रक्षा क्षेत्र का केंद्र बनने के लिए हर गुण है। सभी संसाधन हैं। रायसेन में रेल कोच का निर्माण होगा। साथ ही रेलवे के अलग-अलग प्रोडक्ट्स भी यहां बनाए जाएंगे। देशभर की स्पीड ट्रेनों में एमपी में बनने वाले रेलवे कोच लगेंगे। मध्य प्रदेश का औद्योगिक विकास देश को भी विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा। रक्षा मंत्री सिंह ने पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि केवल भारत का ही कल्याण न हो, बल्कि संपूर्ण विश्व का कल्याण होना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी हम पर हमला कर दे। जो छेड़ेगा, हम उसे छोड़ेंगे नहीं। पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की हत्या की गई थी। वे मानते थे कि हम शांत होकर बैठ जाएंगे। हमने संकल्प लिया कि मुंहतोड़ जवाब देंगे। हम हत्या में विश्वास नहीं करते, लेकिन हमने ठान लिया है कि हम धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर मारेंगे। रक्षा मंत्री ने ब्रह्मा परियोजना (रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग इकाई) का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ग्राम उमरिया में 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 1800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ब्रह्मा परियोजना (बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) से भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा आदि जिलों को लाभ होगा।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिलसवार के मारी जोरदार टक्कर, मौत

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहदियापुर तिराहे पर शनिवार की रात करीब 8:00 बजे एक तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल सवार के पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर के सिंधौली थाना क्षेत्र में गांव चडारी निवासी परविंदर (38) पुत्र सोनपाल रक्षाबंधन पर पत्नी रूबी को लेकर उचौलिया थाना क्षेत्र में गांव बरनैया आया था। शाम करीब आठ बजे वह अपने साले लालवीर की बाइक लेकर मोहदियापुर गये थे। वहां बरखेरा चौराहे पर घर वापस आने के लिये सड़क पार करते समय सीतापुर की ओर से आयी तेज रफ्तार कार ने उनको टक्कर मार दी। जिससे परविंदर गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने घायल परविंदर को पसगवां सीएचसी भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। परविंदर की मौत से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया है कि अगर मोटरसाइकिल सवार हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी मौत नहीं होती और उसकी जिंदगी बच जाती। परविंदर की मौत सिर पर गंभीर चोट के कारण हुई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

### तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**पसगवां खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन मे मोहम्मदी विधानसभा के मंडल पसगवां में तिरँगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा मुख्यातिथि जिला कोषाध्यक्ष भाजपा अखिलेश त्रिवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुई। तिरँगा यात्रा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पवन बाजपेई की अगुआई में ग्राम उचौलिया से बनकागाँव, भिलावा, 74 नम्बर टयूबवेल होते हुए रतनपुर से मोहदिया पुर, कोटरा होते हुए मोहिउद्दीन पुर चौराहे से उचौलिया वापस आकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारी शामिल रहे।

### दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, पिता-पुत्र घायल दूसरा बाइकसवार मौके से फरार

**निघासन खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के निघासन रकेहटी मार्ग पर सुरजपुर धर्म कांटा के पास दो बाइक की आमने–सामने भिड़ंत हो गई हादसे में एक बाइक पर सवार पिता पुत्र घायल हो गए वही दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया स्थानीय राहगीरों ने सड़क हादसे में घायल पिता पुत्र को इलाज के लिए निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां दोनों का इलाज के बाद घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार निघासन कोतवाली क्षेत्र के चुरा टांडा गांव निवासी पिंकू अपने मासूम बेटे के साथ ढखेरवा की तरफ से वापस अपने घर जा रहे थे तभी सड़क हादसे में दोनों घायल हो गए।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी को न्यायालय द्वारा जेल में बितायी गई अवधि व 1000 रु. अर्थदंड की सजा सुनाई गई

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में– थाना को. उतरौला क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद होने के संबंध में थाना को. उतरौला पर मुअसं. 290/2003 धारा– 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम पूर्णमासी उर्फ पूने पुत्र मनिराम निवासी परसौना थाना को. उतरौला जनपद बलरामपुर पंजीकृत किया गया। जिसके अभियोग की विवेचना उनि. अम्बिका प्रसाद चौधरी द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी सहायक अभियोजन अधिकारी सुभाष चन्द्र यादव, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी राजकुमार सिंह एवं थाना को. उतरौला द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त पूर्णमासी उर्फ पूने उपरोक्त को न्यायालय CJJD/JM उतरौला बलरामपुर द्वारा उपरोक्त धारा के अपराध में जेल में बितायी गई अवधि व 1000/–रु. अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

### जयघोषों से गूंजा नगर, तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का उत्साह



**उतरौला (बलरामपुर)।** भारत माता की जय और वन्दे मातरम् के गगनभेदी नारों से गूंजते नगर में रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। दुखहरणनाथ मंदिर से विधायक राम प्रताप वर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई यह यात्रा नगर की मुख्य सड़कों से गुजरते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा पहुँची, जहाँ महान स्वतंत्रता सेनानी और विचारक डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तिरंगा यात्रा में पुरुष, महिलाएं और बच्चे भारी संख्या में शामिल हुए। देशभक्ति गीतों की धुनों और तिरंगों की लहराती कतारों के बीच लोगों ने आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन किया। पूरे नगर में उत्साह, उमंग और देशप्रेम का अद्भुत वातावरण बना रहा। यात्रा का समापन गांधी पार्क में हुआ, जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान को याद किया गया। विधायक राम प्रताप वर्मा, अनूप गुप्त, देवानंद गुप्त सहित अन्य लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य है कि हर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को याद करे, उनके योगदान को स्मरण रखे और देशभक्ति की भावना को जीवित रखते हुए अपने घरों पर तिरंगा फहराए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष फणींद्र गुप्त, रोहित गुप्त, के.के. गुप्त, सी.बी. माथुर, संतोष श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख महिपाल चौधरी, राकेश तिवारी, रूपेश गुप्त, भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा, ओम प्रकाश गुप्त, महेश गुप्त, प्रमोद जायसवाल, देवानंद गुप्त सहित उपजिलाधिकारी अभय सिंह और प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह शाहिद और पुलिसकर्मी तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### जिलेदार कार्यालय बारिश से बना तालाब

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के स्टेशन मार्ग का बना नलकूप प्रखंड का जिलेदार कार्यालय बारिश के चलते तालाब बन गया है। विभागीय कर्मी घुटनों तक पानी से गुजरकर आने जाने को मजबूर होते हैं साथ ही भवन जर्जर होने से कर्मी भयभीत रहते हैं कस्बे के स्टेशन मार्ग पर नलकूप प्रखंड का जिलेदार कार्यालय संचालित है। इस कार्यालय प्रांगण में बारिश के चलते पानी लबालब भर गया है। जल निकासी का इंतजाम नहीं होने से पानी के कारण कार्यालय तालाब बना हुआ है। इसी तरह पानी के मध्य से नलकूप विभाग के कर्मी कार्यालय आते जाते हैं। कुछ कर्मी कार्यालय प्रांगण में बने आवास में भी रहते हैं उनके सामने संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा कार्यालय भवन भी बहुत जीर्ण शीर्ण है। यह किसी भी वक्त भरभराकर गिर सकता है। इससे कर्मचारी सहमे रहते हैं। प्रभारी जिलेदार अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि उन्होंने जल भराव और जर्जर भवन की शिकायत अधिशाषी अभियंता से की थी उन्होंने अवर अभियंता धीरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में जांच टीम बनाकर भेजी थी। टीम ने भवन सहित जलभराव की वीडियोग्राफी कराकर रिपोर्ट तैयार की है। समस्या का समाधान कब होगा यह अभी स्पष्ट नहीं है।

# राखी के रंग, बहनों ने सजाई भाइयों की कलाई

### राजनंदिनी ने बांधीं भाइयों को राखी, पुलिसकर्मियों संग भी मनाया पर्व

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भाई-बहन के अटूट प्रेम, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन शनिवार को पूरे जनपद सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में मिठाइयों की मिठास और राखियों की रौनक छाई रही। बहनों ने अपने-अपने भाइयों की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियां बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया, बदले में भाइयों ने भी बहनों को जीवनभर रक्षा का वचन देते हुए चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

पलिया नगर में भी दिनभर राखी की चहल-पहल बनी रही। पलिया नगर निवासी नितेश गुप्ता की पुत्री राजनंदिनी (आभा) ने अपने भाइयों राजवीर, अर्जुन और युवराज की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें मिठाई खिलाई। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर बिटिया आभा ने पलिया प्रभारी निरीक्षक पंकज त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस कर्मियों को भी तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। पुलिस कर्मियों ने इस पावन पर्व को भाई-बहन के रिश्ते का सम्मान बताते हुए आभा को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन के इस अवसर पर शहरभर में भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और रंगत देखते ही बन रही थी। घर-घर में तिलक, मिठाई और हंसी-ठिठोली के बीच रिश्तों की डोर और मजबूत हुई।

### एकल अभियान की महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को बांधीं राखी, सुरक्षा व विश्वास का दिया संदेश



**निघासन खीरी।** कोतवाली निघासन परिसर में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर 'एकल अभियान' से जुड़ी महिलाओं ने भाई–बहन के रिश्ते को एक अनोखे अंदाज में मजबूती दी। रविवार को अभियान की कार्यकर्ता महिलाएं निघासन कोतवाली पहुंचीं, जहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक महेश चंद और उपनिरीक्षक आदित्य यादव को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र, सुख–समृद्धि और निरंतर सेवा की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि पुलिस बल चौबीसों घंटे आम नागरिकों की सुरक्षा में तत्पर रहता है। यह रिश्ता केवल एक दिन का पर्व नहीं, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। पुलिसकर्मी न सिर्फ कानून–व्यवस्था बनाए रखते हैं, बल्कि संकट की घड़ी में सबसे पहले जनता के साथ खड़े होते हैं। कोतवाली प्रभारी महेश चंद और एसआई आदित्य यादव ने इस स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए महिलाओं को हरसंभव सहयोग और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस व जनता का यह रिश्ता परस्पर विश्वास और सहयोग पर आधारित है, जिसे ऐसे अवसर और भी प्रगाढ़ बनाते हैं। अभियान के दौरान आपसी भाईचारे, नारी सम्मान और सामाजिक एकजुटता का संदेश पूरे उत्साह के साथ दिया गया। कार्यक्रम में 'एकल अभियान' की कार्यकर्ता महिलाएं, पुलिसकर्मी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### भैंस चराते समय सांप के डसने से किसान की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल रेफर

**निघासन खीरी।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा खालसा गांव में भैंस चराते समय रविवार को किसान को सांप ने डस लिया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। गांव निवासी नंदराम (45) खेतों की ओर भैंस चराने गए थे। इस दौरान झाड़ियों में छिपे सांप ने उन्हें डस लिया। परिजन पहले झाड़फूंक के लिए नौरंगाबाद ले गए, लेकिन तबीयत न सुधरने पर निघासन सीएचसी पहुंचे। यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने एंटी स्नेक वेनम लगाकर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया।

## बरसात में खुली विकास की पोल, जगदेवपुर पंचायत की सड़कें बनीं तालाब

### प्रधान बैठे सूखे में, बाकी पंचायत जाए भाड़ में!

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक क्षेत्र अतर्गत जगदेवपुर ग्राम पंचायत की बदहाली इस बरसात में पूरी तरह उजागर हो गई है। पंचायत के अधिकतर गांवों की सड़कें दलदल और तालाब में तब्दील हो चुकी हैं। बारिश के पानी ने नालियों की पोल खोल दी है, जिससे गांव वासियों का घर से निकलना तक दूभर हो गया है। गांव के कई हिस्सों में कीचड़ और जलभराव के कारण स्कूली बच्चों,



बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में ऐसा लगता है जैसे विकास नाम की कोई चीज़ कभी यहां हुई ही नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान ग्राम प्रधान के कार्यकाल में पंचायत में विकास कार्यों की रफ्तार लगभग शून्य रही है। सरकारी धन का उपयोग सिर्फ कागजों में हुआ है, जबकि ज़मीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। कई ग्रामीणों ने प्रधान पर बंदरबांट का गंभीर आरोप लगाया है।

पंचायत के हाशिम टांडा इलाके में प्रधान द्वारा आठ से अधिक सड़कों पर इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण का कार्य करवाया गया है, जबकि बाकी गांव उपेक्षा के शिकार हैं। यह भेदभावपूर्ण रवैया ग्रामीणों में आक्रोश का कारण बनता जा रहा है। ग्रामीणों का गुस्सा अब फूटने लगा है। लोगों का कहना है कि प्रधान सिर्फ अपने क्षेत्र में काम करवा रहे हैं, जबकि बाकी पंचायत को अनदेखा किया जा रहा है। सोशल मीडिया और स्थानीय चौपालों में अब ये तंज आम हो चुका है – प्रधान बैठे सूखे में, बाकी पंचायत जाए भाड़ में! ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विकास कार्यों की जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बरसात ने जहां किसानों को राहत दी है, वहीं पंचायत व्यवस्था की हालत को भी उजागर कर दिया है।

## मौसा ने चाकू से गोदकर मासूम की हत्या, माता-पिता भी गंभीर

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली मझगई के अंतर्गत बौधिया कलां के मजरा लोनियनपुरवा में रक्षाबंधन के दिन पारिवारिक विवाद के दौरान मौसा ने 12 वर्षीय मासूम को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात में मासूम के माता-पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी को भी चोटें आईं, लेकिन वह मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, पीलीभीत के पूरनपुर के बांसबोझी निवासी मनोज कुमार चौहान, उनकी पत्नी अनारकली और 12 वर्षीय पुत्र छोटू रक्षाबंधन पर अपने नाना अश्वनी कुमार के घर लोनियनपुरवा आए थे। इसी दौरान पहले से मौजूद पलिया थाना क्षेत्र के त्रिकौलिया निवासी उनके साढू दिनेश पुत्र रामगुलाम का किसी बात को लेकर परिवार से



विवाद हो गया।

चर्चा है कि दिनेश नशे में था और घर में बिना कपड़ों के पहुंच गया था। इसी बात पर कहासुनी बढ़ी तो दिनेश ने गुस्से में आकर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में छोटू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना में मनोज कुमार और अनारकली भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

सूचना पर मझगई कोतवाल राजू राव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने छोटू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## चार दिन से ठप दुधवा-गौरीफंटा मार्ग, गैस टैंकर अब तक नहीं हट सका

**गौरीफंटा खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दुधवा-गौरीफंटा मार्ग पर गुरुवार को पलटे गैस टैंकर ने अब तक आवाजाही ठप कर रखी है। सुरक्षा कारणों से पुलिस ने दुर्घटना के तुरंत बाद मार्ग को बंद कर दिया था। रविवार को चार दिन बीतने के बाद भी न तो टैंकर हटाया जा सका है और न ही आवागमन बहाल हो सका है। दुर्घटना के बाद से वाहन चालकों को करीब 18 किलोमीटर लंबा चक्कर काटकर गौरीफंटा सीमा तक पहुंचना पड़ रहा है। रविवार को हाइड्रा क्रेन व जेसीबी से टैंकर को गड्ढे से निकालने की कोशिश की गई, लेकिन सभी प्रयास विफल रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग के किनारों पर



खड़ंजा न होने से साइड देने के दौरान टैंकर पलट गया था। घटना के बाद पुलिस ने डिगनिया तिराहा और दुधवा बैरियर से गौरीफंटा मार्ग पर रोक लगा दी। अब वाहनों को गौरीफंटा व डिगनिया से चंदनचौकी होकर गौरीफंटा व पलिया भेजा जा रहा है। चार दिन बीतने के बावजूद टैंकर जस का तस पड़ा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर-4 बास्केटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

### 34 विद्यालयों की 75 टीमों ने दिखाया शानदार खेल कौशल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में 5 से 7 अगस्त 2025 तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-4 बास्केटबॉल टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई 75 टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन भारतीय रेलवे के खिलाड़ी व प्रसिद्ध बास्केटबॉल खिलाड़ी पुलकित सचदेवा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन जस्मीत सिंह अजमानी, डायरेक्टर ब्रह्मजीत सिंह अजमानी, प्रबंध निदेशिका हरविंदर कौर, प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा, सीबीएसई निरीक्षक अनंजय पांडे और तकनीकी निदेशक नीरज कुमार की उपस्थिति रही।




तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट में बाराबंकी, झांसी, औरैया, फतेहगढ़, कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, बांदा सहित कई जिलों की टीमें शामिल हुईं। अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग में विद्याज्ञान सीतापुर ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-17 बालक वर्ग में विद्याज्ञान सीतापुर और बालिका वर्ग में डीपीएस लीडिको लखनऊ ने बाजी मारी। अंडर-19 बालक वर्ग का खिताब एपीएस कानपुर ने जीता, वहीं बालिका वर्ग में एसआर ग्लोबल स्कूल लखनऊ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेंट जेवियर बांदा, पूरनचंद कानपुर, डॉ वीरेंद्र स्वरूप कानपुर, जीडी गोयनका लखनऊ, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल लखीमपुर खीरी, कुन्सकैप्सकोलन लखनऊ, पुलिस मॉडर्न स्कूल लखनऊ, जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ और एमआर जयपुरिया लखनऊ सहित अन्य स्कूलों ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

समापन समारोह में अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी व भारतीय महिला टीम की सदस्य बरखा सोनकर ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डायरेक्टर ब्रह्मजीत सिंह अजमानी ने मुख्य अतिथि बरखा सोनकर को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार व्यक्त किया और कहा कि विद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि लगातार दूसरे वर्ष सीबीएसई क्लस्टर-4 बास्केटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी का अवसर मिला। उन्होंने सभी भाग लेने वाले विद्यालयों और खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। हर्षोल्लास के बीच तीन दिवसीय यह खेल महोत्सव संपन्न हुआ।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दंपती गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**निघासन खीरी।** बेलरायां के पास रविवार रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से दोनों को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, पढ़ुआ थाना क्षेत्र के कटहा गांव निवासी माताप्रसाद अपनी पत्नी और 10 वर्षीय बेटे के साथ भैरमपुर स्थित ससुराल गए थे। देर रात लौटते समय बेलरायां के पास दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में माताप्रसाद और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बच्चा सुरक्षित बताया जा रहा है। डॉक्टरों ने दोनों की हालत नाजुक बताई है।

## उतरौला से डूमरियागंज जाने वाली सड़क गड्ढों में दबदील, आवागमन बाधित

**महुआ बाजार (बलरामपुर)।** उतरौला से डूमरिया गंज हाइवे पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से राहगीरों को बहुत दिक्कत हो रही है। गड्ढा मुक्त करने के नाम पर मोटी रकम लेकर कार्यदाई संस्था निकल जाती है और कुछ दिनों बाद पहले से बड़ा होल बन जाता है। आए दिन कोई न कोई गड्ढे में गिरकर चोटिल हो जाता है, किंतु जिम्मेदार मौन है। बक्सरिया, पीराराम, चिरकुटिया, पुरैना बुलंद, महुआ बाजार तक इस हाइवे पर सिर्फ गड्ढे ही दिखते हैं। बारिश होने के नाते गड्ढों में पानी भर जाता हैं जिससे राहगीरों को गहराई का अंदाजा न होने से लोग चोटिल हो जाते है। मदन कुमार ई रिक्शा



चालक ने बताया कि गड्ढों में पानी भर जाने से कई रिक्शा चालक पलट जाते है, खुद तो चोटिल होते ही है रिक्शे पर बैठे हुए लोग भी चोटिल होते हैं। शेष राम, सीता राम, राम गोपाल चौधरी सुरेश कुमार, ने सासन प्रशासन से गड्ढा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

## अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा रैंक प्रतीक/अशोक स्तंभ लगाकर पदोन्नति की दी बधाई

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस उपाधीक्षक से अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए बृजनन्दन राय (क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर) कोपुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा रैंक प्रतीक/अशोक स्तंभ लगाकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। नवनियुक्त पद पर पदोन्नति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनन्दन राय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको यह



सम्मान मिला है। आपकी पदोन्नति से न केवल कैरियर में एक नया अध्याय जुड़ेगा, बल्कि यह आपके नेतृत्व क्षमता और अनुभव को भी नए आयाम देगा। हमें विश्वास है कि आप अपनी नई भूमिका में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ पुलिस विभाग की गरिमा और सम्मान को बढ़ाएंगे।

## महिला थाना में छह दंपतियों में सुलह, चार बच्चों के पिता ने शराब छोड़ने का किया वादा



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा-निर्देशन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा सिंह, उपनिरीक्षक शिल्पी शुक्ला और काउंसलरों के प्रयास से 10 पारिवारिक विवादों में सुलह कराने की कार्यवाही हुई। इनमें से 06 जोड़े पति-पत्नी आपसी सहमति से विदा होकर घर लौटे। सबसे चर्चित मामला थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम सेहरूआ का रहा, जहां चार बच्चों के पिता पर पत्नी ने शराब पीकर मारपीट का आरोप लगाया था। काउंसलरों की मौजूदगी में पति ने भविष्य में शराब न पीने का वादा किया, जिसके बाद पत्नी अपने बच्चों समेत घर लौट गई। बाकी 04 मामलों में, जहां पति-पत्नी के बीच मनमुटाव अधिक था, दोनों पक्षों की सहमति से उन्हें सोचने और निर्णय लेने के लिए समय दिया गया। इस सुलह प्रक्रिया में काउंसलर कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी, पैरा विधि स्वयंसेवक अल्पना वर्मा, उपनिरीक्षक योगेंद्र प्रताप सिंह, महिला आरक्षी सारिका चौहान और बबली पवार का सहयोग सराहनीय रहा।

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना सं. 07 वर्ष 2025–26
अधोलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं:– **कार्यों का विवरण:**– 1. इज्जतनगर मंडल के रामपुर–काठगोदाम खण्ड की सेक्शनल स्पीड बढ़ाकर 130Kmph करने हेतु विविध सिगनलिंग कार्य तथा डबल डिस्टेन्ट सिगनल का प्रावधान।, **अनुमानित लागत:**– ₹ 6,49,45,326.36, **बयाना राशि:**– ₹ 4,74,700, **कार्य समापन अवधि:**– 12 माह, ई–निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनाँक 29.08.2025 को 11:00 बजे, • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।
वरि.मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर
मुजाधि/सिग्नल–39 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# रक्षाबंधन पर योगी सरकार का रिकॉर्ड, दो दिन में 50 लाख यात्रियों ने की बस यात्रा

## लाखों बहनों ने उठाया योगी सरकार की नि.शुल्क यात्रा का लाभ, आठ अगस्त को 19.5 लाख, नौ को 31.7 लाख यात्रियों ने किया सफर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं के लिए शुरू की गई निःशुल्क बस यात्रा योजना ने इस बार यात्री संख्या के नए कीर्तिमान बनाए हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस सुविधा को देखते हुए रात 12 बजे तक इसके 75 लाख यात्रियों का रिकॉर्ड बनाने की संभावना है।

परिवहन निगम के अनुसार इसमें 70 प्रतिशत तक वह यात्री हो सकते हैं, जिन्हें सरकार की ओर से नि.शुल्क यात्रा का लाभ दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश की माताओं और बहनों को बड़ी सौगात देते हुए 8 से 10 अगस्त तक परिवहन निगम की बसों में नि.शुल्क यात्रा का तोहफा दिया है। इसमें महिलाओं के साथ एक सहयात्री को भी यह सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस बार 8 अगस्त सुबह 6 बजे से 10 अगस्त मध्यरात्रि 12 बजे तक महिलाओं और बेटियों के लिए सभी श्रेणी की रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई गई। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बसें चलाई गईं और समस्त अनुबंधित बसों को भी संचालन में लगाया गया। चालक-परिचालकों को प्रोत्साहन राशि देने की योजना लागू की गई है, जिसमें 1800 किलोमीटर संचालन पूर्ण करने पर 1200 का भुगतान और 6 दिनों तक लगातार कार्य करने पर अतिरिक्त 0.55 प्रति किमी दिया जाएगा। तकनीकी कर्मचारियों को भी प्रतिदिन उपस्थित रहने पर एकमुश्त 500 की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।



प्रमुख बस स्टेशनों गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली, लखनऊ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, कानपुर एवं इटावा पर यात्रियों की अधिक संख्या को देखते हुए विशेष ड्यूटी और अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई।

### तीन दिनों में 75 लाख यात्रियों के सफर का अनुमान

परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर के अनुसार सामान्य दिनों में निगम की बसों में प्रतिदिन 14-15 लाख यात्री सफर करते हैं। इस बार रक्षाबंधन पर्व के शुरुआती दो दिनों में ही यह आंकड़ा 50 लाख से अधिक पहुंच गया। इनमें लगभग 70 प्रतिशत महिला यात्री थीं, जिन्होंने लाभ लिया। एमडी सरवर ने बताया कि 8 अगस्त की सुबह 6 बजे से ही बस अड्डों पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। पहले दिन यानी 8 अगस्त को 19.5 लाख से ज्यादा लोगों ने यात्रा की, जो सामान्य दिनों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक था। रक्षाबंधन के दिन 9 अगस्त को तो यह संख्या 31.7 लाख के पार पहुंच गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में 210 प्रतिशत से अधिक रही। तीसरे दिन 10 अगस्त को दोपहर 12.50 बजे तक ही 13 लाख यात्री सफर कर चुके थे और रात 12 बजे तक यह संख्या 25 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। इस तरह तीन दिनों में 75 लाख से अधिक लोग बसों में यात्रा करेंगे, जो परिवहन निगम के इतिहास में अभूतपूर्व संख्या है।

### आठ वर्षों में 1.23 करोड़ बहनों को मिला मुफ्त सफर का लाभ

2017 में मुख्यमंत्री योगी की पहल पर शुरू हुई रक्षाबंधन पर माताओं-बहनों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की योजना बीते आठ वर्षों में नारी सशक्तीकरण और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गई है। इन 8 वर्षों में 1,23,30,194 महिलाओं को इसका लाभ मिला है, जिसके लिए सरकार ने 101.42 करोड़ का आर्थिक बोझ वहन किया। इन वर्षों में 2023 में सर्वाधिक 29 लाख से अधिक महिलाओं ने नि.शुल्क यात्रा की।

# अब ई-चालान मोबाइल पर भी मिलेगा परिवहन विभाग ने शुरु की व्यवस्था

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** परिवहन विभाग ने अब चालान वसूली के लिए नई व्यवस्था 10 अगस्त से शुरू की है। अब विभाग ने व्हाटसएप चैटबॉट के माध्यम से मोबाइल पर वाहन मालिकों को ई-चालान की सूचना भेजना शुरू कर दिया है। पहले चरण में 1404274 संदेश भेजे जाएंगे। ऐसी व्यवस्था शुरू करने वाला यूपी देश का पहला राज्य है।

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि कई बार ई-चालान की जानकारी समय पर न मिलने और पोर्टल पर जाकर भुगतान करने जैसी कई समस्याएं सामने आईं। दो प्रमुख कारणों को देखते विभाग ने ब्लू-टिक सत्यापित व्हाटसएप चैटबॉट के जरिए नागरिकों को ई-चालान नोटिस रविवार से मोबाइल पर भेजना शुरू कर दिया गया है। इससे चालान का भुगतान करना आसान होगा। अभी जनवरी 2024 से जुलाई 2025 तक के ई-चालान अभी चैटबॉट से भेजे जा रहे हैं। दूसरे चरण में वर्ष 2022 और 2023 के लंबित ई-चालानों की सूचना इसी चैटबॉट से भेजी जाएंगी। परिवहन आयुक्त ने दावा किया कि देश में ऐसी व्यवस्था लागू करने वाला यूपी पहला राज्य है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अतिरिक्त दण्ड से बचने के लिए वाहन मालिक अपने चालान का समय पर भुगतान करें।

## खबरें एक नजर में

### पनीर के पैसे मांगने पर दुकान में तोड़फोड़, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कल्लू गांव में प्यारेलाल यादव की दूध डेरी पर काम करता है। उसके अनुसार, शनिवार की देर शाम दुकान के बगल में कुछ लोग शराब पी रहे थे। इसके बाद सज्जन रावत अपने साथियों के साथ दुकान पर पनीर लेने आया। जब कल्लू ने पनीर देने के बाद उनसे पैसे मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि सज्जन और उसके साथियों ने कल्लू को दुकान से खींचकर मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने दुकान का काउंटर तोड़ दिया और दुकान में रखी पनीर समेत अन्य सामान बाहर फेंक दिया। इस घटना से पीड़ित को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। कल्लू के अनुसार, तोड़फोड़ के बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और वहां से फरार हो गए। बंथरा पुलिस ने कल्लू की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आधी रात दरवाजा तोड़ने की कोशिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनीनगर इलाके में आधी रात 3 लोगों ने एक व्यक्ति का दरवाजा तोड़ने की कोशिश की।पीड़ित न्यू गुडौरा, वास्तुम सिटी निवासी दीप कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि उनके घर में देर रात 3 लोगों ने घुसने की कोशिश की। घटना रात करीब 1.30 से 2.30 बजे के बीच की है। दीप कुमार और उनका परिवार सो रहे थे जब तीन अज्ञात लोगों ने उनके घर का मेन गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद वह घर का मुख्य दरवाजा तोड़ने लगे। दीप कुमार ने बताया कि खटपट की आवाज सुनकर उन्होंने सीसीटीवी कैमरे में देखा। इसमें 3 लोग दिखे। उन्होंने शोर मचाया जिससे आरोपी भाग गए। इसके बाद उन्होंने तुरंत डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने तक दीप कुमार ने आसपास के लोगों को भी फोन किया, जिससे मोहल्ले के लोग बाहर निकल आए। पीड़ित ने अपने और परिवार की सुरक्षा को देखते हुए थाना सरोजनीनगर में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

### फ्रिज के नीचे सफाई करते समय सांप ने काटा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगराम थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। अहिरन खेड़ा मजरा कमालपुर विचलिका निवासी दुर्गेश कुमार गौतम की 24 वर्षीय पत्नी चांदनी की सर्पदंश से मौत हो गई है। शुक्रवार शाम करीब तीन बजे चांदनी अपने घर के कमरे फ्रिज के नीचे सफाई कर रही थी। इसी दौरान एक सांप ने उन्हें काट लिया। शुरुआत में चांदनी को कुछ समझ नहीं आया। कुछ समय बाद जब उनकी हालत बिगड़ने लगी, तब उन्हें सांप के काटने का अंदेशा हुआ। उन्होंने मोहल्ले की महिलाओं को इस बारे में बताया। उस समय चांदनी के परिजन धान की निराई में व्यस्त थे। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत चांदनी को मोहनलालगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने चांदनी को मृत घोषित कर दिया। मृतका के मायके पक्ष ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। आपसी सहमति से रविवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। चांदनी अपने पीछे 4 वर्षीय पुत्र काव्यांश को छोड़ गई हैं।

### दुर्गागंज चौराहे के पास नहर में मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** काकोरी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गागंज चौराहे के पास स्थित नहर में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने शव को तैरते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 6.00 बजे सूचना मिली। मृतक की पहचान संदीप साहू (28) पुत्र स्वर्गीय राजू साहू, निवासी ग्राम दुर्गागंज, थाना काकोरी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। परिजनों के अनुसार, संदीप हमेशा शराब के नशे में रहता था। उसे आखिरी बार कल शाम 8.00 बजे इसी पुलिया पर बैठे हुए देखा गया था। परिजनों का मानना है कि नशे की हालत में वह पुलिया से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, ट्रॉमा सेंटर रेफर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद में शनिवार शाम को एक सड़क हादसा हुआ। तेज गति से आ रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहान रोड पर स्थित समदा तालाब के पास हुई। कार ने सामने से बाइक पर आ रहे सर्वेश को टक्कर मारी। सर्वेश दुबग्गा थाना क्षेत्र, लखनऊ का रहने वाला है। वह बाइक से अपने घर दुबग्गा मल्हा जा रहा था। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल अवस्था में सर्वेश को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वर्तमान में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

### रक्षाबंधन मनाकर लौट रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र में राखी बांधकर लौट रही 53 साल की महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर गोयल हाइट्स के पास बनी सर्विस लेन की है। अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। पुलिस ड्राइवर की तलाश में लगी है। आलमबाग सेक्टर-डी निवासी सुशीला देवी पत्नी राजेंद्र कुमार शनिवार दोपहर करीब 12 बजे राखी बांधकर घर लौट रही थीं। इंदिरा नहर के पास सर्विस लेन पर पहुंची थी तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वाहन चालक की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### रक्षाबंधन के दिन भाई ने फांसी लगकार की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इटौंजा थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर ने रक्षा बंधन के दिन फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छह महीने पहले उसकी बहन ने सुसाइड कर लिया था। तब से किशोर डिप्रेशन में था। घटना गोहनाखुर्द गांव के मजरा मुकुंदपुर में शनिवार दोपहर को हुई। मृतक की पहचान रॉबिन पुत्र गजराज के रूप में हुई है। रॉबिन अपने पिता के साथ खेत गया था। वहां उसने अपने पिता से कहा कि आप धान की फसल के लिए खाद और कीटनाशक दवाई ले आइए। तब तक वह गांव में अपने दोस्तों से मिलने जाएगा। जैसे ही पिता खाद लेने चले गए, रॉबिन ने गांव के बाहर लगे नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### पीएम को भेजा मांग पत्र, भर्ती व पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय राज्य सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ ने प्रधानमंत्री को प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वायदें को याद दिलाते हुए चतुर्थ श्रेणी की भर्ती एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए नौ सूत्रीय मांग पत्र भेजा है। महासंघ का मानना है कि प्रधानमंत्री अगर देश के हर राज्य एवं केन्द्रीय स्तर पर चतुर्थ श्रेणी की भर्ती अभियान चला दे तो उनका वायदा पूरा हो जाएगा। महासंघ डा. के. गनेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी सुरेश सिंह यादव, राष्ट्रीय जोनल सेक्रेटरी रामगोपाल गौतम तथा ने केन्द्र सरकार से समस्त राज्यों के कर्मचारियों की 09 सूत्रीय मांग-पत्र का ज्ञापन प्रधानमंत्री को प्रेषित किया है। दोनों कर्मचारी नेताओं ने कहा कि चतुर्थ श्रेणी भर्ती रोके रखने तथा उनकी अनदेखी से राज्य एवं केन्द्र कर्मचारियों भारी आक्रोश व्याप्त है।

## बीपीएल कार्डधारकों, अंत्योदय योजना के लाभार्थियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को मिलेगी सुविधा

# उत्तर प्रदेश में अब सिर्फ एक रुपए में होगा सीटी स्कैन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी राहत दी है। टीआरएफ योजना के तहत उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सीटी स्कैन की महंगी जांच भी मात्र 1 रुपये में कराई जा सकेगी।

यह सुविधा बीपीएल कार्डधारकों, अंत्योदय योजना के लाभार्थियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों और ऐसे रोगियों को मिलेगी जिन्हें सरकारी डॉक्टर द्वारा सीटी स्कैन की जरूरत बताई गई हो। उत्तर प्रदेश में सभी सरकारी अस्पतालों में सरकारी डॉक्टर की सलाह और रेफरल पर्ची से आप की जांच एक रुपए में होगी। मरीज को सोमवार से शनिवार, सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला अस्पताल में जांच कराई जा सकती है। जिसके लिए महज एक रुपए की पर्ची में ही ऐ जांच होगी। सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संतोष यादव के अनुसार, योजना का मकसद गरीब मरीजों को महंगे टेस्ट बेहद सस्ती दरों पर उपलब्ध कराना है, ताकि वे समय पर इलाज करा सकें। कई बार आर्थिक तंगी के कारण लोग जरूरी जांच टाल देते हैं, जिससे उनकी हालत बिगड़ जाती है। सरकार की यह पहल न केवल महंगे टेस्ट को आम लोगों की पहुंच में लाएगी, बल्कि समय पर जांच और इलाज से मरीजों को बड़ी आर्थिक व स्वास्थ्य लाभ भी मिलेगा।



### एसजीपीजीआई की न्यूरो सर्जरी विभाग को मिला न्यूरोट्रॉमा पुरस्कार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के न्यूरो सर्जरी विभाग ने वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान न्यूरोट्रॉमा पुरस्कार जीता है। इस वर्ष, न्यूरोट्रॉमा सोसाइटी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय सम्मेलन 8 से 10 अगस्त 2025 तक गोवा में आयोजित हुआ। एक दर्जन प्रमुख संस्थानों ने इस पुरस्कार के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। डॉ. कमलेश सिंह भैसोरा और डॉ. वेद प्रकाश मौर्या ने इस राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार के लिए एसजीपीजीआई की न्यूरोट्रॉमा सेवाओं का प्रतिनिधित्व किया। यह पुरस्कार पीजीआई लखनऊ में न्यूरोट्रॉमा सेवाओं की उत्कृष्ट नैदानिक देखभाल, शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान उपलब्धियों को दर्शाता है। स्कूली बच्चों के लिए सिर की चोट, सड़क सुरक्षा और सुरक्षित छज्जा-सुरक्षित बच्चा अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने वाले आउटरीच कार्यक्रम की अत्यधिक सराहना की गई और न्यूरोसर्जरी विभाग ने देश भर के अन्य संस्थानों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन में न्यूरोसर्जरी विभाग की दो रेजिडेंट, डॉ. सृष्टि और डॉ. रूपाली ने सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार जीता।

### व्यवसायी के घर दिनदहाड़े चोरी, चार लाख नगदी और सोने के आभूषण ले उड़े चोर

**लखनऊ ।** आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर-एम में कपड़ा व्यवसायी अभय शर्मा के घर में बुधवार को दिनदहाड़े चोरी हुई। चोर घर में घुसकर अलमारी का लॉकर तोड़कर 4 लाख रुपए नगद और सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना के समय अभय शर्मा अपनी दुकान पर गए थे। उनकी पत्नी वंदना शर्मा अपनी मां के घर गई थीं। वंदना ने तुरंत अपने पति को फोन पर सूचना दी और पुलिस कंट्रोल रूम को भी जानकारी दी। आशियाना थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर शनिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। उल्लेखनीय है कि अभय शर्मा ने अपने मकान के निचले तल को किराए पर दे रखा है।

# नगर निगम जोन-8 में पानी सप्लाई की लाइन टूटी, लोग दूषित जल पीने को मजबूर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम जोन-8 में हजारों लीटर पानी सड़क पर बर्बाद हो रहा है। खरिका वार्ड प्रथम की डिफेंस कॉलोनी और गोपाल नगर में पानी सप्लाई की लाइन टूट गई है। इससे क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। साथ ही लोग दूषित पानी पीने के लिए भी मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइप से 24 घंटे पानी बहता रहता है। इसके कारण घरों में पानी सप्लाई बाधित हो रही है। स्थानीय निवासी विश्वजीत सिंह ने बताया कि जगह-जगह पाइप लाइन टूटने से बरसात का गंदा पानी पाइप लाइन के रास्ते घरों में पहुंच रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम से की है। लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि डिफेंस कॉलोनी स्थित पंप हाउस से गोपाल नगर होते हुए कुम्हार मंडी जाने वाली पाइप लाइन में 50 मीटर के अंदर ही 4 स्थानों पर लाइन क्षतिग्रस्त है। इन जगहों से लगातार पानी बहता रहता है। जब लोग टुल्लू पंप चलाते हैं तो टूटी जगहों से दूषित पानी टंकियों में भर जाता है। स्थानीय लोग इसी दूषित पानी को पीने को मजबूर हैं। यहां रहने वाले विश्वजीत और किशोर कुमार का कहना है कि उनकी टंकियों में टुल्लू पंप चलाते ही गंदा पानी आता है।

### निजीकरण के खिलाफ बिजलीकर्मियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के खिलाफ जारी आंदोलन के 256वें दिन विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने रक्षा बंधन के अवसर पर आवासीय कॉलोनियों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने आम जनता को निजीकरण से होने वाले संभावित नुकसान के बारे में बताया और समर्थन की अपील की। संघर्ष समिति ने एक ऑनलाइन बैठक कर अब तक की गतिविधियों की समीक्षा की और आगे की रणनीति पर विचार किया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एकमत से यह संकल्प लिया कि जब तक बिजली निजीकरण का निर्णय पूरी तरह वापस नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

# बिल नहीं जमा किया तो कार्रवाई के लिए रहें तैयार

यूपी पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** विद्युत बिल जमा करने के बावजूद विद्युत आपूर्ति न होने की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है, साथ बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

अध्यक्ष की तरफ से सभी वितरण निगमों को जारी निर्देश में कहा गया है कि कतिपय प्रकरणों में देखा जा रहा है कि किसी ग्राम में कुछ उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल जमा न किये जाने पर पूरे ग्राम की विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। जिस कारण ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं को भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, जो अपना विद्युत बिल नियमित रूप से जमा करते है। अतः ऐसी स्थिति में विद्युत बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं पर ही कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा है कि यदि अतिभारिता के कारण एक ही स्थान पर वितरण ट्रान्सफार्मर बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहा है, तो इसका तकनीकी,वाणिज्यिक परीक्षण कराकर क्षमतावृद्धि की कार्रवाई की जाये। उपभोक्ताओं की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए गोयल ने कहा कि उपभोक्ताओं को सही विद्युत बिल निर्गत किये जाये तथा बिल संशोधन प्राथमिकता पर किये जाये। विगत दिनों में आयोजित किये गये उपभोक्ता मेगा शिविरों में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। यथा सम्भव प्लान्ड शट्-डाउन के कार्य सामान्य रोस्टरिंग की अवधि में करा लिये जाये। यदि अति आवश्यक है तो प्लान्ड शट्-डाउन दिन में एक अथवा दो बार ही लिए जाएं। बार-बार शट डाउन न लिए जाएं। पूर्व सूचना भी सोशल मीडिया, एसएमएस के माध्यम से उपभोक्ताओं को दी जाये। वही उन्होंने कहा है कि वितरण क्षेत्र के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा उपभोक्ताओं की फोन कॉल रिसीव की जायें एवं उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर निस्तारित करायी जाये।

# 60 श्रद्धालु पहुंचे राममंदिर, 'रामरथ' बनी खुशियों की सवारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा के समग्र विकास के साथ-साथ क्षेत्रवासियों की सांस्कृतिक और धार्मिक आकांक्षाओं को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह की अनुपम सामाजिक पहल 'रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा' ने रविवार को अपनी 45वीं यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की। इस विशेष अवसर पर कूढ़ा ईंटगाँव से 60 श्रद्धालुओं, जिनमें अधिकांश बुजुर्ग और महिलाएं शामिल थीं, को अयोध्या धाम के श्रीरामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला।

यात्रा के दौरान भोजन, जलपान, प्रसाद और अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था विधायक की टीम द्वारा निःशुल्क की गई। बताते चलें 02 अगस्त को कूढ़ा ईंटगाँव की एक बुजुर्ग महिला ने विधायक से अपने गाँव के लोगों के लिए 'रामरथ' यात्रा की मांग की थी। विधायक ने तत्काल स्वीकृति दी और ग्रामीणों के अनुरोध पर रक्षाबंधन पर्व के बाद यात्रा का आयोजन सुनिश्चित किया। इस संवेदनशील पहल ने गाँववासियों के दिलों में विशेष स्थान बना दिया। अयोध्या पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने रामलला के दिव्य दर्शन किए और भावविभोर हो उठे। यात्रा के समापन पर सभी महिला तीर्थयात्रियों को विधायक द्वारा रक्षाबंधन उपहार स्वरूप साड़ी भेंट की गई। पूरी यात्रा के दौरान स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों और श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा, ताकि किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो।



यात्रियों की श्रद्धा, विधायक राजेश्वर सिंह की निःशुल्क व उत्तम व्यवस्था, पूर्ण हुई 45वीं रामरथ अयोध्या यात्रा

### शिक्षक करेंगे बड़ा प्रदर्शन 22 को शिक्षा मंत्री के आवास का करेंगे घेराव

**लखनऊ ।** ऑफलाइन ट्रांसफर लिस्ट को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी में है। लखनऊ में रविवार को माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में विभाग को अल्टीमेटम देते हुए 20 अगस्त तक ऑफलाइन ट्रांसफर लिस्ट जारी करने को कहा गया। ऐसा न करने पर 22 अगस्त को माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव कर बड़ा प्रदर्शन करने की बात कही गई। रविवार को डीएवी कॉलेज के सभागार में इसको लेकर एक अहम बैठक का आयोजित हुई। इस दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इस दौरान 22 अगस्त को माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास के घेराव पर सहमति बनी।

# गरीब परिवार पर हुए अत्याचार के खिलाफ दायर याचिका पर कोर्ट ने लिए संज्ञान

समृद्धि न्यूज

थानाध्यक्ष को 20 अगस्त को हलफनामे के साथ कोर्ट में उपस्थित होने का नोटिस जारी

**लखनऊ।** पुलिस की कार्य शैली पर आज एक और सवालिया निशान लगा है। मामला काकोरी थाने से संबंधित है। आरोप है कि थाना क्षेत्र स्थित आजमपुर पहिया, नई बस्ती की रहने वाली शाहीन नाम की दो नाबालिक बच्चियों के साथ उसके बालिग पड़ोसी आये दिन अश्लील हरकतें और छेड़ा किया करते थे। बच्चियों ने जब अपनी मां से पूरी बात बताई तो उनकी मां शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंची गई, जहां आरोपियों ने उसकी जमकर धुनाई कर दी और जानमाल की धमकी दी।

पीड़िता पुलिस चौकी पहुंची जहां जांचकर कार्रवाई करने की बात कह कर पुलिस ने वापस घर भेज दिया। जिसकी जानकारी होने पर आरोपियों ने पीड़ित परिवार की दुबारा धुनाई कर दी। पीड़िता सीधे थाने पहुंची कि शायद इस बार पुलिस आरोपियों पर नकेल कसे, लेकिन पुलिस से उसे वहां भी सिर्फ आश्वासन ही मिलते रहे और इधर आरोपी बार बार पूरे परिवार की पिटाई करते रहे। डरा सहमा परिवार आखिरकार अपने ही घर से परिवार सहित हट कर रिश्तेदार के यहां रहने पर मजबूर रहा,लेकिन पुलिस आरोपियों को स्थानीय ग्राम प्रधान के सहयोग से बचाया गया। गरीब पीड़ित के घटना की जानकारी उच्च न्यायालय के विद्वान अधिवक्ता को लगी तो उन्होंने इस गरीब परिवार को न्याय दिलाने के लिए खड़े हुए और बगैर किसी आर्थिक सहयोग लिये उसकी फाइल को न्यायालय के संज्ञान में लाए, जहां न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए काकोरी थाना प्रभारी पर कड़े रुख अपनाया है और कहा है कि मामला बेहद गंभीर है। इसके स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी करते हुए कहा है कि माह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी आरोपियों पर अब तक रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं हुई। एक हलफनामा के साथ 20अगस्त को स्वयं उपस्थित हों। उधर नोटिस मिलते ही थाना प्रभारी की बेचैनी बढ़ गई है और खुद की बचत के रास्ते ढूंढते नजर आने लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि थाना प्रभारी काकोरी दोनों पक्षों में पूर्व की किसी तारीख में आपस में समझौता हो जाने के एक पेपर पर लिखवाने के प्रयास में पीड़िता से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे हैं।

अभियान

## सीएम योगी के निर्देश पर 27 जिलों में जनप्रतिनिधियों व सीएमओ ने किया अभियान का आगाज

# यूपी के 27 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरु

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश को वर्ष 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। प्रदेश में रविवार से 27 जिलों के 195 ब्लॉक में लिम्फेटिक फाइलेरियासिस के उन्मूलन के प्राथमिक उद्देश्य से व्यापक सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू किया गया। इन जिलों में जनप्रतिनिधियों ने दवा खाकर अभियान की शुरुआत की।

सामुदायिक भागीदारी के महत्व को समझते हुए, योगी सरकार ने कई विभागों को शामिल करते हुए सहयोगात्मक प्रयास की योजना बनाई है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर व्यापक जन सहयोग सुनिश्चित करने और एमडीए अभियान की अंतिम सफलता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अभियान से जोड़ा गयाराष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानकों का पालन करे और उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त करे। मिशन निदेशक ने सभी सहयोगी विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश और प्रोटोकॉल प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।



### 15 साल बाद दिखाई देते हैं फाइलेरिया के लक्षण

प्रमुख सचिव ने अभियान के महत्व को रेखांकित किया है और इस बात पर ज़ोर दिया है कि यह फाइलेरिया के दुर्बल करने वाले प्रभावों के विरुद्ध महत्वपूर्ण निवारक उपाय है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अभियान की सफलता व्यापक जनभागीदारी और सहयोग पर निर्भर करती है। फाइलेरिया, संक्रमित क्यूलेक्स मच्छरों के काटने से फैलने वाला रोग है, जिसके लक्षण अक्सर सूजन और दूधिया पेशाब आने के काफी समय बाद, आमतौर पर 10-15 साल बाद दिखाई देते हैं। हालाँकि फाइलेरिया वर्तमान में लाइलाज है, लेकिन पांच साल तक दी जाने वाली वार्षिक दवा इस रोग की शुरुआत को प्रभावी ढंग से रोक सकती है।

### फाइलेरिया की रोकथाम में बच्चे और गुरू जी निभाएंगे अहम भूमिका

शिक्षा विभाग विभिन्न स्कूल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाकर इस अभियान में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। शिक्षक छात्रों को फाइलेरिया की रोकथाम के बारे में शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस शिक्षा को दैनिक दिनचर्या में शामिल किया जाएगा, जहां शिक्षक प्रार्थना सभाओं के दौरान फाइलेरिया की रोकथाम के महत्व को समझाएंगे।

### सात हजार से अधिक पर्यवेक्षक किये गये तैनात

एमडीए अभियान औरैया, बहराइच, बलरामपुर, बस्ती, चंदौली, देवरिया, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, श्रावस्ती, रायबरेली और सुल्तानपुर में चलेगा। इसके लिए 35483 औषधि प्रशासक (डीए) और 7096 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने महसी के ग्राम पंचायत सचिवालय पचदेवरी पहुंचकर जलभराव व कटान प्रभावित लोगों के साथ किया संवाद

# बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री की गई वितरित

▸ पूर्व में कराए कटानरोधी कार्यों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज







**बहराइच।** जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने तहसील महसी के ग्राम पंचायत सचिवालय पचदेवरी पहुंच कर जलभराव व कटान से प्रभावित लोगों के साथ संवाद करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना। स्वतन्त्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुखिया योगी बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील हैं। प्रदेश के बाढ़ से प्रभावित जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि सभी एहतियाती कदम उठायें जायें तथा बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता प्रदान की जायें।

पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। स्वतन्त्र देव सिंह ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा के दौरान राहत व बचाव के कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आयेगी। जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में जल स्तर कम हो गया है ऐसे ग्रामों की पर्याप्त साफ-सफाई कराकर वहां पर फागिंग के साथ-साथ एण्टीलार्वा का छिड़काव करा दिया जाय। प्रभावित क्षेत्रों में मानव व पशुओं के चिकित्सा के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायें। बाढ़ के उपरान्त किसी भी क्षेत्र में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सभी एहतियाती उपाय करें। प्रभावित क्षेत्रों में बुखार, डायरिया आदि बीमारियों की दवाओं की किट का वितरण सुनिश्चित कराया जाये तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्र की जनता को उपलब्ध करायी जायें। स्वतन्त्र देव सिंह ने कहा कि जल भराव के कारण प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुए सम्पर्क मार्गों का दुरूस्तीकरण करा दिया जाये ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।पचदेवरी के भ्रमण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने पूर्व में कराये गये कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण करते हुए ग्रामवासियों से फीड बैक प्राप्त किया। ग्रामवासियों ने बताया कि वर्ष 2023 में कराये गये कटानरोधी कार्यों के कारण यहां पर कटान रूक गया है। ग्रामवासियों ने मांग की कि सुरक्षा की दृष्टि से नदी की डाउन व अप स्ट्रीम में अतिरिक्त कटानरोधी कार्य करा दिये जायें। श्री सिंह ने ग्रामवासियों द्वारा सुझाये गये स्थान का अवलोकन करते हुए आश्वस्त किया कि सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार कार्य कराये जायेंगे।

जलशक्ति मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आपके लोकप्रिय विधायक सुरेश्वर सिंह के प्रयासों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में हुए कटानरोधी कार्यों के कारण यह क्षेत्र सुरक्षित हो गया है। जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने ग्राम पंचायत सचिवालय पचदेवरी में एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अन्य के साथ बाढ़ व कटान प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण भी किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी महसी रामदयाल, कैसरगंज अखिलेश सिंह, नानपारा लालधर यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, नोडल सरजू नहर दिनेश कुमार, अधि. अभि.सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, तहसीलदार महसी विकास कुमार व अन्य अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय सहित राम निवास जायसवाल, संजय त्रिवेदी, विधाकर बाजपेयी, शैलेन्द्र सिंह, राम कुमार बाजपेयी, राधेश्याम मिश्रा व प्रदीप सैनी सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## कई लोगों ने हमला करके तीन भाइयों को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

▸ मथुरा चौबे ग्राम में जमीन के विवाद को लेकर हुई घटना

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मथुरा चौबे ग्राम में जमीन के विवाद को लेकर शनिवार की देर शाम को एक दर्जन से अधिक लोगों ने धारदार हथियार से लैस होकर अचानक हमला कर के तीन भाइयों को मार पीट कर घायल कर दिया। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में लाया गया है। घटना की तहरीर कोतवाली नगर में दी गई है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मथुरा चौबे गांव के निवासी पवन कुमार यादव पुत्र राम पाल ने बताया कि वह अपने जमीन पर पक्के मकान का निर्माण कई दिनों से करा रहा था। शनिवार के दिन देर शाम को। जब काम बंद हुआ तो सभी का हिसाब किया जा रहा था।तभी करीब एक दर्जन लोग अचानक धारदार से लैस होकर हमला कर दिया जिस में छोटे भाई 20 वर्षीय श्रवण कुमार 22 वर्षीय विजय कुमार और 30वर्षीय कृष्ण कुमार घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। पवन कुमार ने बताया कि उस के घर के पास उस की जमीन पड़ी हुई थी और कुछ जमीन पांच वर्ष पहले बैनामा लिए था। जिस पर कुछ लोगो ने मकान का निर्माण करा के कब्जा किए हुए है।

उस कब्जे को खाली कराने को लेकर उच्चाधिकारियों से भी शिकायत किया था। जिस को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। उसी विवाद को लेकर हमला किया गया है। उस ने बताया कि मकान निर्माण कराने से पहले आपस में बात चीत कर के पंचायत भी की गई थी।जिस में विवादित लोगो ने मकान बनाने को लेकर सहमति जताई थी। इस के बाद भी अचानक हमला कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मार पीट की तहरीर मिली है जिस का मुकदमा लिखा जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### सरयू नदी के पास मुख्य मार्ग कटने से ग्रामीणों में आक्रोश



**नानपारा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** शिवपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा नेवादा पूरे कस्बाती के पास सरयू नदी में बने पुल के अप्रोच मार्ग के कटने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। रविवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की। 2008 में निर्मित इस पुल का अप्रोच मार्ग हर साल बाढ़ आने पर कट जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या पर सिर्फ नाममात्र का काम होता है और हर बार पैसा निकाल लिया जाता है। तीन दिन पहले सरयू नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण पुल के पास मुख्य मार्ग कट कर नदी में समा गया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जब कोई इसका विरोध करता है तो उनकी आवाज दबाने के लिए चौकी पर उनके खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करवा दी जाती है।प्रदर्शन में नन्द लाल, रवि वर्मा, विद्याधर, ग्राम प्रधान बुद्धि लाल, बुद्धि लाल गुप्ता, समय दीन, राम दुलारे, कैलाश, मौजीलाल, सुरेश, पैकरमा, पेशकार यादव सुधीर, दिनेश और राम नरेश यादव सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

### मिट्टी दिलाने गए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के सुक्खा पुरवा निवासी निवासी युवक जो मिट्टी दिलाने गया था जिसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिले के मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत लगदिहा के मजरा सुक्खा पुरवा निवासी निवासी युवक मनी राम व बलवंत दोनों सगे भाई जो कोतवाली नानपारा के केशवापुर में शनिवार की शाम को मिट्टी दिलाने के लिए गए हुए थे। मिट्टी दिलाकर देर रात घर वापस आ रहे थे जैसे वो मरहा बाबा कुट्टी के पहुंचे वैसे उनकी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई और मौके पर ही बलवंत की मौत हो गई राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी मौके पर मोतीपुर की पुलिस पहुंची तो पता चला कि जहां पर घटना हुई है वो कोतवाली नानपारा में पड़ता है इसके बाद सूचना कोतवाली नानपारा की दिया गया है , वही घायल मनीराम को इलाज के लिए निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर के जाया गया है। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी फोन करने के बावजूद मौके पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची। मनी राम की हालत गंभीर बनी हुई है।

### निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए पवन तथा महामंत्री राम कृपाल



**जरवलरोड़ बहराइच, समृद्धि न्यूज।** ठा.भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड़ में शिक्षक अभिभावक संघ का चुनाव पूर्व से निर्धारित समय पर कराए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। चुनाव की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक के देखरेख में हुआ संचालन प्रधानाचार्य ने किया। चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही उपस्थित लोगों ने पवन कुमार सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष तथा राम कृपाल यादव को महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित कर लिया गया।इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश प्रकाश अवस्थी, शिक्षक कुंवर आनंद सिंह उर्फ लाल बाबू, शिक्षक ललित कुमार दीक्षित, शिक्षक महेंद्र पाल, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद, अवनीश कुमार सिंह, आशीष सिंह, विवेक मिश्रा,राम लल्ला,वरिष्ठ अध्यापक अवध बिहारी, संजय यादव,शत्रोहन यादव,रमेश गौतम,विश्राम यादव,राम राज वर्मा,राकेश वर्मा जवाहर लाल यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### घर के विवाद को लेकर महिला ने जहर खाया, हालत गंभीर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र रूद पुर बिसेन गांव के निवासी 28 वर्षीय मधु सिंह पत्नी शिवा सिंह ने घर के आपसी विवाद को लेकर शनिवार की देर रात्रि में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर उस को इलाज में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। माहिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना का कारण परिवारिक कलह बताया गया है।

### रक्षा सूत्र बधंवाकर, भाइयों ने दिया बहनों को सुरक्षा का आश्वासन



**परसपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रक्षा बंधन जैसे पवित्र पर्व के शुभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर में आध्यात्मिकता, प्रेम और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण दिव्य रक्षा सूत्र समारोह का आयोजन हुआ, जहां शांति पूर्ण वातावरण में अपार शांति और और स्नेह की सुगंध घुली रहीं। राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहिन ने आगंतुकों को परमात्मा शिव के बायब्रेशन से बायब्रेट रक्षा सूत्र को कलाई पर बांध कर प्रमात्म् ब्लेसिंग कार्ड देकर, मुख मिठा कराया, एवं प्रसाद दिया। बीके अनामिका बहिन ने कहा कि सभी प्रति वर्ष रक्षा बंधन का पवित्रतम पर्व मनाते आयें हैं और प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाने जा रहें हैं, यह त्योहार भाई बहन के पवित्र प्रेम और विश्वास का प्रतीक है।

## समाजसेवी अजय शुक्ला ने 51 कन्याओं से बंधवाई राखी

▸ दिए उपहार, फैलाया भाईचारे और सम्मान का संदेश

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन का पर्व सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक नहीं, बल्कि विश्वास, सुरक्षा, प्रेम और आपसी सम्मान की अटूट डोर को मजबूत करने वाला दिन है। इसी भावनाओं को जीवंत करते हुए ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल के मूल निवासी एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय शुक्ला ने इस वर्ष भी एक मिसाल कायम की। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर उन्होंने 51 कन्याओं से राखी बंधवाकर न केवल उपहार दिए, बल्कि उनके चेहरे पर मुस्कान और दिलों में खुशी भर दी।

कार्यक्रम में शामिल सभी कन्याओं के लिए विशेष रूप से उपहार की व्यवस्था की गई थी। राखी बंधवाने के बाद अजय शुक्ला ने प्रत्येक कन्या को मिठाई खिलाई और उन्हें आशीर्वाद स्वरूप सम्मानित किया। इस आयोजन के दौरान ग्रामीणों और स्थानीय बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में त्योहार की रौनक और भी बढ़ गई। राखी बंधते समय कन्याओं ने अजय शुक्ला को लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद दिया।

हम समाज सेवा को अपना कर्तव्य मानते हैं और हर वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। यह सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि एक संदेश है कि हमारी बेटियां और बहनें हमारे समाज की सबसे अनमोल धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और खुशियों के लिए हम हमेशा खड़े हैं। भविष्य में भी मैं इस तरह के आयोजनों को जारी रखूंगा। ग्रामीणों और उपस्थित लोगों ने अजय शुक्ला के इस प्रयास की जमकर सराहना की।

उनका कहना था कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं और बेटियों के सम्मान का महत्व सबके दिलों में जगाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद और मिठाई वितरित की गई। यह आयोजन न केवल एक यादगार पल बन गया, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी छोड़ गया कि त्योहारों का असली मकसद खुशियां बांटना और रिश्तों को मजबूत करना है।

## 115 राजनीतिक दल अब नहीं रहेंगे पंजीकृत राजनीतिक दल

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 9 अगस्त 2025 के अपने आदेश द्वारा भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2019 से लगातार 6 वर्षों तक विधानसभा एवं लोकसभा का कोई भी चुनाव न लड़ने वाले और उत्तर प्रदेश में स्थित अपने पंजीकृत पते पर वजूद न रखने वाले 115 राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग ने पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से बाहर कर दिया है।

सूची से बाहर निकल गए 115 राजनीतिक दल लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 बी एवं धारा 29 सी के साथ पठित आयकर अधिनियम 1961 के सुसंगत प्राविधानों एवं चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश 1968 के अंतर्गत राजनीतिक दलों को मिलने वाले किसी भी लाभ को प्राप्त करने के हकदार नहीं रहेंगे।



**30 दिन के भीतर आयोग में दर्ज कराई जा सकती है अपील 115 राजनीतिक दलों को पंजीकृत सूची से किया गया बाहर**

राजनीतिक दलों को सूची से बाहर करने के भारत निर्वाचन आयोग के आदेश से क्षुब्ध कोई भी पक्ष आदेश की तिथि से 30 दिनों के भीतर आयोग को अपील कर सकता है। भारत निर्वाचन आयोग का 9 अगस्त 2025 का आदेश तथा सूची से बाहर किए गए राजनीतिक दलों की जिलेवार सूचना निम्न है।

## हादसा : गैस सिलेंडर में रिसाव से झुलसा युवक



**बहराइच।** जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक गैस सिलेंडर लीकेज से झुलस गया। सिलेटनगंज ग्राम निवासी कुलेराज सुबह करीब दस बजे अपने घर में चाय बना रहा था। जैसे ही उसने चूल्हा जलाया, सिलेंडर में लीकेज होने के कारण वह झुलस गया। युवक की चीख सुनकर परिजन दौड़े और सिलेंडर बंद किया। उसके दोनों हाथ बुरी तरह से झुलस गए थे। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए नानपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में झुलसे युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना का संज्ञान लिया है और लोगों से गैस उपकरणों का उपयोग करते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

## रक्षाबंधन पर परिजनों से मिलकर बन्दियों की आंखों में छलके खुशी के आंसू



समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** अधीक्षक कारागार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के पर्व पर कारागार में निरूद्ध बंदियों में से लगभग 250 बंदियों की मुलाकात उनके परिजनों (लगभग 600 लोग) से हर्षोल्लास पूर्वक करायी गयी।

इस अवसर पर उ.प्र. जिला अपराध निरोधक समिति बहराइच के सदस्यों संरक्षक एस.पी. मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष शेर सिह कसौधन, जिला सचिव, जेल विजिटर केशव कुमार मौर्या, जिला सचिव विनोद कुशवाहा द्वारा कारागार के बाहर समस्त मुलाकातियों को मिष्ठान, फल, चाय, पानी आदि वितरित किया गया। साथ ही उनके द्वारा कारागार में निरूद्ध समस्त महिला बंदियों को एवं लगभग 100 पुरूष बंदियों को दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह के निर्देशन में जेल के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उक्त समस्त कार्यक्रम कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

## पूरा कैलाश पर्वत मगन हो गया : बंकू सिस्टर्स

**गोंडा।** सावन माह के अंतिम दिवस पर शुक्रवार की रात बाबा दु:खहरण नाथ मंदिर के प्रांगण में शिव रात्रि जागरण का आयोजन बाबा दुख हरण नाथ मंदिर सेवा समिति के सदस्य संदीप मेहरोत्रा के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें भजनों की शुरुआत विशाल श्रीवास्तव ने गणेश वंदना से किया। उसके बाद सुप्रसिद्ध भजन गायिका बंकू सिस्टर्स ने गाया लहर लहर लहराए झंडा बजरंग बली का...शिव ताण्डव स्त्रोत...- महिषासुर मर्दानी... रण में कूद पड़ी महा काली...- शरण तुम्हारी शरण...डमक डम डमरू रे बाजे...आ जा रे कन्हैया आ जा रे...ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने पूरा कैलाश पर्वत मगन हो गया ... आदि कई भजनों पर श्रोता खूब झूमे। भजन गायक पंकज निगम ने गाया÷ चढ़ा दो एक लोटा जल प्रेम से अबकी सावन में.... ,श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में.. काशी के वासी बैठे हैं मक्के मदीने में ...आदि भजनों की हाजिरी लगाई।भजन गायक राघव पंडित ने गाया शिव की शरण में आजा...? नमः शिवाय बोलो ? नमः शिवाय .. भजनों की हाजिरी लगाई।

## समरस समाज ही राष्ट्र का आधार : क्षेत्र प्रचारिका

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक सामाजिक समरसता गतिविधि के तत्वाधान में रक्षाबंधन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्र सेविका समिति की क्षेत्र प्रचारिका का शशि ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन पर्व हम सभी राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहां की देश विरोधी शक्तियां लगातार दुष्प्रचार कर भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, इस पावन अवसर पर हमें राष्ट्र रक्षा के संकल्प के साथ-साथ अपने देश के लिए सकारात्मक कार्य करना चाहिए।

हिंदुत्व भारतीय जीवन मूल्यों का रक्षण करना ही रक्षाबंधन का मुख्य उद्देश्य है राष्ट्र रक्षा के लिए समाज का समरस होना बहुत आवश्यक है ।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना से ही समरसता हेतु कार्य कर रहा है शोषित वंचित समाज के बंधु बान्धओ के साथ हमारा आत्मीय संबंध है। उन्होंने कहा कि जैसे रेशम के कई धागे से मिलकर एक मजबूत सूत्र बनता है इस प्रकार संगठन संपूर्ण समाज को जोड़कर एक संगठित समाज बनाने हेतु कृत संकल्पित है और लगातार संगठन इस दिशा में कार्य कर रहा है। वरिष्ठ प्रचारक प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राज किशोर ने कहा कि भारत उत्सवो का देश है और यहां प्रत्येक तिथि कोई ना कोई उत्सव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज जागरण हेतु 6 उत्सवों को प्रमुख रूप से मानता है, जिसमें रक्षाबंधन एक प्रमुख उत्सव है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व तो है ही साथ में यह पर्व हमें राष्ट्र रक्षा का भी संकल्प दिलाता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में पुरोहित लोगों को रक्षा सूत्र बांधकर राष्ट्र रक्षा का संकल्प दिलाते थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है, शताब्दी वर्ष में संगठन में पंच परिवर्तन का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी भाव का जागरण एवं नागरिक कर्तव्य शामिल है इन पंच परिवर्तन के द्वारा संघ समाज में राष्ट्र जागरण का कार्य कर रहा है। पंचवटी सीताराम आश्रम के रविशंकर महाराज ने कहा कि हमें अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उन लक्ष्यो पर सकारात्मक रूप से कार्य करना चाहिए तभी राष्ट्र और समाज का उत्थान हो सकता है । कार्यक्रम को जैन समाज के स्वरूप जैन एवं सिख समाज की बहन चरणजीत कौर ने भी संबोधित किया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायक तरबगंज व डीएम ने राहत सामग्री का किया वितरण

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** जनपद गोंडा के तहसील तरबगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम ऐलीपरसौली एवं ब्यौंदा माझा में आज उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दौरा कर बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उनके साथ तरबगंज के विधायक प्रेम नारायण पांडेय एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन भी उपस्थित रहीं।

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए तथा प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। ग्राम ऐलीपरसौली एवं ब्यौंदा माझा में बाढ़ के कारण कई परिवार प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में पहुंचकर मंत्री, विधायक तथा जिलाधिकारी ने बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री किट वितरित की। प्रत्येक राहत किट में आवश्यक खाद्य सामग्री, दवाइयाँ, पीने का साफ पानी, साबुन, सैनिटरी नैपकिन, टॉर्च, मोमबत्ती इत्यादि शामिल थे। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा प्रशासन द्वारा नाव, मेडिकल टीमें, राशन एवं पेयजल आपूर्ति के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रत्येक बाढ़ प्रभावित व्यक्ति तक राहत पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि राहत शिविर स्थापित कर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जा रहा है तथा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह दौरा बाढ़ पीड़ितों में विश्वास और सुरक्षा की भावना स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। प्रशासन पूरी तत्परता से स्थिति पर नियंत्रण रखने हेतु कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

त्योहार

**आयुक्त ने ट्रांसजेंडर बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व, किया रक्षा करने का वादा**

## मण्डलायुक्त सभागार में ट्रांसजेंडर बहनों ने आयुक्त को बांधी राखी



समृद्धि न्यूज

**देवीपाटन मंडल गोण्डा।** रक्षाबंधन पर्व के मौके पर शनिवार को मण्डलायुक्त सभागार में शहर की ट्रांसजेंडर बहनों ने आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील को राखी बांधकर भाईचारे और स्नेह का संदेश दिया। आयुक्त ने सभी बहनों को पौधा भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान गोण्डा की प्रमुख ट्रांसजेंडर बहन गौरी व उनकी दर्जनों शिष्या शामिल थीं। आयुक्त ने सभी ट्रांसजेंडर को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि आज आप सबका स्नेह और मंगलकामनाएं पाकर मैं अभिभूत हूं। हम लोग आपकी सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षाबंधन का पर्व सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपसी विश्वास, सम्मान और स्नेह का प्रतीक है। सभी ट्रांसजेंडर बहनों का यहां आना और राखी बांधना मेरे लिए गर्व और आनंद का क्षण है। राखी बांधने के बाद सभी बहनों ने आयुक्त एवं अन्य सभी लोगों को खुशहाली और आपसी सद्भाव के लिए आशीर्वाद दिया।

इस दौरान ट्रांसजेंडर बहन गौरी कहा कि देवीपाटन मण्डल में शायद पहली बार ऐसा हुआ है कि ट्रांसजेंडर बहनों ने आयुक्त कार्यालय पहुंचकर आयुक्त को राखी बांधकर पर्व को खास ढंग से मनाया है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर आयुक्त, अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य अतिथि गण उपस्थित रहे।

### आयुक्त के परिवारजनों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बांटी मिठाइयां

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर देवीपाटन मण्डल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील उनकी धर्मपत्नी गरिमा भूषण एवं अन्य परिवारजन पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। सभी ने बुजुर्गों से मुलाकात की उनका हाल-चाल जाना और उन्हें मिठाई भेंट की। सभी बुजुर्गों ने परिवारजनों को स्वस्थ व दीर्घायु जीवन होने का आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान आयुक्त ने वृद्धा आश्रम में साफ-सफाई के साथ भोजन व नास्ता की जानकारी ली। आयुक्त ने संचालक को भोजन व नास्ता मेन्यू के अनुसार देने तथा स्वास्थ्य की जांच समय समय पर कराने के निर्देश दिए। वृद्धाश्रम में मौजूद एक बुजुर्ग मां ने तुलसीदास की रामायण की प्रति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जिस पर आयुक्त की धर्म पत्नी गरिमा भूषण ने रामायण की प्रति हर हाल में आश्रम पहुंच जाने का आश्वासन दिया। आयुक्त के परिवार जनों के आने से वृद्धा आश्रम के सभी बुजुर्ग काफी प्रसन्न दिखाई दिये उन्होंने कहा की आप लोग हमेशा ऐसे ही यहां आते रहिए। रक्षाबन्धन भाई-बहनों का स्नेह का पर्व है. एक-दूसरे को सम्मान देने का पर्व है. बहनों का रक्षा करने का पर्व है. सचमुच यह मेरे लिए अत्यंत खुशी का पल है कि आज रक्षाबंधन का पर्व बुजुर्ग जनों के साथ मनाने का अवसर मिला. आप लोग हमारी विरासत हो, आप लोगों के अनुभव, समझ व त्याग का सम्मान करना हमारी संस्कृति है।

### बालगृह बालिका में आयुक्त ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आयुक्त अपने परिवारजनों के साथ पोर्टरगंज स्थित बालगृह बालिका भी पहुंच जहां उन्होंने बालिकाओं के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं को राखी, मिष्ठान व विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ वितरित किए। आयुक्त ने सभी बालिकाओं को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयुक्त ने इस अवसर पर रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी प्रेम, सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखने के लिए ऐसे पर्व अहम भूमिका निभाते हैं। बालिकाओं ने भी आयुक्त व उनकी धर्मपत्नी गरिमा भूषण व पुत्री के साथ मिलकर रक्षाबंधन मनाया और अपनी खुशी व्यक्त की। इस पहल से बालगृह का माहौल उत्साह और उल्लास से भर गया। इस अवसर पर चीफ कोऑर्डिनेटर उपेंद्र श्रीवास्तव सहित संस्था के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नहरिया की सफाई व ढोला न डालने की वजह से किसानों की डूबता सैकड़ों बीघे धान



**महराजगंज, रायबरेली।** भारी बारिश ने जहां तबाही मचाई तो वही प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा व जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता के प्रति उदासीनता की वजह से सैकड़ो बीघे जमीन हर वर्ष डूब जाती है। सिरसा ग्राम पंचायत से लेकर कोटवा मोहम्मदाबाद के बीच से निकले हुए मार्ग के किनारे लगा धान जो लगभग लगभग बारिश के मौसम में डूब जाता है ।किसान रमेश निवासी पूरे पंडित संजय निवासी पूरे पंडित शेष कुमारी सोनू पंडित क्षेत्र पंचायत सदस्य निवासी पूरे पंडित मंज़रे सिरसा के किसानों ने बताया कि किसी किसान की 10 बीघा किसी किसान की 12 बीघा किसी किसान की दो बीघा किसी किसान की तीन बीघे जमीन जो है नहरिया की सफाई न होने की वजह से और ढोला न डालने की वजह से हर वर्ष धान की फसल जो है हम सभी लोगों की खराब हो जाती है। और हम सभी किसानों के सामने रोजी-रोटी की समस्याउत्पन्न हो जाती कई बार हम सभी लोगों ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा लेकिन हमारी समस्या नहीं सुनी गई और हर वर्ष करीब 700 से 800 बीघा जमीन पूरे सिरसा मोहनी का पूर्व कंडारिया बारी कोटवा मोहम्मदाबाद बारी गोहन्ना गंगापुर कुटी के किसान कृपा शंकर शर्मा जगं प्रसाद मौर्य देव प्रसाद मौर्य सहित आदि किसानों ने बताया कि हम सभी की सैकड़ो बीघे जमीन जो है यहां पर डूब गई है और हम सभी के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न है।

### चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार




**सीतापुर।** महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना के संबंध में पंजीकृत अभियोग की संबंधित धाराओं में प्रकाश में आए तीन शातिर अभियुक्तों इब्राहिमपुत्र इदरीस निवासी सरावगी टोला सलमान पुत्र अयूब निवासी ग्राम रमवापुर आमिर पुत्र मोहम्मद हारुन निवासी कुरेशी मार्ग महमूदाबाद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया 8 अगस्त 2025 को उमाशंकर पुत्र मंगल प्रसाद वर्मा निवासी मोहल्ला सरोजिनी नगर इचौली थाना महमूदाबाद सीतापुर के घर में चोरी की थी। पुलिस द्वारा अभियोग उपरोक्त से संबंधित दो जोड़ी पायल सफेद धातु, 2850 रुपए व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, दो लोहे की राड आदि को बरामद किया गया।

### रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों को वितरित की सेवई व मिठाइयां



**लहरपुर, सीतापुर।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत नगई मल्लापुर में वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत सदस्य जनार्दन वर्मा ने रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों से मिलकर उन्हें सेंवाई, मिठाई वितरित की प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत सदस्य जनार्दन वर्मा व उनके भाई इं देवेंद्र वर्मा ने भवाशी में कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य जनार्दन वर्मा कहा कि यह तेवौहार भाई बहन का तेवौहार है। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। उसके बाद क्षेत्र के नगईपुर, मल्लापुर, सुलेमानपुर, भवाशी, दोस्तपुर आदि ग्रामों में जाकर गरीबों जरूरतमंदों को सेंवाई, मिठाई वितरित किया और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया इस मौके पर प्रमुख रूप से रमाकांत वर्मा, अनिल वर्मा, उमेश वर्मा, अभिषेक वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे.

### निर्दल प्रत्याशी राहुल पांडे ने भाजपा को दिया समर्थन



**सीतापुर।** महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के उपचुनाव में निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे राहुल पांडे ने भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय वर्मा को अपना समर्थन दे दिया है साथ ही वह भारतीय जनता पार्टी परिवार में सम्मिलित हो गये है। निर्दल प्रत्याशी के रूप में राहुल पांडे का चुनाव क्रमांक संख्या 9 और चुनाव चिन्ह रिक्शा है। भाजपा को उनका समर्थन प्राप्त होने के बाद जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा उनके फैसले का स्वागत करते हुए कहा गया कि महमूदाबाद की जनता के साथ-साथ यहां चुनाव लड़ रहे हैं प्रत्याशियों को भी यह विश्वास हो गया है कि राष्ट्रवाद व विकास की बात कर रही भारतीय जनता पार्टी यह चुनाव जीत रही है ऐसे में राहुल पांडे जी का समर्थन स्वागत योग्य है और पार्टी इनको उचित सम्मान भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने भी राहुल पांडे के कदम को स्वागत योग्य बताया। ज्ञात हुआ महमूदाबाद व मिश्रिख नगर पालिका परिषद के लिए आज उपचुनाव होना है। जबकि 13 अगस्त को मतगणना होगी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अध्ययता में मनाया गया क्रांति दिवस



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** भारत के इतिहास में 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस के रूप में जाना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध में समर्थन लेने के बावजूद जब अंग्रेज़ भारत को स्वतंत्र करने को तैयार नहीं हुए तो राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भारत छोड़ो आंदोलन के रूप में आज़ादी की अंतिम जंग का ऐलान कर दिया। प्रदीप सिंघल ने क्रांति दिवस पर अपने सम्बोधन में कहा कि हम सब मिलकर संविधान की रक्षा करेंगे और एक नई क्रांति की शुरुआत अपने नेता राहुल गाँधी के साथ शुरू करेंगे जिस तरह से आज सत्ता का दुरूपयोग कर गलत वोटर लिस्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं इसके खिलाफ हम सब एक होकर आंदोलन करेगे। इस मौके पर शत्रुघन सिंह, सर्वेश सिंह, राम बरन कश्यप, सुनील सिंह, फिरोज आलम मीडिया प्रभारी, मतीन अहमद, अरविन्द चतुर्वेदी, धर्मेंद्र तिवारी, सबीना, श्रद्धा सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### भाई के घर राखी बांधने गई महिला की सड़क हादसे में मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** 8 अगस्त की शाम रक्षाबंधन के पावन पर्व पर खुशियों से भरी यात्रा एक दर्दनाक हादसे में बदल गई। थाना क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत डेढ़पसार गांव निवासी 35 वर्षीय साधना तिवारी पत्नी शिवशंकर तिवारी अपने ससुराल से अयोध्या स्थित मायके में भाई को राखी बांधने गई थीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, साधना बस से अयोध्या पहुंचीं और जैसे ही सड़क किनारे पटरी पर खड़ी हुईं, सामने उनका भाई उन्हें लेने के लिए मौजूद था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने अचानक उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साधना सड़क पर गिर पड़ीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में कई लोग घायल, एक की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत ग्राम मिश्रौली बड़गांव में शनिवार को देर रात्रि दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट के दौरान कई लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडे व धारदार हथियारों से हमला किया। मिश्रौली बड़गांव निवासी कल्लू यादव तथा मातादीन यादव के परिवार में पुरानी रंजिश चली आ रही है जिसके चलते शनिवार की देर रात दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें कल्लू यादव लल्लू यादव तथा दूसरे पक्ष के अमर बहादुर मातादीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर इलाज के दौरान कल्लू यादव की मौत हो गई। बाकी अन्य लोगों को रायबरेली एम्स हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कल्लू यादव की मौत के बाद गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

### आलाकत्ल चाकू के साथ हत्यारोपी गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को जामो पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना जामो में वांछित मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त राम बहादुर पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम पूरे चितई को गिरफ्तार किया गया है। मोटरसाइकिल सं यूपी 36ए0131 के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 5अगस्त को शराब खरीदने व पीने की बात को लेकर राजेश कुमार पुत्र स्व जगमोहन से उसका विवाद हुआ था। जिसमें राजेश कुमार ने उसे मारा था, उसके बाद जब वह अपने घर जाने लगा तो राजेश कुमार ने रास्ते में फिर से उसकी मोटरसाइकिल पर ईट से मारते हुये बेइज्जती की थी। शुक्रवार की सुबह राजेश कुमार को चौराहे की तरफ पैदल जाते देखा तो बेइज्जती का बदला लेने के लिये वह घर से मछली काटने वाला चाकू ले आया, जब राजेश कुमार वापस आया तो पीछे से चाकू मार कर वहां से इसी मोटरसाइकिल से भाग गया था।

# ऑपरेशन लंगड़ाः अपराधियों का कर रहा सफाया

- एसपी और एएसपी का गठन जोड़, अपराधियों की कमर रहा तोड़
- रायबरेली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, लगातार हो रही मुठभेड़ से सहमे अपराधी





**सुशील सिंह**

रायबरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराध नीति को जीरो टॉलरेंस की नीति के रूप में जाना जाता है, जो उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को दर्शा रहा है। 2017 में सत्ता संभालने के बाद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराध, माफिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर रुख अपनाए हुए है।

### चौकी इंचार्ज का नेटवर्क व प्रभारी का साथ, बदमाशों का पर्दा फाश

रायबरेली पुलिस ने बीती 31 जुलाई को ऊंचाहार थाना इलाके में हुई बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए चोरी गए सभी सामान को बरामद कर लिया है। पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल रहे बदमाशों में से दो को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। चार बदमाश भागने में सफल रहे हैं। मुठभेड़ के दौरान एक चोर के पैर में गोली लगी है। दरअसल ऊंचाहार थाना इलाके में एक बड़ी चोरी हुई थी। पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल मिलकर इसके चोरों को तलाश कर रही थी तभी उन्हें जानकारी मिली कि चोर चोरी के माल का बंटवारा ऊँचाहार थाना इलाके के एनटीपीसी शारदा नहर के किनारे बंटवारा कर रहे हैं। पुलिस टीम ने इन बदमाशों को ललकारा तो इन लोगों ने फायर कर दिया। घायल बदमाश रोहित और एक अन्य मोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन चार अन्य भागने में सफल रहे। पुलिस ने इनके कब्ज़े से चोरी गए लाइसेंसी पिस्टल समेत तकरीबन पचास लाख कीमत के आभूषण बरामद कर लिए हैं।

**...जारी है ऑपरेशन लंगड़ाः** योगी सरकार ने अपराधियों के खिलाफ मुठभेड़ों को बढ़ावा दिया। 2017 से 2025 तक 222 से 238 अपराधी पुलिस मुठभेड़ों में लगभग मारे गए, जबकि हजारों घायल हुए और गिरफ्तार किए गए। गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत 79,984 से अधिक अपराधियों पर कार्रवाई हुई।

**ऑपरेशन कन्विक्शनः** अभियान के तहत, हत्या, डकैती, लूट, अपहरण, पॉक्सो एक्ट और बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों के 47,149 मामलों में से 19,584 का निपटारा हुआ, जिसमें 15,641 अपराधियों को सजा दिलाई गई। यह नीति प्रभावी पैरवी और तकनीकी नवाचारों जैसे ई-प्रॉसीक्यूशन पोर्टल और केस ट्रैकिंग सिस्टम पर आधारित है।

**मिशन शक्ति और अन्य अभियानः** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति फेज-5 के तहत दस का दम ऑपरेशन शुरू किए गए, जिसमें गरुड़, ईगल, मजनू, रक्षा, बचपन, खोज, शील्ड, डेस्ट्राय, नशा मुक्ति और त्रिनेत्र जैसे अभियान शामिल हैं। इनके तहत 1 लाख से अधिक अपराधियों पर कार्रवाई हुई और 11 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

### हरचंद्रपुर- मुठभेड़ में गौ तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

रायबरेली में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला हरचंदपुर थाना इलाके का है। यहां पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अंतर्जनपदीय गो तस्कर इलाके में घूम रहे हैं। पुलिस इसी जानकारी पर घेराबंदी कर रही थी तभी उसे हिलगी नहर के पास एक पिकअप वैन आती दिखाई दी। पुलिस ने पिकअप वैन को रोका तो उस पर सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें मक़सूद नाम के गो तस्कर के पैर में गोली लग गई। वहीं मक़सूद के चार अन्य साथियों वैभव मिश्रा, हरिप्रसाद मौर्य, राकेश यादव व राम भवन यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## बहनों के अपनत्व को समझते हैं मुख्यमंत्री

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल में उत्सव का माहौल है जिला जेल में निरुद्ध भाइयों की बहनें दूर दूर से चलकर राखी बाँधने आई हैं। इस मौके पर जिला जेल ने बहनों के लिए विशेष व्यवस्था कराई है। यहां पचास पचास के बैच में महिलाएं अपने भाइयों को राखी बाँधने पहुँच रही हैं। इसके लिए जेल प्रशासन ने बहनों के लिए राखी टीका और अक्षत की व्यवस्था की है। जेल प्रशासन ने इस अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से सोन पापड़ी अंदर ले जाने की इजाज़त दी है जबकि टीके की थाली के साथ मीठे के तौर पर टॉफी दी गई है। इस दौरान राखी बांधने आई बहनें काफी भावुक नज़र आई और उन्होंने कहा कि सरकार और जेल प्रशासन को इसके लिए बहुत धन्यवाद है लेकिन भगवान् न करे यह दिन किसी को देखना पड़े। राखी बाँधने आई विनीता यादव ने कहा कि किसी को भी गलत कार्य करने से पहले अपने परिवार के बारे में सोंचना चाहिए।



### शासन की गाइड लाइन को आगे बढ़ाने का प्रयास कियाः प्रभात सिंह

शासन के निर्देशानुसार सफलता पूर्वक रक्षाबंधन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि यहां आई हुई हर बहन ने राखी नहीं बांध ली तब तक यह कार्यक्रम चलता रहा इस दौरान कुछ मुस्लिम महिलाएं भी कतार में नज़र आयी जो यहां निरुद्ध अपने भाइयों को राखी बाँधने पहुंची हैं।

## आठ ब्लॉकों में शुरू हुआ फाइलेरिया मुक्ति अभियान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- सीएमओ ने दवा खाकर किया शुभारम्भ, 28 अगस्त तक चलेगा अभियान



राष्ट्रीय फ़ाइलेरिया उम्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के आठ ब्लाक में सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू हुआ। अभियान का शुभारम्भ रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) बेला भेला(राही) पर फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन कर किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जनपद को फ़ाइलेरिया मुक्त करने के लिए जरूरी है कि सभी योग्य लाभार्थी फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन करें 7 उन्होंने भी फ़ाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया है और वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चन्द्र यादव ने कहा कि यह अभियान जनपद के आठ ब्लाक ड्ड राही, खीरों, बछरावां, सलोन, जतुआटप्पा, हरचंदपुर, महाराजगंज और डीह में 28 अगस्त तक चलेगा। इन आठ ब्लाक में माइक्रोफ़ाइलेरिया रेट एक से अधिक है। इन क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता जब भी घर पर दवा खिलाने आयें तो दवा का सेवन जरूर करें क्योंकि फ़ाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है जो कि ठीक नही होती है और इसके लक्षण पांच से 15 साल बाद दिखायी देते हैं। आईडीए अभियान साल में एक बार चलाया जाता है। लगातार तीन साल तक साल में एक बार दवा खाने से फ़ाइलेरिया से बचाव संभव है। एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को फ़ाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना है। याद रखें कि फ़ाइलेरिया से बचाव की दवा आशा कार्यकर्ता के सामने ही खानी है और खाली पेट नहीं खानी है। दवा खाने के बाद जी मिचलाना, सिर दर्द, चक्कर आना जैसी समस्यायें होती हैं घबराने की जरूरत नहीं है। यह खुशी की बात है कि शरीर में माइक्रोफ़ाइलेरिया थे और इनके मरने के परिणामस्वरूप यह लक्षण दिखाई दिए। इस अवसर पर सभी ने फ़ाइलेरिया उन्मूलन की शपथ ली।

## रक्षाबंधन पर्व प्रदर्शित करता है भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रताः मनोज

- भाई-बहन के आपसी प्रेम का प्रतीक है रक्षाबंधन पर्वः प्रतिभा बालियांन
- आरएसएस ने नगर में आयोजित किया रक्षाबंधन उत्सव



**बिसवा, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

रक्षाबंधन का पवित्र पर्व सिर्फ व सिर्फ भाई - बहन तक ही नही सीमित है बल्कि यह पर्व हमें इस बात का संदेश देता है कि रिश्ता कोई भी हो उसे पवित्रता के साथ हर संभव निभाना चाहिए। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिसवा के तत्वाधान में नगर के प्रसिद्ध व प्राचीन माँ शीतला देवी मन्दिर प्रांगण में आयोजित रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में त्योहारों का अपना अलग महत्व माना गया है, क्योंकि हम लोगों को सभी त्यौहारों को परंपरा के अनुसार मनाना होता है! इसलिए हम सभी का दायित्व व कर्तव्य बनता है कि त्योहारों की महत्ता को समझते हुए उसे मनाएं तभी उसकी सच्ची सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय को द्रष्टिगत रखते हुए हिंदू समाज के लोगों को एकजुट होकर समाज में होनें वाली गतिविधियों में अपनी अपनी सहभागिता प्रस्तुत करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही समाज सेविका प्रतिभा बालियान ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा करते हुए मातृ शक्तियों को उनकी ताकत का अहसास कराया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का यह पवित्र पर्व भाई बहन के आपसी प्रेम का प्रतीक माना गया है! भाई बहन के रिश्ते से पवित्र कोई रिश्ता नही होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज, नगर संघ चालक राजेश सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही समाज सेविका प्रतिभा बालियांन ने परम पूज्यनीय भगवा ध्वज की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए रक्षा सूत्र बांधकर किया! अतिथि गण का स्वागत आर एस एस जिला प्रचारक सुरेंद्र, सह जिला प्रचारक विकल्प एवम नगर प्रचारक ओमजी ने किया! कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह चंदन रस्तोगी,सह कार्यवाह रोहित मिश्रा ने किया। समाज सेविका शिखा गुप्ता, शालिनी गुप्ता, सीमा शुक्ला, उषा गुप्ता सहित काफी संख्या में मातृ शक्तियों ने अतिथि मनोज, राजेश सिंह, जिला प्रचारक सुरेंद्र,सह जिला प्रचारक विकल्प,नगर प्रचारक ओमजी सहित सभी को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया।

## राना बेनी माधव बक्स सिंह की 221वीं के उपलक्ष्य में सप्ताहिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

- 18 अगस्त से 23 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे



**रायबरेली।** भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम1857 क्रांति के अमर नायक राना बेनी माधव बक्स सिंह की 221वीं के उपलक्ष्य में सप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली की ओर से जयंती के उपलक्ष्य में 18 अगस्त से 23 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबकि 24 अगस्त को भव्यता के साथ जयंती कार्यक्रम व राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजित को भव्यता देने के लिए समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में रायबरेली क्लब में बैठक आयोजित की गयी। समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस वर्ष कार्यक्रम बड़े भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने बीती दो अगस्त को अमर सेनानी की कर्मस्थली शंकर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए डा. मनीष सिंह, डा. बृजेश सिंह, डा. संजीव जायसवाल, डा.सीबी सिंह, राकेश राना, राकेश भदौरिया व त्रिलोकी सिंह को बधाई थी। पद्माधर सिंह व हरिहर सिंह ने बताया कि पौधारोपण का कार्यक्रम 18 अगस्त को निर्माणाधीन राना बेनी माधव सभागार परिसर में सुबह दस बजे से आयोजित होगा। पूर्व प्रचार्य डायट जेपी सिंह ने चित्रकला और डिबेट प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गोविंद खन्ना ने बताया कि 19 अगस्त को शांति में होटल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें चालीस स्कूलों के साढ़े सात सौ से अधिक बच्चे सहभाग करेंगे। वहीं डिबेट प्रतियोगिता में 21 अगस्त को रायबरेली क्लब में आयोजित होगा। जिसमें अस्सी से अधिक बच्चे प्रतिभाग करेंगे। मदन सिंह व राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर 20 अगस्त को राणा बेनी माधव प्रतिमा के पास स्थित आई एमए भवन में भवन में चल रहे ब्लड बैंक में आयोजित किया जाएगा। रवींद्र सिंह व शिवकुमार सिंह बताया कि फल वितरण जिला अस्पताल पुरुष व महिला में सुबह नौ बजे से आयोजित किया जाएगा। सभासद एसपी सिंह ने बताया कि 23 अगस्त की शाम पांच बजे से दीपदान कार्यक्रम राना चौक नेहरू नगर में आयोजित होगा। इस वर्ष वर्ष 221 दीप जलाए जाएंगे। पूर्व प्रमुख कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि चौबीस अगस्त की सुबह पुष्पांजलि कार्यक्रम सुबह नौ आयोजित होगा। महेंद्र सिंह कछवाह व पूर्व उप प्रचार्य डा. अविनाश सिंह ने बताया कि चौबीस अगस्त की शाम को जयंती का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें सम्मान समारोह के बाद राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### ये कवि करेंगे कविता पाठ

विजय रस्तोगी, राजन सिंह, लखन सिंह, प्रमेंद्र पाल गुलाटी ने बताया कि राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के जानेमाने कवि सहभाग कर रहे हैं। संजय सिंह मंत्री, अजय सिंह जहाजी ने बताया कि कवि सम्मेलन में भावना श्रीवास्तव, स्वयं श्रीवास्तव, अभिसार गीता शर्मा, विष्णु विराट, चिराग शर्मा, मनु वैशाली, मोहित शौर्य, बालमोहन पांडे, हीरामणि पांडे जैसे बड़े कवि अपनी कविता का पाठ करेंगे।

### खाना बनाते समय कच्ची दीवार गिरने से महिला की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र अमेठी के पूरबपट्टी मजरे बसायकपुर दरखा गांव में देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में खाना बना रही महिला की कच्ची दीवार गिरने से मौत हो गई। मृतका की पहचान 40 वर्षीय सूर्यकला पत्नी अजय कुमार उर्फ वनमानुष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सूर्यकला अपने घर के रसोई हिस्से में भोजन तैयार कर रही थी। इसी दौरान अचानक ऊपर से कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। देखते ही देखते महिला मलबे के नीचे दब गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। तत्काल परिजन और ग्रामीणों ने मलबा हटाकर सूर्यकला को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अमेठी कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पति को नशीला पदार्थ खिला चाकू से हमला कर काटा निज अंग

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत कचनाव गांव में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां पर पति पत्नी के बीच विवाद के चलते पत्नी ने पति को नशीला पदार्थ खिला कर उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कचनाव गांव निवासी अंसार अहमद ने दो शादियां की थी, पहली शादी सबीतुल के साथ तथा दूसरी शादी नाज़नीन बानो के साथ। पहली पत्नी सबीतुल अयोध्या जनपद की रहने वाली थी तथा दूसरी पत्नी नाज़नीन बानो थाना क्षेत्र के ही हारीमऊ की रहने वाली थी। दो शादियों के चलते घर में अक्सर विवाद हुआ करता था, शनिवार की देर रात दूसरी पत्नी नाज़नीन घर पहुंची और विवाद शुरू हो गया। रविवार की सुबह लगभग तीन बजे दूसरी पत्नी नाज़नीन ने अंसार अहमद को नशीला पदार्थ खिला कर बेहोश करने के बाद उसने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया तथा उसका निजी अंग भी काटकर भागने लगी, परिजनों ने काफी दूर तक पीछा किया लेकिन पकड़ नहीं पाए। परिजन गम्भीर रूप से घायल अंसार अहमद को जगदीशपुर ले गए जहां से डॉक्टरों ने गम्भीर हालत को देखते हुए एम्स हॉस्पिटल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने नाज़नीन को हिरासत में ले लिया है। अंसार की की पहली पत्नी से कोई संतान न होने से अंसार ने पहली पत्नी के कहने पर ही दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी नाज़नीन बानो अंसार अहमद से पहली पत्नी को तलाक देने का दबाव बना रही थी, जिसके चलते आए दिन घर में झगड़ा होता था। अंसार अहमद का कहना था कि हमने दूसरी शादी उसकी कहने पर की है इसलिए उसे तलाक़ नहीं देंगे।

## राखी पर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह की अनोखी पहल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह ने विधानसभा अमेठी के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर असहाय, गरीब, दलित एवं वंचित समाज की 100 से अधिक बहनों एवं माताओं के साथ भाई बहन के इस पवित्र रिश्ते को पर्व के रूप में मनाया।



इस दौरान शुभम सिंह ने बहनों से राखी बंधवाई और उन्हें आश्वासन दिया कि हम हर परिस्थिति में आपके साथ हैं और रहेंगे। उनका संकल्प है कि समाज की प्रत्येक व्यक्ति के मध्य पहुंचाना और उनकी भावनाओं को समझना है। शुभम सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक धागा ही नहीं बल्कि विश्वास, प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। आज हमें इन वंचित लोगों के मध्य जाकर अपनापन प्राप्त हुआ। इस रक्षाबंधन कार्यक्रम में रिंकू कुमार, पवन वर्मा, दिनेश कोरी, रवि मौर्य सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आगामी सूचना तक नहरों का संचालन अस्थायी रूप से बंद

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शारदा सहायक खंड-41 के अधिशासी अभियंता मनीष रंजन ने जनपद के सभी सम्मानित कृषकों को अवगत कराया है कि 6 अगस्त को शारदा बैराज के डाउनस्ट्रीम का डिस्चार्ज 1,60,000 क्यूसेक से अधिक हो जाने के कारण नहरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, रेगुलेशन मैनुअल के अनुसार शारदा सहायक पोषक नहर को शीर्ष से प्रातः 10 बजे से बंद कर दिया गया था। इस निर्णय के फलस्वरूप जनपद की नहरों में पानी का संचालन 10 अगस्त से पूरी तरह बंद हो गया है। आगामी नहर संचालन की तिथि एवं समय की सूचना पृथक रूप से जारी की जाएगी। सिंचाई विभाग ने किसानों से अपील की है कि सिंचाई संबंधी शिकायतें या मांगें टोल-फ्री नंबर पर दर्ज कराएं।

## विधायक ने किया संत कबीर लोक सत्ता पुस्तकालय का शिलान्यास

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खण्ड फुरसत गंज के अंतर्गत संत कबीर सद्भावना विवर्स ट्रस्ट के तत्वाधान में संत कबीर लोकसत्ता पुस्तकालय का शिलान्यास मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कुमार कोरी एवं उत्तर प्रदेश शासन पुस्तकालय समिति के सदस्य के कर कमलो द्वारा एवं अनूप कोरी उपनिदेशक क्षेत्रीय प्रशिक्षण ग्राम विकास संस्थान रायबरेली के उपस्थिति में संपन्न हुआ। अशोक कुमार कोरी ने पुस्तकालय की स्थापना पर आर्थिक सहयोग के साथ पुस्तकों का अधिक से अधिक सहयोग देने को कहा। समाज में सभी वर्गो को जोड़कर पुस्तकालय का भव्य निर्माण कराकर कमजोर बच्चों को साहित्यिक एवं आर्थिक सहयोग करके शिक्षा पर बल देने को कहा जिससे समाज एवं देश का विकास हो सके। आए हुए सभी अतिथियों से कहा कि हम सब लोग संत कबीर साहब के उपदेशों पर चलकर समाज के साथ अपना भला कर सकेंगे। इस अवसर पर एडवोकेट नीलम कोरी भाजपा जिला मंत्री अमेठी, अनूप कोरी, बसपा जिला अध्यक्ष अमेठी एडवोकेट सुरेश कमल, हरकेश कोरी, प्रधान सतनाम कोरी, डॉक्टर शिव बहादुर कोरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, अमर सिंह, एडवोकेट विनोद कोरी, डॉ महेंद्र भारती, मोनू कोरी, शिवम गौतम , सुशील कोरी, विनय कोरी, आदि लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## आपदा की वजह

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद स्थित धराली में आई आपदा ने देश-दुनिया को गहरे तक आहत किया है। मलबे और बाढ़ के पानी के सैलाब ने जिस तरह घरों, होटलों व बगीचों तथा खेत-खलिहानों को तबाह किया, उसने आम लोगों को भयभीत किया। पहाड़ की भौगोजिटिलताओं व बचाव के संसाधन पहुंचाने में देरी से राहत कार्य बाधित हुआ है। निस्संदेह, हादसे से जुड़ा पहलू यह भी है कि तंत्र की अनदेखी व खीरगंगा के विस्तार क्षेत्र की आशंकाओं को नजरअंदाज करके जो निर्माण किया गया, वह सैलाब की जद में आया। सवाल यह है कि वे कौन से कारण थे कि बेहद तीव्र वेग से आये सैलाब ने लोगों को भागने तक का मौका नहीं दिया। हालांकि, मरने वालों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आयी है, लेकिन सैलाब की भयावहता को देखकर अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि जनधन की बड़ी हानि हुई होगी। असली सवाल यह है कि ये आपदा कैसे आयी। आजकल ऐसे हादसों की साधारण व्याख्या होती है कि हादसा बादल फटने से हुआ। लेकिन धराली में आपदा की वजह बादल फटना मानने को वैज्ञानिक तैयार नहीं हैं। वैज्ञानिक इस वजह से बादल फटने के तर्क को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार 4-5 अगस्त को उस क्षेत्र में महज आठ से दस मिमी बारिश ही हुई थी। वैज्ञानिक मानक के अनुसार बादल फटने की घटना तब होती है जब उस इलाके में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई हो। दरअसल, धराली गांव के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है। दोनों तरफऊंचे व तीव्र ढलान वाले पहाड़ हैं। जिस खीरगंगा में फ्लैश फ्लड आया है, वो उन्हीं घने जंगलों से होकर गुजरती है। वैज्ञानिक एक तर्क पर विचार कर रहे हैं कि कहीं घने जंगलों वाले इलाके में भूस्खलन की वजह से पानी का प्रवाह रुक गया होगा, जिसके बाद अस्थाई झील टूटने से आपदा आई होगी। दरअसल, इस जल प्रलय की जद में आने वाला क्षेत्र फ्लड प्लेन इलाके में बसा है। उसके ऊपर के इलाके में बर्फीले पर्वत बताए जाते हैं। यह हकीकत है कि धराली और उसके आस-पास बेहद संकरी घाटी और ऊंचे पहाड़ हैं। वैज्ञानिकों का तर्क है कि बादल फटने के बाद आने वाला जल प्रवाह इतना तेज नहीं होता। पहले इसकी गति धीमी होती है, कालांतर में गति तेज हो जाती है। इसी वजह से वैज्ञानिक तूफानी गति से पानी-मलबा आने की वजह अस्थायी झील का टूटना बता रहे हैं। भूस्खलन या ग्लेशियर टूटने से झील का पानी सैलाब में बदल गया। इस आशंका को मानने की एक वजह यह भी है कि आपदा वाले दिन जो पानी नीचे आया वह काले रंग का था। साथ मलबा स्लेटी रंग का था। तर्क है कि ऐसा काला पानी व स्लेटी रंग का मलबा पहले से जमा हुए स्थान के टूटने के बाद ही आता है। ऐसी ही स्थिति वर्ष 2021 में चमोली जनपद के ऋषिगंगा हादसे के दौरान एक अस्थायी झील टूटने के बाद जमा मलबे के बहकर आने के वक्त देखी गई थी। दरअसल, वैज्ञानिक पहले भी आशंका जताते रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पिघली बर्फके पानी से बनी झीलें कालांतर भूस्खलन या बादल फटने के बाद टूट जाती हैं और सैलाब तेज ढलान पर उतरकर तबाही लाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 की केदार घाटी में आई आपदा भी चोराबारी झील के टूटने से निकले सैलाब की वजह से हुई थी। दूसरी विडंबना यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते तापमान की वजह से ऊंचे पहाड़ों में बारिश की प्रकृति में कुछ वर्षों से बदलाव आया है।

# पहाड़ों पर विकास या विनाश

**प्रेम शर्मा**

पहाड़ों पर जिस तरह से बिना सोचे समझे प्राकृति से खिड़वाड़ किया जा रहा है उसका साक्षात प्रमाण धराली है। लगातार विकास के नाम पर जिस तरह से अनदेखी कर इस देवभूमि को विनाश की तरफ धकेला जा रहा है। वह इस बॉत का संकेत है कि अपनी क्षणिक सुख की प्राप्ति और धनप्राप्ति के लिए हम अपने ही विनाश की तैयारी कर रहे है। देव भूमि में अब दर्शन और साधना की जगह मौजमस्ती का महौल बनता जा रहा है।गत 5 अगस्त 25 को उत्तरकाशी के जिस धराली गांव में बादल फटने और फिर तीव्र वेग के जल-प्रलय की आपदा आई थी। ऐसी आपदाएं 1864, 2013 और 2014 में भी आ चुकी हैं।

अब सवाल यह कि आखिर पहाड़ इतने खौफनाक और खतरनाक क्यों होते जा रहे हैं ? क्या पहाड़ में आवास दूभर हो गया है ? लगातार भू-स्खलन और बाढ़ की घटनाएं क्यों बढ़ती जा रही हैं ? क्या हिमालय पर्वत के हिस्से भी दरकने और बड़े-बड़े पत्थरों के रूप में गिरने लगे हैं ? इन घटनाओं और आपदाओं में बारिश और बादल फटने की घटनाएं 'कुदरत का कहर' मानी जा सकती हैं। इसके अलावा घर, दुकान, मंदिर, इमारतें, होटल आदि का जमींदोज होना, नतीजतन मौत के आंकड़े बढ़ते रहने की आपदाएं 'मानव-निर्मित' हैं। यह हमारा नहीं, मौसम और भूगर्भ वैज्ञानिकों का विश्लेषण है। विकास के नाम पर पहाड़ खोदे जा रहे हैं। पहाड़ों को चीरकर सुरंगें बनाई जा रही हैं। रेल की पटरी बिछाई जा रही है। यही नही नदी-नालों के किनारे अथवा उन्हीं के भीतर होटल, रिजॉर्ट की बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। उत्तराखंड में ही जिस 50,000 वर्ग हेक्टेयर जंगल नष्ट कर वहां पक्की इमारतें बना दी गई हैं। उत्तरकाशी के प्रलय में धराली में आई आपदा ने देश-दुनिया को गहरे तक आहत किया है। मलबे और बाढ़ के पानी के सैलाब ने जिस तरह घरों, होटलों व बगीचों तथा खेत-खलिहानों को तबाह किया, उसने आम लोगों को भयभीत किया। पहाड़ की भौगोलिक जटिलताओं व बचाव के संसाधन पहुंचाने में देरी से राहत कार्य बाधित हुआ है।

निस्संदेह, हादसे से जुड़ा पहलू यह भी है कि तंत्र की अनदेखी व खीरगंगा के विस्तार क्षेत्र की आशंकाओं को नजरअंदाज करके जो निर्माण किया गया, वह सैलाब की जद में आया। ऐसे में फिर सवाल यह है कि वे कौन से कारण थे कि बेहद तीव्र वेग से आये सैलाब ने लोगों को भागने तक का मौका नहीं दिया। हालांकि, मरने वालों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आयी है, लेकिन सैलाब की भयावहता को देखकर अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि जनधन की बड़ी हानि हुई होगी। अब असली सवाल यह है कि ये आपदा कैसे आयी। आजकल ऐसे हादसों की साधारण व्याख्या होती है कि हादसा बादल फटने से हुआ। लेकिन धराली में आपदा की वजह बादल फटना मानने को वैज्ञानिक तैयार नहीं हैं। वैज्ञानिक इस वजह से बादल फटने के तर्क को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार 4-5 अगस्त को उस क्षेत्र में महज आठ से दस मिमी बारिश ही हुई थी। वैज्ञानिक मानक के अनुसार बादल फटने की घटना तब होती है जब उस इलाके में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई हो।



**निस्संदेह, हादसे से जुड़ा पहलू यह भी है कि तंत्र की अनदेखी व खीरगंगा के विस्तार क्षेत्र की आशंकाओं को नजरअंदाज करके जो निर्माण किया गया, वह सैलाब की जद में आया। ऐसे में फिर सवाल यह है कि वे कौन से कारण थे कि बेहद तीव्र वेग से आये सैलाब ने लोगों को भागने तक का मौका नहीं दिया। हालांकि, मरने वालों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आयी है, लेकिन सैलाब की भयावहता को देखकर अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि जनधन की बड़ी हानि हुई होगी। अब असली सवाल यह है कि ये आपदा कैसे आयी। आजकल ऐसे हादसों की साधारण व्याख्या होती है कि हादसा बादल फटने से हुआ। लेकिन धराली में आपदा की वजह बादल फटना मानने को वैज्ञानिक तैयार नहीं हैं। वैज्ञानिक इस वजह से बादल फटने के तर्क को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार 4-5 अगस्त को उस क्षेत्र में महज आठ से दस मिमी बारिश ही हुई थी।**

दरअसल, धराली गांव के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है। दोनों तरफ ऊंचे व तीव्र ढलान वाले पहाड़ हैं। जिस खीरगंगा में फ्लैश फ्लड आया है, वो उन्हीं घने जंगलों से होकर गुजरती है। वैज्ञानिक एक तर्क पर विचार कर रहे हैं कि कहीं घने जंगलों वाले इलाके में भूस्खलन की वजह से पानी का प्रवाह रुक गया होगा, जिसके बाद अस्थाई झील टूटने से आपदा आई होगी। वैज्ञानिकों के इन तथ्यों को नकारा नही जा सकता।

दरअसल, इस जल प्रलय की जद में आने वाला क्षेत्र फ्लड प्लेन इलाके में बसा है। उसके ऊपर के इलाके में बर्फीले पर्वत बताए जाते हैं। यह हकीकत है कि धराली और उसके आस-पास बेहद संकरी घाटी और ऊंचे पहाड़ हैं। वैज्ञानिकों का तर्क है कि बादल फटने के बाद आने वाला जल प्रवाह इतना तेज नहीं होता। पहले इसकी गति धीमी होती है, कालांतर में गति तेज हो जाती है। इसी वजह से वैज्ञानिक तूफानी गति से पानी-मलबा आने की वजह अस्थायी झील का टूटना बता रहे हैं। भूस्खलन या ग्लेशियर टूटने से झील का पानी सैलाब में बदल गया। इस आशंका को मानने की एक वजह यह भी है कि आपदा वाले दिन जो पानी नीचे आया वह काले रंग और मलबा स्लेटी रंग का था। तर्क है कि ऐसा काला पानी व स्लेटी रंग का मलबा पहले से जमा हुए स्थान के टूटने के बाद ही आता है। ऐसी ही स्थिति वर्ष 2021 में चमोली जनपद के ऋषिगंगा हादसे के दौरान एक अस्थायी झील टूटने के बाद जमा मलबे के बहकर आने के वक्त देखी गई थी। दरअसल, वैज्ञानिक पहले भी आशंका जताते रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पिघली बर्फके पानी से बनी झीलें कालांतर भूस्खलन या बादल फटने के बाद टूट जाती हैं और सैलाब तेज ढलान पर उतरकर तबाही लाता है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 की केदार घाटी में आई आपदा भी चोराबारी झील के टूटने से निकले सैलाब की वजह से हुई थी। दूसरी विडंबना यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते तापमान की वजह से ऊंचे पहाड़ों में बारिश की प्रकृति में कुछ वर्षों से बदलाव आया है। सामान्यतरू तीन चार हजार मीटर की ऊंचाई पर पहले बर्फबारी होती थी, बारिश नहीं। लेकिन अब लगातार होती बारिश से ग्लेशियर टूट रहे हैं। जो कालांतर अस्थायी झील पर गिरते हैं तो झील का पानी पहाड़ों के तीव्र ढलान पर तेजी से बहता है। जब उसके साथ मलबा, पत्थर व मिट्टी मिल जाती है तो उसकी धार मारक हो जाती है।

## विचार

# नशे के खिलाफ मजबूत सामाजिक व राष्ट्रीय मुहिम की जरूरत

**(मेजर) डॉ. मीनू मेहरोत्रा**



नशे के विरुद्ध एक सामाजिक युद्ध जरुरी है। यह नशा रुपी कलंक पूरे समाज और राष्ट्र के लिए खतरा बना हुआ है। नशे का यह विनाशक तत्व किस तरह से हमारी सामाजिक जड़ों तक पहुंच रहा है, उसकी कुछ बानगी देखिये- हाल ही में एक पिता नशे की हालत में अपने आठ साल के बच्चें की छाती पर बैठ गया और इतना टार्चर किया कि बच्चे का दम निकल गया। मेरठ में मुस्कान ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की बर्बरता से हत्या कर दी, पता चला कि दोनों ने हत्याकांड को अंजाम देने से पहले नशे का सेवन किया था। उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में भाई ने दूसरे भाई को आटा चुराने के कारण जान से मार दिया, हत्यारा भाई शराब के नशे का आदी था।? अमरोहा में शराब के नशे में एक युवक ने पत्थर से मार-मार कर छोटे भाई की जान ले ली।

देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसी घटनाएं रोज घटित हो रही है। तब अहसास होता है कि आजादी के 77 वर्ष पूरे होने की बाद आज जिस विकसित राष्ट्र की संकल्पना को लेकर इस देश का युवा जिसको देश के स्वर्णिम कल का वह प्रहरी माना जा रहा है जिसके बूते भारत विश्व गुरु बनने का सपना पूरा करेगा और यह सच भी है कि विश्व गुरु बनाने में युवाओं का ही विशेष महत्व और भूमिका है। किंतु आज देश का युवा नशे की गिरफ्त में चला जा रहा है और समाज इसकी चिंता करने के बजाय लगातार इसकी अनदेखी कर रहा है। एक समय था कि जब पड़ोसी को भी यह चिंता रहती थी कि हमारे पड़ोसी का बालक किसी गलत संगत में ना पड़ जाए किंतु जबसे मानवीय व्यवहार में परिवर्तन आया और लोग केवल हम और हमारे दो की भावना और स्वार्थ में डूब गए। तब से ऐसा ग्राफ गिरा है कि आज पूरा समाज ऐसी अवधारणा का शिकार है जहां केवल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ और अति अवसरवादी सोच से पीड़ित है जो कि पूरे राष्ट्र को बीमारू बना देगी। आज यदि आंकड़ों के दृष्टिकोण से बात की जाए तो अलग-अलग प्रदेशों में नशे की चंगुल में उत्तर प्रदेश में 5.60 करोड़, महाराष्ट्र में 2.06 करोड़, बंगाल में 1.44 करोड़, पंजाब में 1.40 करोड़, मध्य प्रदेश में 1.32 करोड़, तमिलनाडु में 98 लाख, हरियाणा में 91 लाख, छत्तीसगढ़ में 97.20 लाख, उड़ीसा में 86 लाख, आंध्र प्रदेश में भी 86 लाख युवा किसी न किसी प्रकार के नशे के चंगुल में फंस कर जीवन बर्बाद कर चुके हैं। सवाल यह है कि यह इस स्तर तक कैसे पनप रहा है। नशा न केवल स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या वरन एक ऐसी राष्ट्रीय समस्या है जिसका निवारण करने हेतु हर उस व्यक्ति को आगे आना होगा। जो स्वयं को इस देश का नागरिक समझता है उसको अपनी प्राथमिकता में इसका निवारक सदस्य बनना होगा।

**हजारों लोग नशे की लत के कारण, न मिल पाने की स्थिति में आत्महत्या से लेकर परिजनों की हत्या तक कर चुके है। नशे के पैसे ना मिलने पर आत्महत्या जैसे मामलों की बड़ी संख्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2021 में 75000 से अधिक मामले दर्ज किये। हर साल 9000 लोग नशे के कारण आत्महत्या करते हैं। पंजाब, हरियाणा जैसे राज्य में हर वर्ष 15 प्रतिशत वृद्धि हो रही है समस्या की गंभीरता को देखते हुए देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका संज्ञान लेते हुए हर स्तर की बैठक लेते हुए इसकी उपलब्धता को समाप्त करने के लिए देश के अंदर और बाहरी सीमाओं की नाकेबंदी और कठोर नियम बनाने के कड़े निर्देश दिए हैं।**

हजारों लोग नशे की लत के कारण, न मिल पाने की स्थिति में आत्महत्या से लेकर परिजनों की हत्या तक कर चुके है। नशे के पैसे ना मिलने पर आत्महत्या जैसे मामलों की बड़ी संख्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2021 में 75000 से अधिक मामले दर्ज किये। हर साल 9000 लोग नशे के कारण आत्महत्या करते हैं। पंजाब, हरियाणा जैसे राज्य में हर वर्ष 15 प्रतिशत वृद्धि हो रही है समस्या की गंभीरता को देखते हुए देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका संज्ञान लेते हुए हर स्तर की बैठक लेते हुए इसकी उपलब्धता को समाप्त करने के लिए देश के अंदर और बाहरी सीमाओं की नाकेबंदी और कठोर नियम बनाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

नशा केवल एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं यह पूरे समाज और राष्ट्र के लिए खतरा है। नशे की समस्या से निपटने के लिए केवल कानून लागू करना है पर्याप्त नहीं है इसे रोकने के लिए एक ऐसे जागरूकता अभियान की, पारिवारिक सहयोग, युवाओं से संवाद, स्कूल एवं कॉलेज में अध्यापकों को प्रहरी की भूमिका निभाते हुए आगे आना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि आज देश के अंदर ही नहीं देश की बाहरी ताकतें हमारे इस युवा राष्ट्र को उसकी ऊर्जा को खत्म करने का ऐसा षड्यंत्र रच रही है जिससे राष्ट्रीय जो कि वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसे रोकने की कोशिश कर रही हैं। नशे के खिलाफ मुहिम को एक युद्ध की भांति लेना होगा और एकजुट होकर समाज के हर व्यक्ति को जागरूक होकर रोकना होगा तभी इस युद्ध में हम विजय प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक सरोकार से ही नशा मुक्त समाज की परिकल्पना पूरी करके राष्ट्र की युवा शक्ति को देश के विकास एवं आविष्कारों के माध्यम से उत्कृष्ट स्थान तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा तभी इस युद्ध पर विजय प्राप्त करके विश्व गुरु का स्वप्न साकार हो पाएगा।

## नाज-ए-हिंद में नजारों का कारवां

हर घुमक्कड़ी मन कश्मीर की हसीन वादियों में घूमने को बेकरार रहता है। कश्मीर की जमीं पर कदम धरते ही हर मन चहचहा जो उठता है। हिंदुस्तान के नक्शे को पहली नजर से देखकर ही बखूबी अंदाजा लग जाता है कि कश्मीर वाकई नाज-ए-हिंद है। चिनार के दरख्त, सफेद बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियां, कल-कल बहते झरने-नहरें और दिलखुश वादियां मिलकर कश्मीर को यूरोप के एल्पस शिखरों पर बसे स्विट्जरलैंड से बढ़ कर खूबसूरत बना देते हैं।

गुलाब, ट्यूलिप और तमाम खिले फूल, सफेद शिखर और उमड़ते बादल, झर-झर बहती ठंडी-ठंडी हवाएं, दूर-दूर तक फैले बगीचों ही मखमली घास पर पैदल गुजरना और पैरों के नीचे चिनार के पत्तों के मुड़ने-तुड़ने की आवाज तन-मन को मदमस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ती। जम्मू व कश्मीर की ग्रीष्म राजधानी श्रीनगर झेलम नदी के आसपास बसी है। और दो झीलें हैंकृडल और निगीन लेक। डल लेक तो दिल है। झील का तीस किलोमीटर का घेरा और तैरते अंदाजन पांच हजार शिकारे घूमने आने के न्योता देते हैं। शिकारा अलग रंग- ढंग की किश्तियां ही हैं। शिकारा के चटक रंग और रंग-बिरंगी गद्देदार सीटें इस कध्दर आकर्षित करती हैं कि बोटिंग न करने वाले भी इनकी सवारी करने को बरबस खिंचे जाते हैं। झर-झर बहती ठंडी हवाओं के बीच मुलायम गद्दों और बूटीदार लिहाफें से सजे शिकारा पर लेट कर, बोटिंग करना ताउम्र यादगार अनुभव बन जाता है। झील की एक तरफ तैरती करीब सवा हजार हाउस बोटों की पूरी बस्ती है। रात ठहरने के लिए बेहद आरामदायक और हर सहूलियत से लेस आलीशान सस्ते-महंगे हर बजट के कमरे हैं। शिकारा में बैठकर ही हाउस बोट तक आते-जाते हैं। शिकारा में लेक का एक चक्कर तकरीबन एक घंटे में पूरा होता है। लेक के बीचोंबीच चिनार के चार दरख्तों के साए तले टापू है, और है नेहरू पार्क। झील पर अपनी तरह का निराला तैरता डाक घर भी है। झील पर तैरती फल, फूल और सब्जियों की मंडियां भी हैं। तैरता मीना बाजार भी है। इस बाजार में, शिकारा पर बैठे-बैठे पश्मीना शॉल, कश्मीरी सूट, नग-नगीने, केसर-शिलाजीत, मेवे वगैरह की कतारबद्ध दुकानों से खरीदारी करना अनूठा अनुभव है।

इनके अलावा शिकारे में घूमते-घुमाते भी खरीदारी कर सकते हैं- तैरती दुकानों से। कोयले पर भुनते गर्म भुट्टे, कॉफी- कावा, फ्रूट चाट या कबाब खाने को जी करे, तो सैलानी के शिकारा से सट कर कबाबध्भुट्टे वाले का शिकारा भी लग जाता है। बोटिंग करते-करते गर्मागर्म स्नैक्स खाने और पेय पीने का अपना लुत्फ है। झील के आखिरी छोर पर तैरते खेतों में भिंडी, फूल गोभी, बैंगन वगैरह किस्म-किस्म की सब्जियां उगाई जाती हैं। यही नहीं, श्रीनगर में एक और झील भी है, नाम है- निगीन लेक। जो डल झील के मुकधबले बहुत छोटी है। श्रीनगर के लाल चौक की शान किसी पुराने शहर की धड़कन और रौनकी इलाके जैसी ही है। पैदल दूरी पर रेजिडेंसी रोड और पोलो व्यू मार्केट भी हैं। दशकों से जारी खाने-पीने के कई शाकाहारी और मांसाहारी ठिकाने हैं। कश्मीरी मर्द फेरन और औरतें कफ्तान पहनती हैं। ठिठुरती सर्दियों में खुद को गर्म रखने के लिए कांगर (सिकड़ी) का इस्तेमाल गर्मियों की रातों को भी किया जाता है। और प्राचीन श्री शंकराचार्य मन्दिर, हरी पर्वत किला, शाह हमदान मस्जिद, हजरतबल दरगाह, परी महल, बखध्शी स्टेडियम सहित सब कुछ देखने लायक है। जम्मू-कश्मीर पुलिस का हैडक्वार्टर 1873 से श्रीनगर में है। परी महल की ऊंचाई से समूचे श्रीनगर का लुभावना नजारा देख सकते हैं। एक और आकर्षण है चश्म-ए-शाही। बागों के बीच कुदरती शफाओं से लबालब बहता पानी कमाल का है। हाजमेदार है- भरपेट भोजन के बाद पानी पीएं, तो फौरन और खाने को जी कर उठेगा। मानना है कि पानी पीने से कुछेक बीमारियां सही हो जाती हैं। श्रीनगर से सैर शुरू करके सैलानी कश्मीर घाटी के पहलगाम, गुलमर्ग और सोनमर्ग जरूर जाते हैं, या जाना चाहते हैं। श्रीनगर से वाया अनंतनाग करीब ढाई घंटे के सड़क सफर से पहलगाम पहुंचते हैं।



# राशिफल

**मेष:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**बृषभ:-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुन:-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

**कर्क:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें।

**सिंह:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

कन्या:- कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुला:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनु:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें।

**मकर:-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ:-** महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीन:-** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है।

# गौरव-गाथा : 'अग्निकन्या' पार्वती गिरि ने जब ब्रिटिश कोर्ट पर किया कब्जा

**प्रो. सुजीत सेठ**

सन 1942 की बात है। सम्लेईपदर गाँव की एक 14 वर्षीय लड़की अपने जिद्दी स्वभाव के कारण बाएरी (बाऊरी) के नाम से जानी जाती थी। सम्लेईपदर तत्कालीन संबलपुर और अधुना बरगढ़ जिले में बीजेपुर के पास एक गांव था। अपनी मातृभूमि को आज़ाद देखने के लिए किशोरी बाएरी का मन तड़प रहा था। उस समय महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन का नारा उनके कानों तक पहुँच गया। मन में अदम्य साहस और हृदय में भारत को स्वतंत्र देखने की इच्छा लिए वह गांव के पास स्थित कस्बे बरगढ़ चली गई।

पश्चिम ओड़िशा के बरगढ़ में एक तरफ जीरा नदी बारिश के पानी से उफान पर थी। उसकी परवाह किए बिना ही वह उफनती जीरा नदी को पार करते हुए बरगढ़ शहर के एसडीओ कार्यालय में पहुंची। ब्रिटिश शासन काल में एसडीओ के कार्यालय में हर समय नौकरी पाने वालों की भीड़ लगी रहती थी। भीड़ को चीरते हुए वह एसडीओ बी मुखर्जी के सरकारी कार्यालय में पहुंची। %बाएरी% ने एसडीओ की सरकारी कुर्सी पर कब्जा करके सरकारी कार्यालय से बेदखल कर दिया। अपना परिचय देते हुए कहा, मैं महात्मा गांधी की सैनिक हूँ। उसके बाद बाएरी ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को एसडीओ को बांधकर लाने का निर्देश दिया। उस दिन पार्वती गिरि की बाएरी की विशिष्ट पहचान 'अग्निकन्या' के रूप में बनी।

**पार्वती गिरि का जन्म 19 जनवरी, 1926 को धनंजय गिरि के घर सम्लेईपदर गांव में हुआ था। गिरि ने चौदह वर्ष की आयु से ही स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेना शुरू कर दिया था। उतनी कम उम्र में स्वतंत्रता संग्राम और रचनात्मक कार्यों का प्रशिक्षण लेने हेतु पुण्यपीठ वरी आश्रम में योगदान देने लगी। वरी आश्रम से संबलपुर जेल। वहां से रिहा होने के बाद पार्वती गिरि महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित आश्रम सेवाग्राम पहुंचीं। पार्वतीगिरि को उनके दृढ़ संकल्प, त्याग, कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम और सेवाभाव के कारण सभी प्यार करते थे।**

पार्वती गिरि का जन्म 19 जनवरी, 1926 को धनंजय गिरि के घर सम्लेईपदर गांव में हुआ था। गिरि ने चौदह वर्ष की आयु से ही स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेना शुरू कर दिया था। उतनी कम उम्र में स्वतंत्रता संग्राम और रचनात्मक कार्यों का प्रशिक्षण लेने हेतु पुण्यपीठ वरी आश्रम में योगदान देने लगी। वरी आश्रम से संबलपुर जेल। वहां से रिहा होने के बाद पार्वती गिरि महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित आश्रम सेवाग्राम पहुंचीं। पार्वतीगिरि को उनके दृढ़ संकल्प, त्याग, कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम और सेवाभाव के कारण सभी प्यार करते थे। उन्होंने सेवाग्राम में सेवा और रचनात्मक कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सन 1949 में डॉ. हरेकृष्ण महताब से प्रेरणा पाकर उच्च शिक्षा हेतु प्रयाग महिला विद्यापीठ में भर्ती हुई। वहाँ उन्हें हिन्दी साहित्य की अनुपम कवयित्री महादेवी वर्मा का सान्निध्य लाभ हुआ। पार्वतीगिरि के सेवाभाव, अथक और दृढ़ परिश्रम और असीम साहस ने कवि महादेवी वर्मा को बहुत प्रभावित किया। कालांतर में देश की आजादी के बाद पार्वतीगिरि ने गोपबंधु चौधरी और रमादेवी की सलाह पर असहायों की मदद और सेवा को अपने जीवन में व्रत के रूप में स्वीकार कर लिया। सम्लेईपदर से आरंभ कर पार्वतीगिरि ने ओडिशा और महाराष्ट्र के कई हिस्सों का दौरा किया। उन्होंने गरीबी के कहर को बहुत करीब से देखा। गरीबी से त्रस्त छोटे बच्चों, असहाय महिलाओं के दयनीय जीवन से वह परिचित हुई।

ममतामयी पार्वतीगिरि का दिल अनाथ नन्हें बच्चों, असहाय महिलाओं की आंखों में आंसू देखकर कराह उठता था। उनकी सहायता के लिए उन्होंने आश्रम की स्थापना करने का निर्णय लिया। श्री नृसिंहनाथ के निकट अपने हाथों से जंगली झाड़ी साफ कर पाइकमाल में कस्तूरबा गांधी मातृ निकेतन की स्थापना कर अनाथ बच्चों और असहाय महिलाओं के लिए आशा और विश्वास की प्रतीक बनीं। सम्लेईपदर की बाएरी अपने अंतर्मन की चेतना की प्रेरणा से रूपांतरित हो गई करुणामयी बड़ी माँ के रूप में। महात्मा गांधी की बहादुर सैनिक पार्वती गिरि देखभाल करने वाली माँ के रूप में असहाय महिलाओं और बच्चों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने लगी। इससे पहले 1954-55 की एक घटना पार्वतीगिरि की निस्वार्थ सेवा और बलिदान की ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत करती है। उस समय पार्वतीगिरि बारपाली परियोजनाओं में सेवाएं प्रदान कर रही थीं। एक मेघाच्छादित शाम में पार्वतीगिरि को खबर मिली कि एक मफसली गाँव में एक महिला को प्रसव के लिए मदद और दवा की ज़रूरत है। आसमान में गहने काले बादलों की घड़घड़ाहट के साथ बहुत जोर बिजली चमक रही थी। जल्द से जल्द मदद पहुंचाने की जरूरत थी। जंगल के रास्ते से तेज बारिश के भीतर वह मफसली बंदपाली गांव पहुंच गई। छोटी-सी झोंपड़ी के अंदर रस्सी वाले खाट पर प्रसूता महिला बिस्तर पर लेटी थी। चेहरे पर पसीना और विवशता के भाव थे। पास में एक ढिबरी जल रही थी। जिसकी मंद रोशनी में पार्वती गिरि ने कुटिया में चारों तरफ देखा। घर में बच्चे के प्रसव के लिए आवश्यक चीजें तो दूर की बात कपड़े का एक टुकड़ा भी नजर नहीं आया। पार्वती गिरि ने तुरंत अपनी पतली बुनी हुई खादी साड़ी को दो टुकड़ों में फाड़ दिया। फाड़ी हुई साड़ी से प्रसव करवाया और फिर पार्वती ने नव जननी के नवजात बच्चे को उसमें लपेटकर अपने बसेरे में लौट आयीं। निस्वार्थ भाव से परोपकार का व्रत धारण करने वाली पार्वती गिरि के प्रति नवजननी की आंखों से कृतज्ञतावश आंसू छलक पड़े।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सपाइयों ने कार्यालय में मनाई फूलन देवी की जयंती



**हमीरपुर।** सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती पर उनके चित्र पर फूल माला अर्पित करके उनके संघर्षों को याद किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बुंदेलखंड के सरजमी में पैदा हुई इस वीरांगना ने अत्याचार के विरुद्ध बचपन से संघर्ष करते हुए। लोकसभा तक सफर तय किया इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता शुभकरण सिंह परिहार, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राम प्रकाश प्रजापति, चंद्रवती वर्मा, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव, गोकुल राजपूत, हरनारायन निषाद, राघवेंद्र यादव, रणबहादुर, मुलायम सिंह लोधी, मुहम्मद सलीम, जगमोहन, परशुराम प्रजापति, मुहम्मद जुनैद, अभय प्रताप सिंह, रामखिलावन प्रजापति, विकास यादव आदि सपाई मौजूद रहे।

### कैंसर पीड़ित महिला की इलाज के दौरान मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र की एक कैंसर पीड़ित महिला की मौत इलाज के दौरान सरकारी अस्पताल में हो गई। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम भैंसमरी निवासी इमरती देवी 55 वर्ष पत्नी सोहनलाल कैंसर की बीमारी से पीड़ित थी जिसका इलाज भी चल रहा था। अचानक शनिवार की रात उसकी हालत बिगड़ने पर उसके परिजन उसे सरकारी अस्पताल मौदहा लेकर पहुंचे जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया लेकिन सदर अस्पताल जाने के पहले ही महिला की अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना से अस्पताल में मौजूद उसके परिजनों में रोना पीटना मच गया बाद में उसके परिजनों ने उसका शव गांव ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### रक्षाबंधन मना कर वापस लौट रही महिला सड़क दुर्घटना में घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** रक्षाबंधन त्यौहार के बाद वापस घर लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में घायल हो गई जिसे लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम राखी बांधकर वापस अपने घर जा रही महिला सुमन 45 वर्ष पत्नी बिदां प्रसाद टिहर गांव निवासी बिगहना के पास सड़क दुर्घटना में बाइक से गिरकर घायल हो गई जिसे लहू लुहान हालत में भैयालाल ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### ग्रामीणों ने अन्ना गोवंस को संरक्षित कराए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के भैंसापाली गांव में अन्ना पशु आश्रय स्थल में कीचड़ व जलभराव होने के कारण संरक्षित पशुओं का हाल खराब हो रहा है। जिससे गौवंश बेहाल है क्षेत्र के भैंसापाली गांव में स्थित अन्न पशु आश्रय स्थल में कीचड़ युक्त जलभराव होने से गोशाला में संरक्षित पशुओं को हाल खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया की टीन शेड के नीचे भी साफ सफाई न होने के कारण कीचड़ ही बना रहता है। क्षेत्र के चकोठी, कुतुबपुर गांव की गौशाला का हाल भी खराब हो रहा है।गांवों में बनी अन्ना गौशाला में अभी भी पशुओं को संरक्षित नहीं किया गया है गांव में अभी भी गौशाला के पशु स्वच्छंद विचरण कर रहे है। लेकिन पशुओं के लिए चारा भूसा धनराशि अनवरत निकल रही है। क्षेत्र के गौशाला के हाल बेहाल है। ग्रामीणों ने अन्ना गौ बंश को संरक्षित कराए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की है।

### पंधरी गांव के तीन घरों व एक दुकान से नकदी व जेवरात चोरी



**भरुआ, सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के पंधरी गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने तीन घरों में एक दुकान को निशाना बनाया। तीन घरों से करीब एक 112000 नकद व चार लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। वहीं दुकान से एक हजार रुपये चोरी हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस मौका मुआयना कर जांच कर कार्यवाही कर रही है थानाक्षेत्र के पंधरी गांव निवासी उदय प्रसाद ने बताया कि बीती रात करीब 1:00 से 3:00 बजे के बीच चोरों ने घर में घुसकर 60 हजार रुपये की नकदी व दो लाख के जेवरात पार कर दिए है। इसी तरह चंद्र कुमार ने बताया कि चोरों ने उसके घर पर धावा बोलकर 50 हजार की नकदी व दो लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। स्वामी प्रसाद ने बताया कि उसके घर से दो हजार रुपये चोरी हुए हैं। वहीं योगेश दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान से चोरों ने एक हजार रुपये चोरी कर ले गए हैं। एक ही रात में तीन घरों व एक दुकान पर चोरी होने से गांव में सनसनी फैल गई है। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी के खुलासा करने की मांग की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीरें मिली हैं। मामले की जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

### राज्यमंत्री की अगुवाई में निकाली गई तिरंगा बाइक रैली



**बांदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान की जागरूकता के लिए विधानसभा तिंदवारी क्षेत्र के जसपुरा ब्लाक परिसर से तहसील पैलानी तक भाजपा मण्डल जसपुरा द्वारा राज्यमंत्री रामकेश निषाद की अगुवाई में तिरंगा बाईक रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने शिर्कत की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हांथों में तिरंगा झण्ड लेकर बाईक रैली निकालते हुए देश भक्ति के नारे लगाये।

### घरेलू कलह से आहत अधेड़ ने की आत्महत्या

**जसपुरा (बांदा)।** थाना क्षेत्र के नाँदादेव गांव में शनिवार सुबह एक अधेड़ ने घरेलू विवाद से परेशान होकर खेत में पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के चार छोटे बच्चे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद गांव में मातम छा गया है।
घटना सुबह करीब 6 बजे की है। नाँदादेव निवासी दिनेश उर्फ बंटा का बीते कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार रात पिता-पुत्र के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी के बाद दिनेश ने आत्मघाती कदम उठाया। शनिवार सुबह वह घर से निकलकर गांव से करीब 500 मीटर दूर श्रीकेशन साहू के खेत में पहुंचा और वहां एक बाबूल के पेड़ में अपनी साफी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब तक लोग पहुंचे, उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक दिनेश दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी सोनिया और चार बच्चे मुकेश (22), बीके (14), सुभाष (12) और बेटी महक (10) हैं। अचानक हुए इस हादसे से पूरा परिवार सदमे में है। मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। घटना की सूचना मिलते ही जसपुरा थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। गांव में मातम, ग्रामीणों में शोक घटना की खबर फैलते ही गांव में मातम छा गया। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि दिनेश शांत और मेहनती इंसान था। किसी को अंदेशा नहीं था कि वह ऐसा कदम उठा लेगा। घरेलू विवादों ने एक और जिंदगी छीन ली और एक परिवार को बेसहारा कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### गंगा-जमुनी संस्कृति को प्रदर्शित करता है रक्षाबंधन



**नरैनी/बांदा।** भारतीय धर्म-संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बाँधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बाँधती है, जिसे राखी कहते हैं। यह बुंदेलखंड इलाके का ऐसा त्यौहार है जिसको सभी धर्म के लोग मनाते है।विशेषकर यह पर्व बुंदेलियों को लिए गंगा जमुनी संस्कृति की तहजीब प्रदर्शित करता है।यह त्योहार जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता।पूरे क्षेत्र में रक्षा बंधन के साथ अगले दिन कजेलिया का त्यौहार मनाया गया।एक सप्ताह पहले अर्थात नाग पंचमी के अगले दिन लोग अपने घरों में कजेलिया बो देते है।रक्षा बंधन तक उनको पानी देकर हराभरा बनाए रखते है।इसके बाद कजेलिया पर्व के दिन गांव के बाहर तालाब में एक साथ सभी उनका विसर्जन करते है। मान्यता है कि किसान कजलिया को देखकर फसलों का अंदाजा लगाते है।यह त्योहार बुंदेली परम्परा के तहत प्राचीन परम्परा पर आधारित है।जो लोक आस्था और जीवन शैली का प्रतीक माना जाता है। यह आल्हा ऊदल और पृथ्वीराज चौहान के बीच युद्ध में मिली विजय का प्रतीक माना जाता है।इस दिन ऐतिहासिक स्थल कालिंजर में हाथी घोड़े की सवारी कर आल्हा ऊदल की झलकियां पेश कर झांकी निकाली गई। इसी प्रकार से क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में कजेलिया का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया।

# बाइकसवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने कुचला, दोनों की मौत

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**







थानाक्षेत्र के नरायनपुर के निकट हाईवे पर ढाबे पर खाना खाने गए दो बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

कस्बे के वार्ड संख्या आठ निवासी जितेंद्र कुमार (28) अपने साथी बांकी निवासी ज्ञानेंद्र दीक्षित (25) के साथ बिना हेलमेट लगाए बाइक से शनिवार की रात करीब 11:00 बजे नरायनपुर के पास संचालित प्रेम इलायची ढाबा में खाना खाने के लिए गए थे। लेकिन ढाबा बंद होने से यह बाइक को वापस मोड़ने लगे। तभी अज्ञात वाहन ने इन्हें रौंदता हुआ निकल गया। जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जितेंद्र कुमार कस्बे के मैथिलीशरण मार्ग में संचालित पप्पू कॉस्मेटिक की दुकान में काम करता था। जबकि ज्ञानेंद्र संजय कपड़े वाले के यहां काम करता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

## गेहूं निकालते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम सिसोलर में अनाज रखने वाली बखरी से गेहूं निकलते समय करंट की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सिसोलर पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है थाना क्षेत्र सिसोलर निवासी आशीष कुमार 24 वर्ष पुत्र साधू वाल्मीक शनिवार की रात अपने घर के कमरे में रखी अनाज रखने वाली बखारी से गेहूं निकालने के लिए पहुंचा और जैसे ही बखारी का ढक्कन खोलने का प्रयास किया तभी वह फर्श पर गिरकर तड़पने लगा यह देख वह मौजूद उसकी बड़ी बहन ने उसे पकड़ना चाहा तो उसे करंट का झटका जैसा महसूस होने पर उसने बखारी के बगल में चल रहे फर्राटा पंखे का तार हटा दिया और शोर मचा परिजनों को बुलाया। आशीष की हालत देख उसके परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे आनन -फानन सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वह चार बहनों व दो भाइयों में सबसे छोटा था। सिसोलर थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## दूसरे दिन भी मना रक्षाबंधन विदोखर में हुआ आल्हा



**भरुआ सुमेरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के कुछ गांवों में रक्षाबंधन पर्व दूसरे दिन मनाने की परंपरा है। इसी परंपरा के तहत रविवार को भी रक्षाबंधन मनाया गया। इस अवसर पर विदोखर में आल्हा गायन का आयोजन कराया गया। जिसमें रायसों गायक दिनेश सिंह ने भुजरियों की लड़ाई का सुंदर वृतांत सुनाते हुए आल्हा ऊदल की वीरता का सुंदर वर्णन किया। आल्हा सुनकर लोगों की बाहें फड़क उठी। ब्लाक में रक्षाबंधन पर्व रविवार को इंगोहटा, विदोखर मेंदनी, विदोखर पुरई, पलरा, बण्डा, मवईजार, पाटनपूर, रोहारी आदि गांवों में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने कजली एवं सावन गीत गाते हुए परंपरागत ढंग से कजरियों का तालाब, पोखरो, नदी, नालों में ले जाकर विसर्जन किया। इस मौके पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विदोखर पुरई के काली माता मंदिर प्रांगण में आल्हा गायन का आयोजन किया गया। यहां पर मशहूर रायसों गायक दिनेश सिंह ने भुजरियों की लड़ाई में पृथ्वीराज चौहान एवं आल्हा ऊदल के मध्य हुए भीषण युद्ध का सुंदर वृतांत सुनाया। इस मौके पर रणविजय सिंह, रामकुमार सविता, शिवपाल अनुरागी ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति दी। आल्हा सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

## श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मना रक्षाबंधन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रक्षाबंधन पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। वहीं की गौरवी सिंह ने भी अपने भाई के हाथ में रक्षा कवच बंधा कुछ गांवों में रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष भी बढ़े ही धूमधाम से बनाया गया है। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन पर्व उत्साह के साथ मना। बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का वचन लिया। वहीं सहर व ब्लाक के गांव में बनाया गया है।

### भाई-बहन का अटूट रिश्ते का पर्व है रक्षाबंधन

**मौदहा(हमीरपुर)।** भाई बहन का अटूट विश्वास और प्रेम का है रिश्ता रक्षाबंधन का त्योहार महोबा व हमीरपुर जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में अलग ही देखने को मिलता है बुंदेलखंड में रक्षाबंधन का त्योहार एक दिन बाद मनाने के पीछे एक ऐतिहासिक कहानी है। 12वीं शताब्दी यह कहानी महोबा के चंदेल शासक परमाल के सेनापति आल्हा और ऊदल ने पृथ्वीराज चौहान को हराया था। युद्ध रक्षाबंधन के दिन हुआ था, और महोबा के लोगों ने इसे विजय दिवस के रूप में मनाया। इसके बाद, अगले दिन, बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी और कजलियों का विसर्जन किया। यह प्रथा आज भी बुंदेलखंड में जारी है, जहां रक्षाबंधन के एक दिन बाद राखी बांधने की परंपरा है। महोबा क्षेत्र से जुड़े गांवों में इसे विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है यह परम्परा अब कस्बों में बदलने लगी है सिर्फ गांवों में ही दूसरे दिन मनाने की है इस त्योहार के दिन गांवों में आल्हा ऊदल की वीरगाथा की चौपालें लगती थी एक सैरा गायक बुलाया जाता था और इसके बाद बूढ़े बुजुर्ग युवाओं के लिए इनामी दंगल का आयोजन होता था और वह भी अजीब इनाम जीतने व हारने वाले को जलेबी दी जाती थी। जिसे युवा पहलवान खुशी से अपना इनाम लेता था और महिलाएं सावन विजय गीत गाते हुए काजिलियो को तालाबों में विसर्जित करती थी और वही काजिलियो को युवाओं को वितरित की जाती थी।

### घर के अंदर ही युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मौदहा हमीरपुर।** नगर के एक मोहल्ले में युवक ने गृह कार्य के चलते अपने ही घर पर फांसी लगाकर जान दे दी फैंसी में झूलती देख परिजनों में कोहरा मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार मौदहानगर के फतेहपुर मोहल्ला निवासी अरुण कोरी 30 पुत्र राम औतार ने गृह कलह के चलते घर पर फांसी लगा जान दे दी है।फांसी में झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की मां शांति ने बताया कुछ दिन से वह घर मे खाना भी नही खा रहा था। मृतक की पत्नी ने अभी 15 दिन पूर्व एक बेटी को भी जन्म दिया था और एक बेटी पहले से थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज कार्यवाही शुरू कर दी है। वह अपने पीछे मां-पत्नी व दो बेटियों को रोता विलखता छोड़ गया है।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जसपुरा/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के जसपुरा कस्बे में बीती रात को एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दे दिया। परिजनों को जब जानकारी हुई तो उनमें कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कस्बे का राहुल पुत्र पूरन दास वर्मा उम्र 20 साल ने बीती शनिवार की देर रात को घर से कुछ दूरी पर स्थित निरंजन बाबा के स्थान के बगल में बधे झूले में रस्सी का फंदा बनाकर उसमें झूल गया।मृतक की मां माया ने बताया कि बीती रात को मीट लेकर आया था तथा घर में रखकर,थोड़ी देर में आने के लिए कहकर चला गया।जब काफी देर तक नहीं आया तो वे सब लोग खोजते हुए घटना स्थल पर पहुंचे तो लटके हुए देखकर, आस पास के लोगों को बुलवाकर उसको फंदे से उतारकर जसपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई सरवन की सूचना पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को मुख्यालय भेजा। मृतक गांव में रहकर मजदूरी करता था। मृतक पांच भाई तथा चार बहनों के बीच में 7 वे नंबर का था। मृतक अविवाहित था। मृतक के पिता की मृत्यु 3 साल पहले बीमारी के चलते हुई थी।

### राखी बंधने के लिए आईं बहनें, बिना राखी बांधे लौटेगी

**बांदा।** रविवार को करबें की सभी बहनें अपने भाइयों को राखी बांधेगी। क्योंकि रक्षाबंधन का त्यौहार शनिवार को लगभग सभी जगहों पर मनाया गया था लेकिन जसपुरा करबें में यह रविवार को मनाया गया।मृतक राहुल की चारों विवाहित बहनें सुरेखा,रोशनी,मनीषा तथा निशा अपने ससुराल से अपने पांचों भाइयों को राखी बंधाने के लिए आई हुई है। लेकिन राखी के त्यौहार के ही दिन इनके भाई के द्वारा आत्महत्या कर लेने की वजह से अब वे लोग बिना किसी के राखी बंधे ही वापस लौट जाएगी।वही यह राखी का त्यौहार उनको हमेशा एक भाई को खोने की वजह से याद रहेगा।

### दीवार गिरी, मासूम बच्ची की दबकर मौत

**बबेरू/बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के पतवन मे चचेरे भाई को राखी बांधकर घर वापस जा रही एक दीवार गिर जाने से मासूम बच्ची की दबकर मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पतवन गांव निवासी राजू वर्मा की 7 वर्षीय काजल पड़ोस में रह रहे चचेरे भाई को देर शाम रखी बांधकर वापस घर जा रही थी इसी बीच पड़ोसी सुमेरा की अचानक मिट्टी से बनी दीवाल गिर गई जिसमे मासूम काजल दब गई आवाज सुनकर आसपास और परिजनों ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत से मिट्टी को हटाकर निकाल कर इलान हेतु सामु स्वा केन्द्र मे भती कराया जहां डाक्टर देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक पांच बहनों व दो भाईयों में चौथे नंबर की थी ।

## बीच बचाव के दौरान धक्का लगने से सिर में लगी चोट, अस्पताल में हुई मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** रविवार को कस्बे के इमिलिया थोक में दो युवकों के मध्य हुए विवाद के बाद उलाहना देते समय पुनः विवाद होने लगा विवाद बढ़ता देखकर राखी बांधने आई विधवा बहन बीच बचाव करने लगी। बीच बचाव के दौरान दूसरे पक्ष की महिलाओं ने उसे धक्का दे दिया। इससे वह चबूतरे से टकराकर घायल हो गई। उपचार के लिए परिजनों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इमलिया थोक निवासी महेश कुटार ने बताया कि शराब पीने के बाद उसका विजय विश्वकर्मा से विवाद हो गया। विवाद के बाद वह घर चला गया इससे नाराज होकर विजय अपनी पत्नी रानी, भाई की पत्नी आशा देवी एवं अन्य परिजनों के साथ मेरे घर उलहना देने पहुंचा। यहां पर पुनः विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर मेरी बहन उर्मिला देवी 55 बीच बचाव करने लगी इसी दौरान विजय की पत्नी एवं उसके भाई की पत्नी ने उसे धक्का दे दिया। धक्का लगने पर वह मकान के बाहर बने चबूतरे से टकरा गया गई और सिर में गंभीर चोट लगने से बेहोश होकर गिर पड़ी इसको उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर इसको सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में इसकी मौत हो गई। शनिवार को सुबह यह भाई को राखी बांधने ससुराल से मायके आई थी तभी यह हादसे का शिकार हो गई। फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है मिलने पर कार्यवाही होगी।

## अधेड़ ने मंदिर में प्रतिष्ठित शिव पिंडी को क्षतिग्रस्त किया

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा से सटे हैबतपुरा ब्रह्मनान गांव में अनुसूचित जाति के अधेड़ ने मंदिर में प्रतिष्ठित शिव पिंडी को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद नगर में सद्भावना बिगाड़ने की कोशिश की गई घटना के उपरांत हरकत में आई पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक द्वारा खंडित शिवलिंग के स्थान पर मंदिर में भोलेबाबा के नवीन विग्रह की स्थापना की बात कही गई है। हिंदू संगठनों ने आपसी सद्भाव बिगाड़ने वाले अधेड़ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बजरंग सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन शर्मा ने इसे लेकर कोतवाली पनवाड़ी में शिकायती पत्र सौंपा। प्रार्थी रहे लक्ष्मी प्रसाद हैवतपुरा ब्रह्मानान जिसमें आरोपित शंकर अहिरवार पुत्र लच्छू पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया गया है। इस बीच, सोशल मीडिया पर खबर के प्रसारण के बाद आरोपित पर लोगों का गुस्सा देखा जा रहा है।

## वृद्ध, बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : साकेत बिहारी

- वृद्ध सेवा संस्थान के बैनर तले सम्मानित किए गए नगर के बुजुर्ग महिला, पुरुष, वृद्ध जन

**अतर्रा(बांदा), समृद्धि न्यूज़।**



संतान का पहला कर्तव्य अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करना ही है ।वृद्ध बुजुर्गों की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है और इसी सेवा से हमारे जीवन का कल्याण भी होता है और हम आगे भी बढ़ते हैं । यदि इन्होंने हमारे सेवा भाव से प्रसन्न होकर हमें आशीष प्रदान कर दिया तो मान कर चलिए कि हमें दुनिया की सबसे बड़ी निधि मिल गई। अतः युवाओं से मेरा अनुरोध है कि वह कभी भी मां ,बाप,एवम समाज के बुजुर्गों को अपमानित तो करें ही नहीं अपितु पूरे समर्पित भाव से उनकी सेवा करें और अपने जीवन को धन्य बनाए। उक्त भाव पूर्ण बातें वृद्ध सेवा संस्थान के बैनर तले रक्षाबंधन के पावन पर्व पर रघुनाथ भवन में हुए एक सादे कार्यक्रम के दौरान ब्रद्ध जनों को सम्मानित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी साकेत बिहारी मिश्र ने व्यक्त किए। रक्षाबंधन के दिन रघुनाथ भवन रामलीला मैदान में वृद्ध सेवा संस्थान के बैनर तले नगर के वृद्ध निराश्रित बुजुर्ग महिला पुरुषों को सम्मानित करने का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कर्वी से पधारे हरिशरण गुप्त एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कालिका प्रसाद शिवहरे, शिवदत्त दत्त गर्ग, कविंद्र त्रिवेदी, मोहनलाल शर्मा, साकेत बिहारी मिश्र, राकेश त्रिपाठी, जेपी यादव, राजेश चौरसिया, राजा भैया, प्रवीण कुमार, रमेश शुक्ला, राम प्रताप द्विवेदी, दरोगाजी चतुर्वेदी, रामकिशोर पांडे, राजकरण, रामबरन सोनी, विक्की गुप्ता, नंद किशोर दिवेदी आदि ने शिरकत की और करीब दो दर्जन से अधिक बुजुर्ग महिला पुरुषों को एक-एक गद्दा प्रदान कर उन्हें फूल माला पहना भोजन प्रसाद ग्रहण करा कर सम्मानित किया। बुद्ध सेवा संस्थान के अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश मिश्रा ने आए हुए अतिथियों एवं नगर के सम्मानित नागरिकों पत्रकारों एवं समाजसेवियों को खेरापति गौराबाबा की प्रतिमा भेट किया ।सभी को फूल माला पहना एवं उनका बैज अलंकरण कर सम्मान किया। अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि चित्रकूट में वृद्धो के लिए एक भवन बन रहा है जिसमें कई विशिष्ट अतिथियों में अपना पूरा योगदान दिया है और आगामी भविष्य में भी मैं अनुरोध करूंगा कि सभी लोग वृद्धो की सेवा के लिए आगे आए और संस्थान के हाथ मजबूत करते हुए संबल प्रदान करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गिरजाशरण तिवारी ने किया।

## भाइयों को राखी बांधकर लिया रक्षा का वचन

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



बहनों ने भाइयों की कलाइयों में बांधी स्नेह की डोर उमंग से मना रक्षाबंधन तिलक लगाकर बांधी राखी शनिवार को रक्षाबंधन का पावन पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाया गया। बहने अपने भाई के घर जाती रही तो भाई बहना के घर जाकर अपनी कलाई सजाते रहे। हाथ रंग-बिरंगी राखियों से सज गया। जो देखते ही बन रही थी। इस दिन का इंतजार सभी बहनों को सालभर रहता है। अपने ससुराल जा चुके बहना भी जिनको अपने मायके आने का तथा अपने परिजनों से मिलने का एक मौका मिलता है और वह अवसर हाथ से गंवाने नहीं देतीं और सीधे या तो बहना चली आती हैं या फिर भाई चले आते हैं और रक्षाबंधन का पर्व बड़े धूमधाम से मनाते हैं। बहनों ने आरती सजाकर माथे पर गुलाल का टीका लगाकर आरती उतारी तथा भाई के हाथ को राखी से दमका दिया। वही भाई को अपने हाथ से मिठाई खिलाकर उनके आने वाले दिनों में मिठास भर दी, तो भाई भी उन्हें गिफ्ट देकर या फिर रुपए थमाकर उनके रक्षा का वचन भी दिया। सुबह से ही मिठाई और राखी की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई तो वही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा कर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की बहनों के लिए इस पहल को सराहा है।

## बांदा रोटी बैंक टीम के ने रक्षाबंधन पर जरूरतमंदों को बांटें कपड़े

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



हर रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज,मनु बंसल के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेंद्र पाल के नेतृत्व में, ग्राम प्रधान ग्राम पडूई पूरनलाल प्रजापति ब्लॉक बड़ोखर खुर्द तहसील व जनपद बाँदा की उपस्थित में बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें,जूते चप्पल,पर्स, आदि का वितरण ग्राम पडूई के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के अध्यक्ष रिज़वान अली और संगठन मंत्री सुनील सक्सेना के द्वारा जागरूक किया गया। रक्षाबन्धन, कजली के अवसर पर उक्त कपड़े, किताबें, जूते चप्पल,पर्स आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआएं आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम,सचिव मोहम्मद इदरीश, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, शाखा प्रमुख बरईमानपुर पवन कुमार पाण्डे सदस्य नसीर खान, हीरालाल और वीरेन्द्र कुमार समाजसेवी ग्राम पडूई आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## खबरें एक नजर में

### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में हुआ व्यापक सुधार

**बाराबंकी।** बाराबंकी के जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में जिले के सभी अधिकारियों के प्रयासों से सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में गत माह के सापेक्ष व्यापक सुधार हुआ है। इस माह जनपद की विकास कार्यों में 09वीं रैंक है, जबकि गतमाह जनपद की रैंकिंग 47 थी। इसी प्रकार इस माह जनपद की राजस्व व विकास कार्यों की सम्मिलित रैंक 11वीं है, जबकि गतमाह 25 वीं रैंक थी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने जिले के सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और प्रयास करें, जिससे कि हमारा जनपद सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पा सके। मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के सघन पर्यवेक्षण से विभिन्न विभागों की ग्रेडिंग में अपेक्षित सुधार परिलक्षित हुआ है। लोक निर्माण विभाग, पंचायत राज विभाग की परियोजनाओं में सुधार प्रदर्शित हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की 54 परियोजनाओं को ए ग्रेड मिला है। इसी प्रकार 08 परियोजनाओं को बी ग्रेड और 03 परियोजनाओं को सी ग्रेड प्राप्त हुआ है।

### जन्मदिन पर मरीजों के बीच वितरित किए फल



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल के जन्मदिन अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष हैदरगढ़ योगेश द्विवेदी एवं उपाध्यक्ष शादाब अहमद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचकर मरीजो के बीच फल वितरण किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रभारी विकास पांडे विक्की, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, संगठन मंत्री युसूफ खान, मंडल मंत्री अमर सिंह, मंडल मंत्री शहाबुद्दीन, सलाहकार वशिष्ठ पांडे, माधुरी सिंह, डॉक्टर प्रियंक टंडन, फार्मासिस्ट अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### नशे में धुत बाइक सवार सड़क पर गिरे, ससुर-दामाद घायल



**बेलहरा, बाराबंकी।** नशे में धुत बाइक सवार ससुर-दामाद अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर के रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंसकी मदद से दोनों को उपचार हेतु सीएचसी भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद ससुर की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के किशनीपुर निवासी राम लखन अपने दामाद कुलदीप कुमार के साथ बाइक से शनिवार की देर शाम छेदा से वापस घर लौट रहे थे तभी रंजीतपुर सोनहरा मोड पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में ससुर-दामाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों में एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद राम लखन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, वहीं कुलदीप कुमार का उपचार जारी है।

### बाढ़ पीड़ितों को राज्यमंत्री ने वितरित की राहत सामग्री



**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** सरयू नदी की बाढ़ से जूझ रहे परिवारों के बीच रविवार को खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा खुद पहुंचे। एसडीएम अनुराग सिंह के साथ खजुरी और रानीमऊ बाढ़ चौकियों पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने करीब 150 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटी। मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हर नागरिक के दुख-सुख में शामिल रहकर उनके विकास और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले के वर्षों में बाढ़ आने पर लोग गांव छोड़कर पलायन को मजबूर हो जाते थे, खाने-पीने की भारी दिक्कत होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। हमारी सरकार बाढ़ से पहले ही व्यवस्थाएं खड़ी कर देती है, ताकि किसी को तकलीफ न हो। गुनौली, कोयलावर, टिकरी, पत्रा, सेमरी , अतरसुइया, बसंत पुर सहित एक दर्जन गांवों के लोगों को दाल, चावल, आटा, आलू, तेल, नमक, माचिस, मोमबत्ती और तिरपाल वितरित किए गए। इस मौके पर तहसीलदार महिमा मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह, जगदीश गुप्ता, पवन कुमार सिंह 'रिंकू' समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दबंगों ने साले-बहनोई को लाठी-डंडों से किया मरणासन्न



**मसौली, बाराबंकी।** खेत मे लगी धान की फ़सल को देखकर बाईक से घर लौट रहे साले बहनोई को आधा दर्जन से अधिक दबँगो ने लाठी डंडा एव सरिया से प्रहार कर मरणसन्न कर दिया गंभीर से घायल साले बहनोई को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया जिसमे साले के सिर मे गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मसौली कटरा निवासी विजय कुमार पुत्र रघुनाथ अपने बहनोई संजय पुत्र रामचंद्र निवासी शुक्लाई शनिवार की देर शाम हनुमान मंदिर के निकट धान की फ़सल को देखकर घर वापस लौट रहा था कि अस्पताल के निकट पहले से घात लगाये बैठे चंदन, प्रदीप, संदीप पुत्रगण सुरेश , देशराज निवासी खोखवा पावर हाउस व दो अन्य लोगो ने बाईक को रोककर ताबड़तोड़ लाठी, डंडो से हमला कर दिया विपक्षी चंदन व प्रदीप ने लोहे की सरिया से हमला कर विजय कुमार को मरणासन्न कर दिया। बुरी तरह से लहुलुहान विजय को मरा समझ कर दबँग एलानिया धमकी देते हुए फरार हो गये। बुरी तरह से घायल बहनोई संजय घर पहुंच कर पुरी कहानी बताई परिजन दोनों घायलों को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया जहां से विजय को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायल विजय के भाई अनुप की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### अज्ञात युवक का शव मिला

**जसवंतनगर, इटावा।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग की अप लाइन पर खंभा नंबर के पास शनिवार देर रात एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी 12451 श्रम शक्ति एक्सप्रेस के लोको पायलट ने रात करीब 2.20 बजे ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर बलरई को दी। सूचना पर स्टेशन से मिले मीमो के आधार पर उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार और मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा भरवाया और पहचान न होने पर उसे 72 घंटे तक सुरक्षित रखने के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। उसने फिरोजी रंग की टी-शर्ट, नीली जीन्स और नीले रंग के मौजे पहन रखे थे। शव के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिले।पुलिस ने आसपास के थानों और रेलवे स्टेशनों पर सूचना भेजकर मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।

### सपा ने फूलन देवी की जयंती मनाई



**इटावा।** पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पदाधिकारियों के साथ वीरांगना पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती के अवसर पर फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए स तत्पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, विचार गोष्ठी सपा जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप शाक्य बबलू ने स्वर्गीय फूलन देवी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी में उदयभान सिंह यादव, जिलासचिव लईक अहमद, सीताराम कश्यप, दीपी सिंह, रवी यादव विधायक जिलाध्यक्ष छात्रसभा, कमलेश चंद्र, राजेंद्र निराला, संत प्रकाश यादव, रविंद्र सिंह यादव, अमित कठेरिया, वीरू कठेरिया रहे।

### राखी बंधाने गए भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जसवंतनगर, इटवा।** ग्राम जनकपुर निवासी 30 वर्षीय सुनील कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों ने मृतक के बहनोई पर हत्या का आरोप लगाया है। रविवार दोपहर एक बजे को जसवंतनगर कोतवाली पहुंची मृतक सुनील कुमार की पत्नी रश्मि देवी ने बताया है कि शुक्रवार शाम करीब 8 बजे जनकपुर से जसवंतनगर के प्रतापपुरा गांव में अपनी बहन पप्पी देवी से राखी बंधवाने के लिए बाइक पर सवार होकर गए थे। उनकी हत्या कर दी। मृतक के बहनोई संदीप कुमार से पिछले ढाई वर्षों से दहेज उत्पीड़न का मामला न्यायालय में चल रहा है। लगभग 15 दिन पहले दोनों परिवारों में समझौता होने के बाद संदीप कुमार की पत्नी पप्पी देवी अपने मायके जनकपुर से ससुराल प्रतापपुरा पहुंच गई थी। कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक सजंय सिंह ने बताया है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मामला सड़क दुर्घटना का लग रहा है।

### गलत इंजेक्शन लगाने पर हुई मौत

**बकेवर, इटावा।** कस्बे में एक निजी झोलाछाप क्लीनिक पर इलाज के दौरान इंजेक्शन लगाने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। ग्राम गौतमपुरा निवासी सत्यनारायण उर्फ सत्यम 32 पुत्र स्व. बंसलाल पाल, जो कुठोद जालौन में एक डेयरी में सुपरवाइजर थे, रक्षाबंधन पर घर आए थे। शनिवार को बुखार आने पर वह बाइक से बकेवर कस्बे के एक निजी डॉक्टर के पास पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में उन्हें सैफई पीजीआई रेफर किया गया, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान को हर संघर्ष के लिए तैयार रहने वाली वीरांगना थीं फूलन देवीः गोप

▸ **पुण्यतिथि पर याद की गईं फूलन देवी और अनिल यादव**



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए हर वक्त संघर्ष के लिए तैयार रहने वाले जिनके कार्य व्यवहार की सराहना पार्टी का हर कार्यकर्ता करता था आज वह मिलनसार व्यक्तित्व हम सबके बीच में नहीं है लेकिन उसकी स्मृतियां सदैव हम लोगों के मन में जागृत रहेंगी। उक्त विचार पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला पार्टी कार्यालय पर पूर्व सांसद स्वर्गीय फूलन देवी की जयंती एवं पूर्व जिला महासचिव स्वर्गीय अनिल यादव की पाचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी मे स्मृति शेष फूलन देवी एवं स्मृति शेष अनिल यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। राष्ट्रीय सचिव ने स्वर्गीय अनिल यादव के जीवन से जुड़ी हुई यादों को साझा करते हुए कहा स्वर्गीय अनिल यादव ने कभी भी संघर्ष मुंह नहीं मोडा गांव-गांव पहुंचकर लोगों से सीधा जुड़ाव रखने वाले अनिल यादव इतने बड़े राजनीतिक परिवार के होने के बावजूद भी कभी रती मात्र का घमंड देखने को नहीं मिला हम सबको अनिल यादव के कार्य व्यवहार से सीख लेते हुए पार्टी को मजबूत करने के साथ 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनने के लिए निरंतर कार्य करते रहना होगा यही अनिल यादव जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव विकास यादव ने कहा कि फूलन देवी बहुत ही हिम्मत वाली महिला थी जिन्होंने तमाम दुख तकलीफों का सामना करते हुए देश के सबसे बड़ी पंचायत संसद तक पहुंचाने का काम किया उनकी हिम्मत लगन लगन से हम सबको यह प्रेरणा मिलती है कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता बस उसको पाने की चाहत मन में होनी चाहिए। इसके पूर्व राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने स्वर्गीय अनिल यादव के जेष्ठ पुत्र तुषार यादव के साथ जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। विचार गोष्ठी मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप सिंह कार्यक्रम संयोजक प्रदेश सचिव तुषार यादव, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला सचिव ज्ञान सिंह यादव, अर्जुन वर्मा, बलराम यादव, आदर्श कश्यप, अभिषेक कुमार यादव, ओम चंद यादव, सतीश कुमार यादव, रामनिवास यादव, शुभम यादव, आदि प्रमुख कार्यकर्ताओं ने और स्वर्गीय फूलन देवी एवं अनिल यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## ग़मगीन माहौल में बस दुर्घटना के मृतकों का हुआ अंतिम संस्कार




**बाराबंकी।** सड़क हादसे में जान गवाने वाले पांच लोगों के घरों पर रक्षाबंधन के दिन मातम पसरा रहा वीडियो मीना श्रीवास्तव 53 वीडियो जूही 28 और ड्राइवर संतोष सोनी का अंतिम संस्कार हो चुका है। शनिवार सुबह वीडियो मीणा का 100 घर लाया गया था तो उनकी इकलौती बेटी मालविका रो-रोकर बेहोश हो जा रही थी वही ड्राइवर संतोष की बुजुर्ग मां रानी देवी बेटे के शव से लिपटकर बार-बार रोटी और अचेत हो जाती मां बोली बेटी, भाई को राखी बांधने वाली थी अब किस राखी बंधेगी बेटा मेरे जीने का एक ही सहारा था अब इस बुढ़ापे में अकेले जीकर क्या करूंगी इधर अमेठी की रहने वाली रकीबुल निशा 55 को शिवपुरी देखा किया गया उनके पद मोहम्मद अली का रो रो कर बुरा हाल है दुबई में रह रहे बेटे अजमत अली ने आखरी बार वीडियो कॉल पर मां को दिखा टीचर शिक्षा मल्होत्रा का अंतिम संस्कार शाम को हुआ पत्र विनय मल्होत्रा ने बताया स्कूटी में स्कूल में छुट्टी के बाद वह बस से घर लौट रही थी टीवी पर घटना देखकर एक सहकर्मी ने हाल जानने के लिए फोन किया तभी मुझे हादसे के बारे में जानकारी मिली हमारे दो बच्चे हैं अब उन्हें अकेले कैसे पालूंगा। गौर तलब है कि 60 लोगों से भरी बस शुक्रवार सुबह 10:30 बजे बाराबंकी से हैदरगढ़ के लिए निकली थी सुबह 11: 00 बजे राजा बाजार के पास हरक चौराहे के समीप चलती बस पर गूलर का पेड़ गिर जाने से हुए हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी। पेड़ के जबरदस्त वजन से बस की छत पूरी तरह चकनाचूर हो गई मौके पर ही वीडियो जूही सक्सेना 28 वीडियो मीना श्रीवास्तव 53 टीचर शिक्षा मल्होत्रा 53 अमेठी के रहने वाली रकीबुल निशा 55 और बस चालक संतोष सोनी 38 की मौत हो गई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई-बहन के प्यार का त्योहार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



बहन-भाई के प्यार का पर्व कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जहां बहनो अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, वहीं भाईयों उपहार व रक्षा का वचन देकर बहनों को विदा किया।पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद के आवास पर शनिवार को पवित्र पर्व के अवसर पर तमाम बहनों ने आकर राखियां बांधीं जबकि समाजसेवी मोहम्मद सालिम की कलाई पर तमाम बहनों प्यार बांधा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जितेंद्र उर्फ़ डीएम वर्मा मंडल मंत्री को मुस्लिम बहनो ने रेशन की डोरी से प्यार बांधकर,रक्षा का वचन व उपहार पाकर लम्बी उम्र की कांमना करती देखी गयी। इस वर्ष भी कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे ये पवन पर्व आपस मे मिलजुल कर बहुत हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।इस त्योहार के मौके पर रंग बिरंगी राखियों की तमाम दुकानों पर भारी भीड़ भी लगी रही।जबकि मिठाई की दुकानों पर लम्बी लाइन लगी रही।बच्चों में भी काफी उल्लास देखने को मिला पूरा दिन चहल पहल बना रहा,घरों में विभिन्न तरह के पकवान बना कर मेहमानों की आवभगत की गयी। मसौली संवाददाता के अनुसार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार क्षेत्र के विभिन्न गांवों एव कस्बों में परंपरागत रूप से मनाया गया सगी व मुंह बोली बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र के दो धागे बांधकर भाई-बहन के प्रेम को पुष्ट कर दिया। रक्षाबंधन त्यौहार पर सैकड़ों किलोमीटर चल करके सगी व मुंह बोली बहनों ने अपने भाइयों के यहां पहुंचकर रोली चंदन हल्दी अच्छत आदि से अपने भाइयों के टीका लगाकर उनकी कलाई में रक्षा सूत्र के दो धागे बांधकर उनकी सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना किया वही भाइयों ने अपनी बहनों को यथा शक्ति उपहार आदि देकर उनकी जीवन पर्यंत रक्षा किए जाने का वचन दिया। त्यौहार में अमन चैन बने रहे जिसके लिए प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने ग्रामीण क्षेत्र मे जगह जगह जाकर बच्चो एव महिलाओं को उपहार देते हुए राखी बंधवाई इस दौरान जगह जगह पुलिस फोर्स गस्त के साथ मुस्तैद रही।

### भाइयों की कलाई पर राखी बांध मांगा रक्षा का वचन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** रक्षाबंधन का त्यौहार पूरे हर्षोल्लाह के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया बड़ी संख्या में बहनों ने ससुराल से अपने मायके आकर अपने भाइयों की कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधा और उनसे अपनी रक्षा व सुरक्षा का वचन लिया वही भाइयों के दीर्घायु होने की कामना की । रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व से ही बहनों का अपने मायके जाने का सिलसिला शुरू हुआ जो शनिवार शाम तक चलता रहा इस दौरान नगरीय क्षेत्रों में दुकानदारों के मिठाई की दुकान में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई , जगह-जगह जाम की स्थिति भी बनी रही हालांकि क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्थानीय प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल निगरानी करते हुए नजर आए । गांवों में रक्षाबंधन के अवसर पर धूमधाम का माहौल पूरे दिन बना रहा। भाइयों के हाथों में रंग बिरंगी राखियां बंधी हुई थी रक्षाबंधन का त्यौहार भाई एवं बहनों के प्रेम व स्नेह का त्यौहार है जिसमें बहने अपने भाइयों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर अपने प्रेम व स्नेह का इजहार करती हैं। रक्षाबंधन का यह त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया।

## चाइनीज मांझा के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान, एक गिरफ्तार

▸ **गतदिवस डिलीवरी ब्वाय की गला कटने से हुई थी दर्दनाक मौत**



**उन्नाव।** कप्तान के निर्देश पर चाइनीज मांझे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से लगभग पांच बंडल चीनी मांझा बरामद किया गया है। ज्ञात हो कि गतदिवस रक्षाबन्धन के पर्व पर शहर के मोहल्ला हिरन नगर निवासी डिलीवरी ब्वाय अमर वर्मा की शुक्रवार को चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से मौत हो गयी थी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अभियान चलाकर चीनी मांझा बेचने वाले तलाश किए गए। सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह के नेतृत्व में सिविल लाइन चौकी क्षेत्र से पुलिस टीम ने रामनिवास पुत्र रामदुलारे की दुकान से करीब पांच बंडल चाइनीज मांझा बरामद करते हुए उसे सीज किया और आरोपी रामनिवास को हिरासत में लिया। अंडर टेऊनी आईपीएस सीओ सिटी दीपक यादव ने बताया कि सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार को शहरी क्षेत्र में कई जगहों पर पतंगों की दुकानों पर छापा मारा। यहां पर अधिकतर जगहों पर दुकानें बंद मिली। मोहल्ला छोटा चौराहा, जवाहर नगर, कंजी, तालिब सरांय, छिपयाना स्थित पतंग व्यापारी और मुख्य बाजार वाली गली में पतंग व्यापारी के यहां छापा मारा गया।

### अधेड़ का फांसी से लटका मिला शव

**चकलवंशी-उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव घर के अंदर साडी के सहारे फांसी पर लटकता हुआ मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक के परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है वहीं पुलिस पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है। नूरुल्ला नगर गांव निवासी सुनील सिंह पुत्र श्रीकृष्ण सिंह 53 की पत्नी नीलम बेटा आयुष और बेटी के साथ शुक्रवार को दिल्ली राखी बांधने के लिए गयी थी मृतक घर पर अकेले था रविवार की सुबह पडोसी किसी काम से मृतक के घर पर गया था जहां साडी के सहारे शव लटक रहा था जिस पर उसने ग्रामीणों को जानकारी दी ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मृतक की पत्नी और पुलिस को सूचना दी। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि अभी किसी का कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

## मामूली कहासुनी के बाद अधेड़ की कुल्हाड़ी से नृशंस हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**



अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रतनपुरवा में रविवार सुबह खौफनाक मंजर देखने को मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। गांव के बाहर खेत के पास मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया और कुल्हाड़ी से हुए हमले में 45 वर्षीय गंगाप्रसाद पुत्र महाबली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। गांव के लोग रोज़ की तरह अपने-अपने खेतों की ओर जा रहे थे। गंगा प्रसाद भी खेत के पास पहुंचे ही थे कि गांव के ही राधेलाल वहां आ धमका। कहासुनी कुछ सेकंड चली और फिर अचानक राधेलाल ने कुल्हाड़ी निकालकर गंगा प्रसाद पर हमला बोल दिया। हमला इतना तेज और बेरहम था कि गंगा प्रसाद को बचने का मौका तक नहीं मिला। सिर, कंधे और शरीर पर लगातार वार होते रहे, जब तक कि वो खून से लथपथ ज़मीन पर गिर नहीं गए। आसपास मौजूद कुछ लोग घबराकर चिल्लाए, लेकिन हमलावर भाग निकला। मृतक के बेटे सनी ने बताया कि पिता रोज़ की तरह खेत गए थे। अचानक राधेलाल आया और बिना कुछ कहे कुल्हाड़ी चला दी। वार इतने तेज थे कि मैं बचा भी नहीं पाया। घटना की खबर मिलते ही सीओ हसनगंज अरविंद चौरसिया और अजगैन कोतवाली पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर खून से सने कपड़े, कुल्हाड़ी के निशान और गवाहों के बयान दर्ज किए। सीओ हसनगंज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी राधेलाल को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू हो गई है। अधिकारियों का दावा है कि हत्या के पीछे का असली कारण जल्द सामने आ जाएगा।

# गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार, कई इलाकों में घरों तक पहुंचा बाढ़ का पानी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**





गंगाघाट शुक्लागंज में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ते हुए रविवार सुबह चेतावनी बिंदु को पार कर गया, जिससे क्षेत्र में बाढ़ का खतरा और गहरा गया है। पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश ने गंगा के पानी को तेज़ी से उफान पर ला दिया है। जलस्तर का तेजी से बढ़ना जारी केन्द्रीय जल आयोग के मुताबिक, शुक्रवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 111.680 मीटर था, जो शनिवार सुबह 10 बजे 111.840 मीटर और दोपहर 2 बजे 111.920 मीटर हो गया। शनिवार शाम 6 बजे जलस्तर 111.990 मीटर और रविवार सुबह 112.080 मीटर दर्ज किया गया। यह चेतावनी बिंदु 112 मीटर से ऊपर है, जबकि शुक्लागंज में खतरे का निशान 113 मीटर है निचले इलाकों में घुसा पानी, जीवन अस्त-व्यस्त जलस्तर में वृद्धि से गोताखोर, हुसैननगर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, शाहीनगर, तेजीपुरवा, गगनीखेड़ा और शक्तिनगर जैसे इलाकों में घरों के आसपास बाढ़ का पानी भर गया है लोगों के आवागमन में भारी दिक्कतें आ रही हैं ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है, जिससे कटरी से लगे गांव भी खतरे की जद में आने लगे हैं। खेतों में पानी भरने से सब्जी की फसलें खराब होने की आशंका बढ़ गई है प्रशासन सतर्क, नावों से हो रही मदद प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य के लिए तीन नावों की व्यवस्था की है। रविवार सुबह क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और कहा कि जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है गोताखोर क्षेत्र में लगाई गई नावें लोगों की सुरक्षित आवाजाही में मदद कर रही हैं आगे की स्थिति पर टिकी निगाहें स्थानीय लोग चिंतित हैं कि अगर बारिश का दौर जारी रहा, तो जलस्तर खतरे के निशान के पार भी पहुंच सकता है। प्रशासन ने लोगों को सावधान रहने और जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की सलाह दी है।

### खतरनाक हो सकता है गंगा स्नान, न.पा. की कोई व्यवस्था नहीं

नगर गंगाघाट क्षेत्र में गंगा में बाढ़ का समय है जल स्तर चेतावनी विन्दु को पार कर गया है नगर के कई मोहल्लो में गंगा का पानी घुस रहा है वही पूर्णिमा स्नान के लिये आये श्रद्धालुओं की भारी संख्या घाट तक पंहुचने के लिये रास्ते में गड्डो को पार कर रहे है जहाँ नगर पालिका परिषद गंगाघाट तमाम दावे करती है सुरक्षा ब्यवस्था की लेकिन इन श्रद्धांलुओं की सेवा में कोई सुरक्षा ब्यवस्था नहीं दिखाई दी न नाव की तैनाती न गोताखोर हाँ पांच रूपये लेकर गड्ढे पार करा रहे नाविको की भीड़ थी कहाँ कितना पानी भर गया है ऐसे में किसी को नहीं पता कभी भी कोई भी घटना घटित हो सकती है रक्षाबंधन पर्व पर पूर्णिमा स्नान के लिये आये श्रद्धांलुओं की बड़ी संख्या इस प्रकार रास्ते में भरे गंगा के पानी को पार कर घाटों तक पंहुच रहे थे जो खतरनाक हो सकता है पालिका प्रशासन व जिला प्रशासन गंगा के बढ़ रहे जल स्तर को देखते हुए ध्यान दे और गंगा स्नान के लिये उपयुक्त दिशा निर्देश जारी करें घाटों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और नाविको एंव गोताखोरो की तैनाती का गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धांलुओं की सुरक्षा ब्यवस्था की समीक्षा करें भाद्रपद माह सुरु हो गया है पितृपक्ष पर अपने परिजनों और पूर्वजों का श्राद्ध और तर्पण करने वाले श्रद्धांलुओं की बड़ी संख्या नित्य स्नान के लिये गंगा के घाटों पर आती है अब देखना ये है की नगर पालिका परिषद गंगाघाट एहतियात के लिये क्या कदम उठाती है।

### घूरा डालने के लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, एक की मौत, तीन घायल

**उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के धमियाना गांव में शनिवार देर रात घूरे को लेकर परिवार के ही दो पक्षों में लाठी डंडे चले जिसमें एक पक्ष के 50 वर्षीय राम विलास पुत्र रोहन उ की पत्नी गुड्डी 16 वर्षीय बेटी मोनिका भतीजा संजय घायल हो गए जिन्हें सीएचसी औरास लाया गया जहां डाक्टर ने राम विलास को मृत घोषित कर दिया। उसकी पत्नी गुड्डी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के धमियाना गांव निवासी पूर्व प्रधान पति रामविलास का सडक किनारे घर है जहां गांव के कुछ लोगों के घूरा डाले जाते थे छ अगस्त को राजस्व टीम पुलिस बल ने गांव के किनारे सडक पर पडे घूरों को हटवा दिया था शनिवार रात को इसी बात को लेकर वर्तमान प्रधान के समर्थकों ने राम बिलास के साथ बहस के बाद गाली-गलौज हुई गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों मे लाठी डंडे चलने लगे जिसमें रामविलास उसकी पत्नी पूर्व प्रधान गुड्डी उसकी बेटी मोनिका भतीजा संजय घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी औरास लाया गया जहां डाक्टर ने राम विलास को मृत घोषित कर दिया उसकी पत्नी गुड्डी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया बेटी व संजय का सीएचसी औरास में इलाज चल रहा है हत्या की सूचना पुलिस को दी गई। जैसे ही राम विलास की मौत की सूचना गांव पहुंची तो गांव में हडकंप मच गया उसके समर्थको व स्वजन सीएचसी पर आकर आक्रोश जता आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कार्यवाई की मांग की। पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों में धमियाना निवासी बहादुर, सर्बजीत, हरिपाल, मोहन, संदीप, प्रदीप, रामू निवासी धमियाना सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने वर्तमान प्रधान करीब पांच को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है।

## धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



पूरे देश की तरह इटावा में भी रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाई-बहनों के पवित्र रिश्ते की अटूट बंधन को समर्पित इस त्योहार पर शहर के हर कोने में उत्साह और उमंग देखने को रक्षाबंधन के मौके पर इटावा के घर-घर में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और उन्हें उपहार देकर इस रिश्ते को और मजबूत किया। कई परिवारों में इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना भी की गई। इटावा के विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्कूलों ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इनमें नृत्य, गीत, नाटक और राखी-मेकिंग प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिनमें बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इटावा के कई समाजसेवी संगठनों ने अनाथालयों और वृद्धाश्रमों में जाकर बच्चों और बुजुर्गों को राखी बांधी। इसके अलावा, पुलिसकर्मियों और सैनिकों को भी राखी देकर उनके साहस और समर्पण को सलाम किया गया रक्षाबंधन से पहले ही इटावा के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई थी। रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानें सजी हुई थीं। लोगों ने बढ़-चढ़कर खरीददारी की और इस त्योहार को खास बनाया। कुछ लोगों ने इस बार डिजिटल तरीके से भी रक्षाबंधन मनाया। दूर रह रहे भाई-बहनों ने वीडियो कॉल के जरिए एक-दूसरे को राखी बांधी और शुभकामनाएं दीं।

## भाजपा अध्यक्ष ने फाइलेरिया उन्मूलन का शुभारंभ किया



**इटावा।** डॉ भीमराव अम्बेडकर संयुक्त चिकित्सालय मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एमडीए फाइलेरिया रोधी दवा वितरण अभियान का भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ स्वयं दवा का सेवन करते हुए सभी से इस दवा का सेवन करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा वितरण किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस बीमारी से पीड़ित हर व्यक्ति इस रोग को फैलने से रोकने के लिए निर्धारित दवा का सेवन करे। लिम्फेटिक फाइलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के रूप में जाना जाता है जो संक्रमित मच्छरों से फैलने वाला एक परजीवी रोग है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में फाइलेरिया हाथीपाव बीमारी रोकने के लिए 11 लाख लोगों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया। जनपद की 6 विकास खण्डों में कुल जनसंख्या 1163750 को दवा खिलाई जाएगी जिसमे 931 टीम, 186 पर्यवेक्षक एवं 1862 डीए मिलकर जनपद वासियों को दवा खिलायेंगे। कार्यक्रम में जिलामहामंत्री प्रशांत राव चौबे, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सतेंद्र राजपूत, सनी शर्मा, सुरेश राजपूत, सीएमएस महिला डॉ. अनिल कुमार, सीएमएस पुरुष डॉ. पारितोष शुक्ला, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीनिवास यादव, डॉ. सत्येंद्र यादव, जिला मलेरिया अधिकारी एसएन सिंह, अर्बन कॉर्डिनेटर आलोक मिश्रा एवं अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान का शुभारंभ

**पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने दवा का सेवन कर किया जनजागरूकता का आह्वान**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



दवा का सेवन करते पूर्व सांसद सुब्रत पाठक

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए.) अभियान का शुभारंभ संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने फाइलेरिया-रोधी दवा का सेवन कर किया गया। यह अभियान 10 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक जनपद में संचालित किया जाएगा।

पूर्व सांसद ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है, जिससे बचाव हेतु हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने फाइलेरिया के लक्षणों, इससे बचाव के उपायों और जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें।

### स्वयं दवा खाकर दिया प्रेरणा का संदेश

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी स्वयं दवा खाकर जनमानस को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया।

अभियान के सुचारु संचालन हेतु 1244 टीमें और 248 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, जो घर- घर जाकर फाइलेरिया- रोधी दवा का वितरण और सेवन सुनिश्चित करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने जानकारी दी कि दवा पूर्णतः सुरक्षित है और इसके सेवन से फाइलेरिया के कीटाणु शरीर में पनप नहीं पाते।

अभियान के तहत नगर पालिका परिषद कन्नौज के मोहल्ला हाजीगंज में आयोजित विशेष कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन कौसर जहाँ अंसारी ने दवा का सेवन कर दूसरा प्रतीकात्मक शुभारंभ किया।

इस दौरान सभासदगण व स्थानीय जनता को भी दवा उपलब्ध कराई गई। अंसारी ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं दवा का सेवन करें, बल्कि अपने मोहल्ले और समाज में भी इसके प्रचार- प्रसार में सहयोग करें।

# हटाई गई मानक विहीन खिड़कियां व चौखट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



> तहसील मुख्यालय का यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, और ड्राइंग के अनुसार मानकों का पालन अनिवार्य है। गंभीर खामियों को देखते हुए निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा कर ठेकेदार को मानक के अनुसार कार्य करने के कड़े निर्देश दिए गए थे।
> –अरविंद यादव, एई

**खबर का असर**

नगर के पूर्वी बाईपास पर बन रहे राजकीय पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य को यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियंताओं (एई) अरविंद यादव और हिमांशु चौहान ने मानकों के उल्लंघन के कारण रोक दिया था। इस बारे में 9 अगस्त के अंक में खबर भी छापी गई थी। इस खबर का असर हुआ और आज मानक विहीन खिड़कियां व चौखट हटा दी गई।

69.11 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस भवन का निरीक्षण करने पर कई खामियां सामने आईं, जिसके चलते यह कदम उठाया गया। 2 अगस्त को तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्माण स्थल का दौरा किया था और निर्धारित समय सीमा में मानक अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, उनके निर्देशों की अनदेखी करते हुए निर्माण में कई अनियमितताएं पाई गईं। जांच में पाया गया कि लोहे की चौखट सवा इंच की लगाई जा रही है, जो मानक से कम है। ईंटों के बीच मसाला नहीं भरा गया, जिससे ईंटें उखड़ रही हैं। 4:1 के अनुपात के बजाय 7:1 का मसाला उपयोग किया गया। शुरुआत में ईंटों की गुणवत्ता ठीक थी, लेकिन अब घटिया ईंटों का उपयोग हो रहा है। खिड़कियों की चौखट भी जेड सेक्शन के बजाय साधारण लगाई गई।

# बहनों ने तिलक कर भाइयों के बांधी राखी

**धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शहर व ग्रामीण क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने तिलक करके भाइयों को राखी बांधी।

बहनों ने अपने भाइयों को तिलक करके आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। बदले में भाइयों ने भी अपनी बहनों को रक्षा का वचन दिया तथा उपहार भी दिए। रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने की रस्म पूरी होने के बाद सूरज ढलने से पहले मंदिर परिसरों तथा तालाबों में भुजरियां विसर्जित करने की परंपरा निभाई गई। बताते हैं कि कन्नौज जनपद में रक्षाबंधन के दिन भुजरिया विसर्जित करने की प्रथा आल्हा उदल के समय से चली आ रही है। वीर रस से ओतप्रोत आल्हा में भुजरियों की लड़ाई काफी प्रसिद्ध है। नाग पंचमी के दिन लोग खेतों से मिट्टी लाकर बर्तन में जौं बोते हैं। रक्षाबंधन तक इनसे लंबी कोपलें निकल आती हैं। रक्षाबंधन का पर्व पूरा होने के बाद शाम को बच्चों, बड़ों व महिलाओं की टोलियां भुजरियों के बर्तन लेकर घर से बाहर निकलती हैं और मंदिर परिसर या तालाब में विसर्जन से पहले कुछ कोपलें खोट लेते हैं। घर पहुंच कर यह कोपलें अपने बड़ों को भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। काली नदी के पुल और प्राचीन श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर के तालाब में भी भुजरिया विसर्जित की गई।

# काली नदी के किनारे मिला अज्ञात महिला का शव

**दो जिलों की पुलिस में सीमा क्षेत्र को लेकर विवाद**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



थाना छिबरामऊ और मोहम्मदाबाद (फर्रुखाबाद) के बॉर्डर पर काली नदी के किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव को लेकर दोनों थानों की पुलिस के बीच क्षेत्रीय सीमा को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। दोनों थानों की पुलिस ने शव को एक-दूसरे के क्षेत्र का बताकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने में देरी की। अंततः राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने का निर्णय लिया गया।

शनिवार शाम करीब 5 बजे छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के करनौली चौकी अंतर्गत काली नदी पुल के पास नदी किनारे अज्ञात शव देखा गया। भुजरिया सिराने के लिए पहुंचे ग्रामीणों ने शव देखकर डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर कन्नौज जनपद की डायल 112 पुलिस और करनौली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। छिबरामऊ थाना प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने दावा किया कि शव फर्रुखाबाद जनपद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में मिला है।

वहीं, मोहम्मदाबाद थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि शव काली नदी के उस पार छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र में है। उनका तर्क था कि यदि शव नदी के इस पार होता, तो यह उनके क्षेत्र में आता। ग्रामीणों ने बताया कि शव स्पष्ट रूप से छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के करनौली गांव के पास काली नदी के किनारे मिला है। बॉर्डर क्षेत्र होने के कारण पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नहीं भेजा। ग्रामीणों ने शाम 5 बजे पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन देर रात तक कार्रवाई शुरू नहीं हुई।

क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि मामला बॉर्डर क्षेत्र का है और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर यह फर्रुखाबाद जनपद का क्षेत्र प्रतीत होता है। थाना प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने राजस्व रिकॉर्ड की जांच कराई तो छिबरामऊ कोतवाली का क्षेत्र निकला अतः शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

## बसों में आपाधापी और डग्गामार वाहनों की रही चांदी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रक्षाबंधन के त्योहार पर बसों में पूरे दिन आपाधापी मची रही जबकि डग्गामार वाहनों की चांदी हो गई।

रक्षाबंधन के त्यौहार पर परिवहन निगम ने भले ही अतिरिक्त बसों के संचालन का दावा किया हो लेकिन यात्रियों की उमड़ी भीड़ से यह व्यवस्था नाकाफी रही। ऐसे में डग्गामार वाहनों की चांदी रही और यात्रियों से मनमाना किराया वसूला गया।

भाई के घर जल्दी पहुंचने की कवायद में महिलाओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा की। देर शाम तक पूर्वी और पश्चिमी बाईपास सहित फर्रुखाबाद चौराहे पर भी बसों के लिए भीड़ लगी रही।

# मिठाई व किराने की दुकानों पर उमड़ी भीड़



**रिमझिम बरसात ने रक्षाबंधन को किया किरकिरा**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रक्षाबंधन के पर्व पर मिठाई और किराने की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। लेकिन सुबह से अचानक हुई रिमझिम बरसात ने रक्षाबंधन का त्योहार किरकिरा कर दिया।

रक्षाबंधन वाले दिन मिठाई की दुकानों में देर शाम तक भीड़ लगी रही। विशुनगढ़ तिराहा के पास सियाराम मिष्ठान भंडार के संजय वर्मा व सत्यपाल वर्मा ने बताया इस बार 200 से लेकर 800 रुपए किलो तक की मिठाई लोगों ने खरीदी। अच्छी क्वालिटी की मिठाई की मांग काफी ज्यादा रही। उधर परचून की दुकानों पर गरी के गोले खरीदने वालों की भीड़ रही। रक्षाबंधन के पर्व पर मिठाई के साथ भाई को गरी का गोला देने की भी प्रथा चली आ रही है। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया इस बार गरी के गोले का भाव 380 रुपए किलो रहा।

# आराध्या को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से भी किया जाएगा लाभान्वित

**विधायक ने हादसे में बची बेटी को सौंपा पांच लाख का सहायता चेक**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सड़क हादसे में बचीं बेटी आराध्या चौहान को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से भी लाभान्वित किया जाएगा ताकि उनके भविष्य की शिक्षा एवं देखभाल सुनिश्चित की जा सके।

विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने सैफई मेडिकल कॉलेज में भावुक क्षणों में हादसे में बची नौ वर्षीय आराध्या से मुलाकात की और उसका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक आराध्या व उनके संरक्षक इंद्रपाल सिंह चौहान को सौंपा।

बता दें, 1 जुलाई को मैनपुरी के बेबर के पास एनएच-34 पर भारी बारिश के दौरान दीपक चौहान (42), उनकी पत्नी पूजा (40), बहन सुजाता (36), भांजी अनैशा (5) और एक अन्य की कार-ट्रक टक्कर में मृत्यु हो गई थी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल आराध्या का सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। अब उसके परिवार में कोई नहीं बचा। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मैनपुरी प्रदीप सिंह चौहान, पर्यटन मंत्री के पुत्र अतुल प्रताप सिंह, श्यामू चौहान, उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेंद्र द्विवेदी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सैफई मेडिकल कॉलेज उपस्थित रहे।

# फ्री मेडिकल कैम्प में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीज



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला कस्साबान हाजी मुन्ने के हाते के पास फ़ातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 7 तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी के द्वारा फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ़्री मेडिकल कैम्प में कानपुर से डॉक्टर मो. वसीम खान एमबीबीएस पेट व छाती (क्षय रोग) चर्म रोग रक्तचाप विशेषज्ञ, डॉक्टर स्टाफ मो. सैफी, मो. अलफहद, मो. हन्जला के द्वारा मरीजों को देखा गया और मर्ज के हिसाब से दवाईया दी गई। इस दौरान कैंप इंचार्ज जाहिद चिश्ती, मो. हाफिज फैजान, फैसल खान, महमूद मंसूरी, सलीम मंसूरी, फैसल अली, आमिर कुरैशी, शानू मंसूरी आदि की मौजूदगी में मेडिकल कैंप का संचालन हुआ।

# प्रकृति व परमात्मा से मिलकर बनी है सृष्टि





**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा हरिश्चंद्र ने कहा प्रकृति और परमात्मा से मिलकर ही यह सृष्टि बनी है। दोनों एक दूसरे में समाये हैं, किन्तु दोनों का अस्तित्व अलग अलग हैं। प्रकृति परिवर्तनशील हैं। यह बनती और मिटती हैं किन्तु परमात्मा में कोई परिवर्तन नहीं होता यह नित्य और अनन्त है।

उन्होंने कहा परमात्मा एकरस है यह खंडित नहीं होता और मिटता भी नहीं। इसी प्रकार मानव भी शरीर और जीवात्मा दोनों से मिलकर बना है। शरीर प्रकृति से बना है और इसका पालन पोषण और सारी आवश्यकताएं प्रकृति से पूर्ण होती हैं। इसमें परिवर्तन होते रहते हैं। इसको चलाने वाली शक्ति आत्मा हैं जो शरीर में व्याप्त है। यह निराकार ब्रह्म का अंश है। इसके भी वही गुण हैं जो निराकार ब्रह्म के हैं। अज्ञानतावश मानव को अपने आप की पहचान नहीं हैं इसलिए वह शरीर व माया को ही सब कुछ समझ बैठा है और माया में ही सुख तलाशता है। स्वार्थ और क्षणिक सुख के लिए अनिष्टकारी कर्म भी कर गुजरता हैं। फिर पछतावे के सिवाय और कुछ हासिल नहीं होता है। सेवा दल संचालक मनीष कुमार शाक्य के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों एवं भजनों से साध संगत को निहाल किया।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट की घटनाओं की पुलिस से शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग मारपीट की घटनाओं की शिकायत पुलिस से की गई है, जिसमें पहली घटना खोजीपुर गांव की है, जहां रूबी पत्नी इरफान ने पुलिस को बताया कि उनके बच्चे बकरियां चराने गए थे। इस दौरान गांव के कुछ अन्य लोगों के बच्चों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। घर लौटने पर कुछ दबंग व्यक्तियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके बच्चों के साथ मारपीट की, जिससे उनकी बेटी को चोटें आई हैं। वहीं दूसरी घटना कुंवरपुर लोधपुर गांव की है, जहां मधु पत्नी अमर सिंह ने बताया कि गांव के कुछ दबंग लोग उनके घर के बाहर गालियां दे रहे थे। मधु के भाई ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने उनके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। भाई को बचाने पहुंची मधु के साथ भी दबंगों ने मारपीट की।

### गौ रक्षकों के नाम पर मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रेमपुर क्षेत्र के ग्राम दलीपपुर निवासी नितिन पाल पुत्र दशरथ पाल के साथ कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। नितिन ने बताया कि खुद को गौ रक्षक बताने वाले इन व्यक्तियों ने फोन कर उसे गांव के बाहर बनी नर्सरी पर बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके साथ मारपीट की। घटना के दौरान कुछ ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। नितिन के अनुसार हमलावर एक मोटरसाइकिल (यूपी 74 के 4856) पर सवार थे।

### गैंगस्टर एक्ट मुकदमे से संबंधित वारण्टी को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट मुकदमे से संबंधित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि उपनिरीक्षक रावेन्द्र सिंह मय हमराह कांस्टेबल मनीचन्द्र ने वारण्टी अपराधियों की धरपकड़ के लिए उनके घरों एवं सम्भावित स्थानों पर दबिशें दी, जिसमें गैंगस्टर एक्ट मुकदमे से संबंधित वारंटी अभियुक्त काशीराम कालोनी निवासी शिवा गिहार उर्फ शिवा पुत्र राजेश गिहार को गिरफ्तार कर लिया।

# दबंग देवर ने भाभी के साथ मारपीट कर दी गोली मारने की धमकी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कसावा चौकी क्षेत्र के ग्राम मेदेपुर निवासी सरोजनी देवी पत्नी लालमन ने अपने देवर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

सरोजनी का आरोप है कि उनका देवर दबंगई के बल पर उनके घर के चबूतरे पर आए दिन गाय बांधता है, जिससे गंदगी फैलती है। शनिवार को जब उसने गाय न बांधने को कहा, तो शराब के नशे में धुत देवर ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उनके साथ मारपीट की, जिससे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर मेरा बेटा और नाती बाहर आए, तो उसने उन पर भी लाठी से हमला किया और कथित तौर पर अवैध देशी कट्टा निकालकर गोली मारने की धमकी दी, लेकिन मोहल्ले वालों के जमा होने से गोली नहीं चलाई। डायल 112 पर कॉल करने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उसने पुलिस के सामने भी गाली-गलौज जारी रखी। सरोजनी का कहना है कि वह दबंग प्रवृत्ति का है और आए दिन मोहल्ले वालों को धमकाता है। इससे उनके परिवार में डर का माहौल है।

# रक्षाबंधन पर्व पर चेयरमैन ने कर्मचारियों को बांटी मिठाई

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



टाउन कर्मचारियों को मिठाई वितरित करती चेयरमैन आसमा बेगम

रक्षाबंधन पर्व को लेकर चेयरमैन ने टाउन कर्मचारियों को मिठाई वितरित की गई। समधन नगर पंचायत की चेयरमैन आसमा बेगम ने रविवार को अपने आवास पर रक्षाबंधन पर्व को लेकर टाउन के सभी महिला व पुरुषों को अपने हाथों से मिठाई वितरित की गई। इस दौरान चेयरमैन आसमा बेगम ने कहा रक्षाबंधन का पर्व बहन भाई के बीच अटटू रिस्ता को मजबूत बनाता है और इसलिए सभी बहने इस त्यौहार को अपने भाइयों के घर पहुंचकर रक्षा सूत्र बांधकर अपने हर सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प दोहराती है। इस अवसर पर दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, आनन्द, अताउल्ला अली, प्रशांत, हनीफ अली, अरमान हुसैन के अलावा सफाई नायक नरेश चंद्र, सुनील कुमार आदि सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# हुजूरपुर में निकली भव्य तिरंगा पदयात्रा

**भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंजा इलाका**

**विधायक समेत सैकड़ों लोगों ने कटका मंदिर से सरयू तट तक किया भ्रमण**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



स्वतंत्रता दिवस से पूर्व कटका का माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। रविवार सुबह 10 बजे बंशीलाल साहू के आवास से ऐतिहासिक कटका मंदिर तक तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।पदयात्रा में मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष और स्थानीय जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंज उठा। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति गीतों ने माहौल को राष्ट्रमय बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा, तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह हमें देश की एकता, अखंडता और बलिदान की याद दिलाता है। इसके सम्मान की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है।÷इस अवसर पर विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, मंडल प्रभारी संजय राव, मडंल अध्यक्ष कटका श्री राम निवाष निषाद, मंडल अध्यक्ष हुजूरपुर दुर्गेश कुमार सिंह रैकवार, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष (किसान मोर्चा) ठाकुर प्रसाद मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष अजय सिंह, अरविंद सिंह, विजय भान सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# लाइलाज बीमारी है फाइलेरिया : सीएमओ

**कैसरगंज में विधानसभा संयोजक व सीएमओ ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का किया उद्घाटन**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में उद्घाटन हुआ। विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, सीएमओ डा.संजय कुमार शर्मा व ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया। जिले के नवाबगंज और तेजवापुर ब्लाक में भी अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षकों ने किया। सीएमओ ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि फाइलेरिया लाइलाज बीमारी है। दवा के सेवन से इसके संक्रमण को रोका जा सकता है। कैसरगंज अधीक्षक डा.एनके सिंह ने फाइलेरिया अभियान की जानकारी देते हुए आम जनमानस से दवा की पूरी खुराक स्वास्थ्य कर्मियो की उपस्थिति में सेवन करने की अपील की। इस मौके पर पीसीआई प्रतिनिधि विकास द्विवेदी, फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला,बीपीएम आदित्य गुप्ता, बीसीपीएम रामप्रताप ठाकुर, रमाशंकर, आदि मौजूद रहे।







# कटरी क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप जारी, अनेक गांवों में दहशत का माहौल

- गंगा में लगातार छोड़े जा रहे पानी से हालात बेकाबू, जन जीवन अस्त व्यस्त

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सड़कों पर भरे बाढ़ के पानी से होकर निकलता बाइक सवार



बाढ़ के पानी के बीच जीवनयापन कर रही महिला

अगस्त महीने का आगाज होते ही गंगा कटरी क्षेत्र में बाढ़ के सैलाब के आने का सिलसिला शुरू हो गया। बताया गया जल सैलाब के चलते कई गांवों के रास्ते जलमग्न हो गए, तो तमाम ग्रामीणों की झोपड़ियों में जलभराव शुरू हो गया। घरों में बाढ़ का पानी भरने के कारण भयभीत ग्रामीण सुरक्षा तंत्र अपनाने लगे किसी को ट्रैक्टर ट्राली पर आशियाना बनाते हुए देखा गया, तो किसी को मकान की छत पर और तो और किसी ने घर के अंदर चारपाई तख्त आदि पर गुजारा करते देखा गया।

कई गांव जल सैलाब की चपेट में आने के कारण मजदूर, किसान आदि सभी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गंगा में आने वाला जल सैलाब आजकल किसानों के खेत खलिहानों देखा जा रहा। फसलें जलमग्न देखी जा रहीं। गांव की गलियों, मुख्य रास्तों तक पानी देखा जा रहा है।

घबराए लोग पलायन की तैयारियां करने लगे हैं। बताते हैं गंगा कटरी क्षेत्र के गांव कटरी तौफीक, अचानकपुर, रूपपुर मंगली, गुटैटी दक्षिण, बांसखेड़ा, भगवानपुर, मुंशी नगला, चौराहार मार्ग, जैतपुर, शरीफपुर छिछनी, समैचीपुर चितार, कैलियाई, अजीजाबाद, परसादी की मड़ैया सहित लगभग दो दर्जन से अधिक गांव जल सैलाब की चपेट में हैं। परिणाम बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। भविष्य के खतरों को सुरक्षित स्थानों पर झोपड़ी आदि डालकर आशियाना बनाते हुए देखा गया। इसके अलावा कुछ लोग ऐसे है जो घर नहीं छोड़ना चाहते हैं, ने मकान की छतों को ही आशियाना बनाना शुरू कर दिया। बरसात का मौसम है लगातार बारिश लोगों के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। वहीं लगातार बढ़ रहा जल सैलाब यहां के लोगों के लिए मुश्किलों का कारण बनने लगा है। लगातार बढ़ रहे बाढ़ जैसे हालातों को लेकर कटरी क्षेत्र के लोगों कहना है प्रशासनिक अधिकारियों को अभी से ध्यान देना होगा अन्यथा भविष्य की स्थितियां और विकराल होंगी।

# पानी की तेज धार में कम्पिल-बदायूं मार्ग पर पुलिया धंसी

- जोखिम भरा हुआ निकलना, थानाध्यक्ष ने संभाली कमान

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**



राहगीरों को निकलने में सहायता करते थानाध्यक्ष

बाढ़ के पानी और तेज धारा के दबाव में कम्पिल बदायूं मार्ग पर पुलिया धंस गई। त्योहार की सुबह तक यातायात पूरी तरह सुचारू था, लेकिन दोपहर में हालात बदल गए और सफर यात्रियों के लिए जोखिम बन गया। पुलिस ने आनन-फानन में पहुंच वाहनों को सावधानीपूर्वक निकाला।

शनिवार दोपहर करीब 2 बजे कंपिल-बदायूं मार्ग पर राईपुर चिनहटपर के पास बनी पुलिया की मिट्टी अचानक धंसने से सड़क में तीन जगह गहरे गड्ढे बन गए। जिससे दोनों ओर यातायात ठप हो गया।

बाढ़ का पानी पुलिया के ऊपर से तेज धारा के साथ बह रहा है। तेज बहाव के बीच मार्ग पार करना बेहद जोखिम भरा हो गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों ओर यातायात रोक दिया और एक.एक करके वाहनों को सावधानीपूर्वक पार कराने की व्यवस्था की। फिर भी भारी जलभराव के कारण कई ग्रामीण और यात्री पैदल ही पानी में उतरकर रास्ता पार करने को मजबूर हो गए। कई बाइक सवार तेज धार में गिर गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए महिलाएं बच्चों को गोद में उठाए, पुरुष और बुजुर्ग कपड़े व सामान हाथ में लेकर घुटनों तक पानी में चल रहे थे। कुछ बच्चों व बुजुर्गों को थाना प्रभारी ने तेज धार से निकाला। बहाव इतना तेज था कि जरा सी चूक से बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख कड़ी है और इसके बंद होने से न केवल त्योहार के दिन लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि रोजाना यातायात बाधित होने की संभावना भी बढ़ गई है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों से संपर्क टूट जाएगा। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया एक-एक कर वाहनों को निकला जा रहा है। जल्द ही किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

# खतरे के निशान से 10 सेंटीमीटर ऊपर बह रही गंगा, सड़कों पर बह रहा पानी

- राहगीरों की बाइकें हो रही बंद, डीएम ने संपर्क मार्ग बंद करने के दिए निर्देश

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



बाढ़ का जायजा लेते जिलाधिकारी

गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 10 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। शनिवार रात को गंगा के जलस्तर में 10 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई। अब गंगा का जलस्तर 137.20 सेंटीमीटर पर पहुंच गया है। खतरे का निशान 137.10 सेंटीमीटर पर है। जिसको लेकर जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने आज गंगा पार क्षेत्र में निरीक्षण किया जिसके चलते वह चित्रकूट डिप पर भी पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी ली ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष आई बाढ़ में कई लोगों की इस पानी के बहाव के कारण जान चली गई जिसमें मामा भांजे समेत, कई दोस्तों ने भी दम तोड़ दिया था। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल प्रभाव से बैरीकेडिंग लगाकर रास्ता को बंद कर दिया जाए। जिससे जनहानि ना हो। हालांकि मौके पर एक होमगार्ड की तैनाती कर दी गई है उसके बावजूद भी रहागीर जबरदस्ती बाढ़ के पानी से निकल रहे हैं हादसा होने से इनकार भी नहीं किया जा सकता। फिर भी प्रशासन सतर्क है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अमृतपुर, तहसीलदार अमृतपुर, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, खंड विकास अधिकारी राजेपुर, जिला आपदा विशेषज्ञ व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनायी गयी गोगाजी महाराज की जयंती, उठाये गये निशान

- शनिवार रात्रि को ही ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे निशान
- गोगाजी मंदिर में धूमधाम से हुई पूजा अर्चना, लगा मेला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कानपुर रोड पर कोतवाली के निकट रखे निशान



सम्मानित नगर मजिस्ट्रेट व एसडीएम सदर आदि

निशान पूजा कर जाहरवीर गोगाजी महाराज की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गई। तमाम स्थानों से अपने-अपने निशानों के साथ आये भक्तों ने जयकारे लगाये। पूरी धूमधाम के साथ निशान उठाये गये। निशानों की संख्या लगभग 90 रही। मेले में भीड़ के कारण जाम जैसी स्थिति बनी रही। रुट डायवर्जन के कारण लोगों को जय नरायन वर्मा रोड और छावनी से होकर अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचना पड़ा। भीड़ के चलते कई बार धक्का मुक्की का माहौल भी देखने को मिला। शनिवार रात्रि में ही वाल्मीकि समाज के लोग अपने-अपने क्षेत्रों से ढोल नगाड़े के साथ निशान लेकर पहुंचे और कोतवाली के निकट निर्धारित स्थान पर रखकर रविवार को निशानों को पूजा अर्चना के साथ उठाकर मंदिर तक पहुंचाया गया। जहां जाहरवीर गोगाजी महाराज की पूजा अर्चना कर आगे का कार्यक्रम हुआ। फतेहगढ़ कोतवाली के निकट प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में बाल्मीकि समाज के लोग पवित्र निशान को लेकर एकत्रित होते है। जहां उनके भगत द्वारा पूजा अर्चना के बाद सीएमओ कार्यालय के निकट स्थित जाहरवीर गोगा जी महाराज मंदिर तक पवित्र निशान का प्रदर्शन करते हुए लाया जाता है और वहां से उनकी घर वापसी होती है। पूरे वर्ष उन्हें सुरक्षित रखते हैं। रविवार को सुबह निशान लेकर गोगा जी मंदिर के निकट रखकर उनकी पूजा अर्चना के बाद निशान का प्रदर्शन भी किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने निशान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। फतेहगढ़ की जामा मस्जिद से निशान यात्रा का शुभारंभ हुआ। स्वास्तिक, मोर, हाथी, भगवान भोलेनाथ व तिरंगा आदि की कलाकृतियों से निशान सजे थे। मोरपंख भी बांधे गए। निशान के ऊपर सिरमौर को भी भव्य रूप दिया गया था। निशानों की डोर को गुरु (भगत) पकड़कर चल रहे थे। चेले निशान उठा रहे थे। निशान उठते ही श्रद्धालु घूमते फिरते दिख रहे थे। मेले की व्यवस्था अध्यक्ष श्रीकृष्ण चौधरी, संयोजक श्याम कुमार वाल्मीकि, महामंत्री दिनेश देशमुख, रवि उर्फ बुलेट भगत मसेनी, मुन्नालाल भगत छोटी जेल चौराहा, अशोक चंचल भगत नवदिया आदि ने संभाली।

## खबरें एक नजर में

### टेंपो पलटने से आधा दर्जन सवारियां घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव गन्धिया निवासी ऊषादेवी की 3 वर्षीय पुत्री वैष्णवी व कम्पिल थाना क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी मदारी निवानी सावित्री उम्र 45 वर्षीय पत्नी प्रमोद कुमार, क्षेत्र के गाँव सवितापुर बिहारीपुर निवासी सूरज पाल उम्र 70 वर्ष, ऊषा देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी सुभाषचंद्र कम्पिल से टेम्पो में सवारियों को बैठालकर कायमगंज आ रहा था। जैसे ही वह गॉव मेंदपुर के निकट पहुँचा उसी दौरान टेम्पो अनियन्त्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें बैठी सभी सवारियां दबकर घायल हो गईं। चीख पुकार मच गई। वहाँ पर मौजूद लोग दौड़े और दबी हुए लोगों को टेम्पो के नीचे से निकालकर 108 एम्बुलेन्स द्वारा सभी घायलों को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सूरज पाल की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं घायल उक्त लोगो ने बताया कि टेम्पो चालक बहुत तेज टेम्पो चला रहा था। जिससे टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगायी फांसी, इलाज कराने से किया इनकार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुटौल निवासी अनूप कुमार उम्र 22 वर्षीय पुत्र करन किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियो में गले में फांसी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। यह देख परिजनों के हाथ पांव फूल गए और आनन-फानन में उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारकर कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ उक्त युवक ने इलाज नहीं कराया। वहीं इमरजेंसी रजिस्टर पर लिखा कि मैं अपनी मर्जी से इलाज नहीं कराना चाहता हूं। परिजन उसे घर ले गए।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक महिला से मारपीट करने पर हुए आमादा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव गंगलऊ परमनगर निवासी प्रियंका देवी पत्नी देवेन्द्र सिंह शनिवार शाम लगभग 7:30 बजे घर पर थी। उसी दौरान गांव के ही निवासी विशेश्वर पुत्र मुन्नालाल, रनधीर पुत्र मुन्नालाल दरवाजे पर आकर रंजिश को लेकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर दबंग युवक उसके साथ मारपीट करने पर आमादा हो गये। थाना पुलिस को प्रियंका देवी पत्नी देवेन्द्र सिंह ने दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यबाही का भरोसा दिया।

# जाहरवीर गोगा महाराज की जयंती पर निशान यात्रा का हुआ आयोजन



निशानों की पूजा अर्चना करते भक्त

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज में जाहरवीर गोगा महाराज की जयंती पर परंपरानुसार निशान जुलूस का आयोजन किया गया। नगर के मुख्य लोहाई बाजार में सारी रात निशानों का आना जारी रहा। इस जुलूस में लालबाग, अताईपुर, पुरौरी, अलीगंज, रायपुर, चिलौली, बगिया, चिलांका, दमदमा आदि स्थानों के निशान शामिल हुए। लोहाई बाजार से निशान यात्रा शुरु हुई। जो मुख्य चौराहाए गल्ला मंडी, लालकुआं होती हुई गामा देवी मंदिर पहुंची। जहां समाज के लोगों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा में प्रमुख रूप से नरेश खलीफा, सुंदर भगत, महेश भगत, उमेश चंद, पिंटू कोतवाल, उमेश चंद, अशोक, सोनेलाल, रमेश भगत शामिल हुए। वहीं मेले में शामिल 15 वर्षीय सबसे कम आयु का भगत कृष्ण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने समाज की महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की विधि विधान से पूजा कराकर उन्हें आशीर्वाद भी दिया। वे अपना निशान भी ले कर आए थे।

# बाजार कहकर घर से निकले युवक का शव बाढ़ के पानी में उतराता मिला

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**



मृतक का फाइल



रोते बिलखते मृतक के परिजन

घर से निकले युवक का शव गंगा में उतराता मिला। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी कलेक्टर (35) का शव रविवार सुबह गांव राईपुर चिनहटपुर के पास बनी पुलिया में बाढ़ के पानी में उतराता मिला। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला।

शव देखकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी गुरुमाला का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के 9 बच्चे मोहिनी (16), (सुंदरी 14), रोशनी (10), गोल्डी (8), अनुष्का (6), पायल (5), अंशिका (4), सूर्यांश (3) वर्ष, दिव्यांश (6) माह है। मृतक के परिजनों ने बताया की शुक्रवार सुबह युवक पत्नी से घर से बाजार की कहकर गया था। शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार शाम को परिजनों ने युवक की गुमसुदगी दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया था।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# एसडीओ बोले, डीएम से कहो या सीएम से, नहीं जोड़ूंगा लाइट

- तीन दिनों से गुल है ग्राम अजीजाबाद की बिजली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बिजली विभाग के अधिकारियों पर शासन और प्रशासन की कोई लगाम नहीं रह गयी है। खासकर नवाबगंज और शमसाबाद का हाल तो बेहद बुरा है। विकास खण्ड शमसाबाद के ग्राम अजीजाबाद में तीन दिनों से बिजली गुल है। जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद एसडीओ ने विद्युत व्यवस्था सुचारु नहीं की। उल्टा प्रधान से कहा डीएम से कहो या सीएम से नहीं जोड़ूंगा लाइट।

शमशाबाद ब्लाक के ग्राम अजीजाबाद की बिजली बीती 8 अगस्त को सुबह आठ बजे काट दी गयी। कहा गया कि विद्युत पोल के आसपास पानी भरा है। जिस पर प्रधान महेश ने हुसैनपुर तराई के अवर अभियन्ता को प्रार्थना पत्र दिया कि विद्युत पोलों के पास पानी नहीं है। विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी जाए। जब बत्ती नहीं चालू हुई तो गांव के युवा समाजसेवी धर्मेन्द्र राजपूत ने 9 अगस्त रात्रि 8:48 बजे जिलाधिकारी से मामले की फोन पर शिकायत की। जिस पर डीएम ने अधीक्षण अभियन्ता को लाइन पर लेकर विद्युत चालू करने के निर्देश दिये।

अधीक्षण अभियन्ता ने एसडीओ नवाबगंज को बिजली चालू करने को कहा। जब धर्मेन्द्र राजपूत ने एसडीओ नवाबगंज से बात की, तो उन्होंने कहा कि डीएम से कहो या सीएम से नहीं जोड़ूंगा लाइट। ऐसा ही कुछ कथन जेई शमसाबाद जुनैद शेख का था। 72 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिल गांव अब भी अंधेरे में है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

# भोजपुर में ईद मिलादुन्नबी का जलसा सम्पन्न



जलसे के दौरान मौजूद अकीदतमंद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** हजरत इमाम हुसैन और हसन की याद में जलसा-ए-मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। अकीदतमंदों ने कुरान ख्वानी की।

भोजपुर में शनिवार को चैहल्लु के उपलक्ष्य में हजरत इमाम हुसैन और हसन हुसैन की याद में जलसा- ए-मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव और क्षेत्र का माहौल अकीदत और भाईचारे से सराबोर रहा। सुबह से ही मस्जिदों और इमाम चौक पर अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने कुराने पाक की तिलावत और कुरान ख्वानी करवाई फतहा पढ़ी। साथ ही देश और दुनिया के लिए दुआएं मांगी गईं। नाते पाक की गूंज से पूरा इलाका महक उठा। कार्यक्रम में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बड़े जोश और खरोश के साथ परंपरागत आयोजन का हिस्सा बने। इस अवसर पर गांव के लोगों ने मिलजुल कर गरीब, मिस्किन और बच्चों को खाना, फल और मिठाई वितरित की। इससे आपसी मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत का पैगाम मजबूत हुआ। कार्यक्रम में कमेटी के हजरत यामीन हुसैन, लहीक हुसैन और सैयनुद्दीन समेत अन्य लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन में धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए श्रद्धा और सम्मान के साथ हजरत इमाम हुसैन और हसन हुसैन को याद किया गया।

# बिजली के शार्ट सर्किट से कपड़े के शोरूम में लगी भीषण आग, लाखों का माल खाक

- सूचना के घंटों बाद पहुंची फायर ब्रिगेड, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



शोरुम में लगी आग से उठता धुएं का गुबार

नगर के मोहल्ला प्रधानिया टोला निवासी राजू रस्तोगी का बाजार कलां में तीसरी मंजिल पर कपड़े का शोरूम है। यहीं पर कभी ज्वेलर्स का भी शोरुम था। रविवार की सुबह 9:30 बजे के करीब अचानक शोरुम में उस वक्त आग लग गई जब शोरूम बंद था। बताते हैं जब धुएं का गुबार बाहर निकला, तो लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में कुछ लोगों ने घटना की जानकारी शोरूम स्वामी को दी। कुछ लोगों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। सूचना पाकर शोरूम स्वामी मौके पर पहुंचा, तो शोरूम के अंदर धुएं के गुबार उठ रहे थे। लोगों ने आग बुझाने के तमाम प्रयास किए यहां तक की नगर पंचायत से पानी के लिए टैंकर और लिफ्ट की सहायता ली गई लिफ्ट के सहारे आग बुझाने का काफी देर तक प्रयास होता रहा, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, तो पुलिस ने आगजनी की घटना की जांच पड़ताल करते हुए सूचना उच्चाधिकारियों को दी। वहीं उच्चाधिकारियों के निर्देश पर फतेहगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ी घंटों बाद शमशाबाद पहुंची। बताया गया है जब तक फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने की कोशिश की तब तक शोरूम जलकर खाक हो चुका था। फायर ब्रिगेड आग बुझाने की शेष प्रक्रिया पूर्ण कर वापस लौट गई। हालांकि इस आगजनी की घटना में लाखों रुपए के कीमती कपड़े जलकर खाक हो गए। सबसे बड़ी बात यह है शमशाबाद नगर क्षेत्र में एक बड़ी आबादी होने के बावजूद भी यहां प्रशासन द्वारा फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध नहीं कराई गई। जिससे आए दिन क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं बर्बादी का कारण बनीं हुई है। लोगों का यह भी कहना था अगर समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ गई होती तो शायद एक बड़ा नुकसान होने से बच जाता। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी शमशाबाद पहुंची तब तक तो सब कुछ जलकर खाक हो चुका था।

# पति से आये दिन विवाद के चलते महिला फांसी पर झूली

- पहले पति की मौत के बाद दूसरा विवाह किया था

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आये दिन पति से विवाद से क्षुब्ध होकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला भूण निवासी सुमित्रा बहेलिया उम्र 35 वर्षीय पत्नी शिवकुमार ने घर के कमरे में दुपट्टे से फॉसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल की।

वहीं मृतका की सास विटोली देवी ने बताया की सुमित्रा का पहला विवाह पड़ोसी गाँव नगला दिउसी के रहने वाले रोशनलाल के साथ हुआ था। जिससे दो बच्चे हैं कुनालए व बालेश। बीते लगभग 1 वर्ष पूर्व रोशनलाल दारू के नशे में ट्रैक्टर में आलू लेकर कोल्ड स्टोर जा रहा था। रास्ते में स्टेयरिंग से नीचे गिर गया था और उसकी मौत हो गई थी। उसके बाद उसका विवाह शिवकुमार से हुआ था। बताते हैं कि शिवकुमार का उसकी पहली पत्नी से आये दिन विवाद होता रहता था। जिसके बाद उसकी पत्नी अपने दो बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी और शिवकुमार को छोड़ दिया था। उसके बाद शिवकुमार ने सुमित्रा बहेलिया से बात की कि हमारी पत्नी हमें छोड़कर चली गई और तुम्हारे पति की मौत हो गई है, तो तुम हमसे विवाह कर लो। सुमित्रा बहेलिया ने परिजनों की सहमति से शिवकुमार के साथ विवाह कर लिया और अपने दोनो बच्चों को साथ लेकर शिवकुमार के साथ रहने लगी। कुछ दिन बाद से ही पति-पत्नी में आये दिन विवाद होता था। जिससे शुब्द होकर सुमित्रा बहेलिया ने रविवार को घर के कमरे मे फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल की।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बालक का शव फांसी पर लटका मिला



अस्पताल में मौजूद मृतक बालक के परिजन

**कायमगंज।** संदिग्ध परिस्थितियों में बालक का शव घर की तीसरी मंजिल पर फांसी पर लटका मिला। परिजन उसे उतारकर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गाँव मोहन नगला निवासी हर्षपाल उम्र 9 वर्षीय पुत्र सन्तोष कुमार पाल का उसके ही घर की तीसरी मन्जिल पर संदिग्ध परिस्थितियों में शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। जब परिजनो ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो आनन-फानन में नीचे उतारकर प्राइवेट वाहन द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां ड्यिूटी पर तैनात चिकित्सा प्रभारी डा0 शोभित शाक्य ने हर्ष को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# 15 अगस्त को नगर में निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की बैठक 15 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा निकाले जाने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष धीरज पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। एक गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं व्यापार मण्डल, विभिन्न संगठनों से अपील की गई कि तिरंगा यात्रा में 15 अगस्त को शामिल हो। यात्रा को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां दी गई और जिला प्रशासन से अनुमति भी ले ली गई है।

यात्रा गुरुगांव देवी मंदिर से शुरु होकर बीबीगंज, टाउनहाल, पक्कापुल, चौक, घुमना, लालदरवाजा तक आयेगी और बद्री



कार्यक्रम की जानकारी देते पदाधिकारी

विशाल महाविद्यालय में राष्ट्रगान के साथ समापन होगा। धीरज पाण्डेय ने बताया कि यात्रा को इस बार और गति दी गई है। बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। यात्रा को भव्य बनाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की टीम ने मिलकर दिव्यता प्रदान की है। पिछले तीन वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का साक्षी बनने के लिए संगठन द्वारा नगर के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें व्यापार मण्डल, साहस इंडिया ग्रुप, ब्राह्मण जन सेवा समिति, भारतीय किसान यूनियन, किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश, कियान यूनियन स्वराज ग्रुप, हेल्पज फाउंडेशन सोसाइटी, संस्कार भारती, अपना दल, लोधी महासभा के लोग शामिल होंगे। इस मौके पर गौरव यादव, सदानंद शुक्ला, विक्रांत अवस्थी, सौरव गुप्ता, विशाल दुबे, आदित्य दीक्षित, अखिलेश राजपूत, सौरव शर्मा, आसिफ जमा खान, कुनाल कटियार, अभिनव कटियार, अभिषेक मिश्रा, रवि शुक्ला, राजेश यादव, अतुल मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, सौरव शाक्य, नारायन दत्त द्विवेदी, श्याम सुंदर लल्ला, चन्द्रशेखर शर्मा, सुरजीत कटियार, अरविन्द शुक्ला, सौरव दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगर में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा में भाग लेते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को भाजपा पूर्वी मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा बाइक यात्रा में हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया गया और भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयकारे लगाये गये। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, अभिषेक बाजपेयी, धर्मेन्द्र राजपूत, अंकित गुप्ता, नरेन्द्र आर्य, अरुण दुबे, ओमू दुबे, विश्राम सिंह यादव, संजू शर्मा, सागर गुप्ता, रोहित शर्मा, सरल त्रिवेदी, भल्लू कश्यप, उधम राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं ने रक्षाबंधन पर सैनिक भाईयों के बांधी राखी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रक्षाबंधन का पावन पर्व सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी बेटियों ने इस बार विद्यालय में एक अनोखे और भावपूर्ण अंदाज में मनाया। विद्यालय की छात्राओं ने देश की सीमाओं की रक्षा में सदैव तत्पर हमारे सैन्य अधिकारियों और वीर जवानों के साथ यह त्योहार मनाकर, उनके साहस और त्याग को नमन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राखी बनाओ प्रतियोगिता से हुई। जिसमें चयनित सुंदर राखियों को छात्राओं ने बड़े गर्व और प्रेम से वीर सैनिकों की कलाइयों पर बांधा।

राखी के धागों के साथ उन्होंने देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए अपनी शुभकामनाएँ और आशीर्वाद व्यक्त किए।



रक्षाबंधन पर्व पर सैनिक भाइयों के साथ छात्रायें

इस भावुक क्षण में छात्राओं ने सैनिकों से वचन लिया कि वे राष्ट्र की रक्षा में सदैव डटे रहेंगे, और सैनिकों ने भी पूरे उत्साह से इसे स्वीकार किया। सैन्य अधिकारियों और जवानों ने भी इस स्नेह के बदले छात्राओं को चॉकलेट्स और उपहार देकर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में राजपूत रेजीमेंट के सैन्य अधिकारी, जवान, शिक्षकगण एवं विद्यालय की छात्राएं दीप्ति दिव्या, अंशी, रिद्धि, वैष्णवी, जाह्नवी उपस्थित रहीं।

# वरिष्ठ नागरिक दिवस पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया जायेगा सम्मानित



बैठक को सम्बोधित करते प्रभु दयाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। बैठक में ८० साल के ऊपर वरिष्ठ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष विष्णुभगवान कटियार ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिलकर समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर संघ के प्रति समर्पित नागरिकों को सम्मानित किया जायेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभु दयाल ने कहा कि एसोसिएशन का सदस्यता अभियान चलाया जाये। संचालन राजीव बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर राम श्याम अवस्थी, जोगराज सिंह, मुनीष दीक्षित, रनवीर सिंह यादव, केशव सिंह यादव, सियाराम, अमरनाथ कश्यप, सुरेश चन्द्र, नंदकिशोर शर्मा, सुखदेव दीक्षित, जागेश्वर प्रसाद राजपूत, अखिलेश मुरारी पाण्डेय, धीरेन्द्र कुमार, शिव कुमार कटियार, ओमपाल सिंह, सर्वेश कुमार, सुभाष चन्द्र गुप्ता, नरेन्द्र बहादुर परिहार, रामपाल बाजपेयी, ब्रह्मदेव मिश्रा, अवनीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता डा0 जीएस राजपूत ने की।

# सपा कार्यालय में फूलन देवी की मनायी गई जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी की पूर्व सांसद अमर शहीद वीरांगना फूलन देवी की जयंती पार्टी कार्यालय आवास पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनायी गई और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। स्व0 फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि फूलन देवी की स्मृतियां नारी शक्ति एंव अन्याय के खिलाफ क्रांति का प्रतीक हैं, उनकी विचारधारा पीडीए परिवार की बहुमूल्य धरोहर है, जिसे हम समाजवादी लोग सदैव जीवंत रखेंगे।

सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के0के0 यादव, सन्तोष दिवाकर, शिव शंकर शर्मा, आदेश यादव आदि ने विचार व्यक्त किये। वहीं पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने नगर पंचायत खिमसेपुर के नगला स्वामी में जिला पंचायत सदस्य आलोक द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में फूलन



फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। उर्मिला राजपूत ने कहा कि जितनी भी देवियां इस दुनियाँ में हैं मेरे निजी जीवन में सबसे ज्यादा मान्यता अगर किसी की है तो वो हैं फूलन देवी जी। उन्होंने जुल्म के खिलाफ वो क्रांति पैदा की जिसका सदियों तक समाज में उदाहरण पेश किया जाएगा। इस मौके पर आलोक यादव, विजय सिंह वर्मा, घनश्याम कश्यप, अजब सिंह कश्यप, आयुष कश्यप, कृष्ण कुमार राजपूत, नबाब सिंह बाथम, नीरज यादव आदि मौजूद रहे। वहीं नवाबगंज में सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने अपने सिरमौरा बांगर आवास पर मासिक बैठक की। साजिद अली ने कहा कि मोहम्मदाबाद-नवाबगंज क्षेत्र में सबसे पहले रामसेवक सिंह यादव ने पार्टी से हम लोगों को जोड़ा था, हम तभी से पार्टी में जुड़े हुए हैं और सक्रिय रूप से पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं और जीवन के अंतिम दिन तक ये क्रम जारी रहेगा। फूलन देवी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किये। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव जैसा व्यक्ति होना मुश्किल है। उन्होंने जेल में बंद जातिवाद और जुल्म का शिकार हुई एक महिला को न सिर्फ लोकसभा का टिकट दिया, बल्कि चुनावी सभा में आम जनमानस को मंच से ये कहा था कि भले ही हमें हरा देना, लेकिन फूलन देवी को अवश्य जिता देना। इस मौके पर हाजी अहमद अंसारी, प्रभात यादव, डा0 नवरंग सिंह यादव, बिजेन्द्र सिंह यादव, जुल्फिकार अब्बास जैदी, मुदस्सिर खां, बादल मंसूरी, जाहर सिंह, कमल हसन, मुजाहिद अंसारी, अश्विनी यादव, फैजान खान, शीशराम बाथम,आलोक राजपूत, मुराद अली, फारुज अली, रघुवीर सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# निषाद पार्टी ने केक काटकर मनायी फूलन देवी की जयंती



जयंती मनाते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप के नेतृत्व में पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती मनायी गई।

जिला कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और केक काटकर जयंती मनायी गई। अनिल कश्यप ने फूलन देवी पर हुए अत्याचार के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर सर्वेश कुशवाहा, मुनीष कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, जितेन्द्र कनौजिया, मुकेश कश्यप, सुरेन्द्र पुजारी, बाबूराम, प्रदीप सक्सेना, अमित कश्यप, सोहन लाल, विमल कश्यप, महिला जिलाध्यक्ष दुर्गेश कश्यप, आनंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने ट्रंप नीति का किया विरोध

▸ विदेशी वस्तु छोड़, स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग की पहल पर युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल के नेतृत्व में अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 50 प्रतिशत टैरिफ नीति का विरोध किया गया। फतेहगढ़ के सर्राफा बाजार में व्यापारियों और संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर विरोध किया गया।

युवा जिला के चेयरमैन ऋषि बंसल, युवा जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी, युवा जिला मंत्री अर्पण अग्रवाल, नगर अध्यक्ष युवा फेतेहगढ़ संदीप सक्सेना, फतेहगढ़ अध्यक्ष रविकांत गुप्ता व आकाश गुप्ता आदि सदस्यों ने विरोध किया। सर्राफा व्यापारी संदेश अग्रवाल, मोनू वर्मा,




ट्रंप नीति का विरोध करते व्यापारी

सौरव वर्मा, श्यामजी वर्मा, आकाश वर्मा, सलमान खान, शानू कुमार के साथ मिलकर फतेहगढ़ सब्जी मण्डी में अमेरिका के राष्ट्रपति की 50 प्रतिशत टैरिफ नीति का विरोध करते हुए अमेरिकी उत्पाद न खरीदन का संदेश दिया। युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने कहा कि भारतीयों को स्वदेशी पर ध्यान देना चाहिए। विदेशी कंपनियों का विरोध किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारतीय पूरे विश्व में में अपना जलवा बिखेर रहे है। आज भारतीय व्यापार सबसे मजबूत है।

भारतीयों को मिलकर भारतीय उत्पाद ही खरीदने चाहिए। अमेजन और फ्लिपकार्ड के द्वारा कोई भी सामान नहीं मांगना चाहिए। स्वदेशी अपनाने विदेशी भगाएं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष में व जिला मंत्री ने भी अपने-अपने विचार रखे और स्वदेशी पर जोर दिया।

# कपड़े की दुकान पर शार्टसर्किट से लगी आग से हुआ लाखों का नुकसान



घटना स्थल पर मौजूद नदीम अहमद फारुखी

▸ नगर पंचायत के टैंकरों ने आग पर पाया काबू

**फर्रुखाबाद/, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा शमशाबाद के राजू रस्तोगी की कपड़े की दुकान पर भीषण आग तीसरी मंजिल पर शार्टसर्किट से लग जाने के कारण बड़ा नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पाकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुखी ने मौके पर पहुंचकर नगर पंचायत के कर्मचारियों का टैंकर लिफ्ट आदि की व्यवस्था करवायी। नगर पंचायत प्रशासन ने हर सम्भव आग बुझाने के लिए प्रयास किया। नगर में फायर ब्रिगेड की मांग नदीम अहमद फारुखी ने की। अगर मौके पर फायर ब्रिगेड होती तो बड़ा हादसा नहीं होता। उन्होंने बताया कि प्रशासन को पहले ही पत्र लिखा था कि नगर में फायर ब्रिगेड होनी चाहिए। फायर ब्रिगेड होने से आसपास के लोगों को राहत मिलेगी और हादसा नहीं होगा।

# एसडीएम सदर ने दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन का किया शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फाइलेरिया अभियान के तहत एसडीएम सदर रजनीकांत ने फाइलेरिया की दवा खाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सिविल अस्पताल लिंजीगंज के चिकित्साधीक्षक डॉ0 राणा प्रताप, परितोष, पीसीआई से संगीता, अनुपम मिश्र और पाथ से नवीन ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया। साथ ही सिविल अस्पताल लिंजीगंज में तैनात कर्मचारियों और मरीजों को भी दवा खिलाई गई।

एसडीएम सदर ने कहा हमें अपने जिले से ही नहीं इस देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान में शामिल होकर दवा का सेवन अवश्य करें। वीवीडी के नोडल अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव ने बताया हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पांव हो जाना यानी पैरों में सूजन हो जाना, महिलाओ के स्तन में सूजन



फाइलेरिया की दवा खाते एसडीएम

आ जाना, यह सब फाइलेरिया रोग के लक्षण हैं, फाइलेरिया रोग क्यूलैक्स मादा मच्छर के जरिए फैलता है। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है फिर यह मच्छर रात के समय किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काट लेता है तो फाइलेरिया रोग के परजीवी रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया रोग से ग्रसित कर देते हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली ने कहा कि अभियान के दौरान जिले के लगभग 1139987 लाख लोगों को दवा खिलाई जायेगी। इसके 1211 टीमें और 258 सुपर वाइजर लगाए गए हैं। सिविल अस्पताल लिंजीगंज के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 राणा प्रताप ने बताया कि 2 वर्ष की आयु से ऊपर के लोगों को फाइलेरिया की दवा दी जायेगी। दवा खाली पेट नहीं खाना है। इस दौरान संजय बॉथम, नूर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अहले सुन्नत पर हुए जलसे में दीनी दुनियावी पर दिया जोर

▸ लोको दरगाह के सलाना उर्स में दूसरे दिन उमड़े अकीदतमंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दरगाह शाहबुद्दीन औलिया के सालाना चार रोजा उर्स में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ रही है। चादरपोशी गुलपोशी का दौर जारी है। तहाफ्फुजे अहले सुन्नत पर एक जलसे का एहतमाम हुआ। जिसमें अलग अलग शहरों से पहुंचे उलेमाओं ने दीनी और दुनियावी तालीम सीखने पर जोर दिया। कहा गया कि दिन को सीखना जितना जरूरी है उतना ही दुनियावी तालीम जरूरी है।

फतेहगढ़ लोको स्थित गंगा जमुनी




जलसे में खिताब फरमाते मौलाना

तहजीब की प्रतीक दरगाह शहाबुद्दीन औलिया के 265वें सलाना उर्स जारी है। चार रोजा उर्स में देश के अलग-अलग शहरों से अकीदतमंद पहुंच रहे है। शनिवार रात में तहाफ्फुजे अहले सुन्नत पर जलसे का एहतमाम किया गया। जिसमें पटना के प्रो0 शमीमुद्दीन मुनामी ने तकरीर पेश करते हुए लोगों से कहा कि जहां रहे जैसे भी रहे और जिस हालत में रहो, लेकिन बच्चों को तालीम सिखाओ। तालीम उतना ही जरूरी है जितना जरूरी इंसान के लिए आक्सीजन जरूरी है। इसलिए बच्चों को दिन की तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम सिखाओ। मकनपुर के अशफाक जाफरी ने कहा कि बेटियों की तालीम बहुत जरूरी है, बेटियों को तालीम से महरूम मत रहने दो। बेटियां ही घरों की रोशनी है अगर बेटियां तालीम याफ़्ता होंगी तो वह कई पीढ़ियों को संवार सकेंगी। सैय्यद मुक्तदा हुसैन जाफरी, सोहेल मियां ने भी तकरीर पेश की। मुफ्ती सजर अली ने नात पाक पेश की तो जलसे में मौजूद अकीदमंद झूम उठे। सज्जादा नशीन मोहम्मद शरीफउर्फमोहब्बत शाह, नायाब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम ने दुआ की। इस मौके पर आकिब खान, मोहसिन खान आदि रहे।

## मदरसों को लेकर सरकार की मंशा साफ नहीं है

**फर्रुखाबाद।** लोको दरगाह पर पहुंचे पटना दरगाह के सज्जादा नशीन सैय्यद शाह शमीमुद्दीन अहमद ने कहा कि सरकार की मदरसों को लेकर मंशा साफनहीं है। सरकार कहती तो है कि मदरसों का आधुनिकीकरण करेंगे, लेकिन किसी मदरसे में आज तक कम्प्यूटर और शिक्षक नहीं दिए है। आल इंडिया उलेमा मशायक बोर्ड के पूर्व चेयरमैन शाह अम्मार अहमद अहमदी रुदौली शरीफने भी अपनी बात रखी। सूफी फहीम उर्फ राजा, मौलाना शोएब आतीर मदारी, मिन्हाज उर्फ लवली, फहीम उर्फ राजू, हाजी वसीम जमा, मोहसिन साबरी, अनवर खान, हाजी शाहनवाज, उमर खान, मुबीन खान साबरी, अंसार साबरी, प्रवीन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शिवम्, रफत हुसैन व मुहम्मद हनीफ उर्फ बबलू आदि मौजूद रहे।

# आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इस्लामिया स्कूल हाथीखाना फतेहगढ़ में आर्म्स रेसलिंग का आयोजन किया। आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल प्रबंधक सैयद रिजवान अली ने किया। प्रतियोगिता के संयोजक फरदीन और मुहफीज सिद्दीकी ने बताया कि आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता में शहर के अलग-अलग मोहल्लों से आये हुए करीब 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

सैय्यद रिजवान अली ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिता होना बहुत जरूरी है, जिससे बच्चों के अंदर खेलों में रुचि बढ़ती है और ऐसे सभी बच्चे शारिरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं और बच्चों के जीवन के लिए जिस तरह से शिक्षा एक जरूरी हिस्सा है उसी तरह बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना भी जरूरी है। हमें सभी ऐसे बच्चों की हौसला अफजाई करना चाहिए जो आज मोबाइल के दौर में ऐसी प्रतियोगिताएं कराते हैं। आर्म्स रेसलिंग में लगभग 50 बच्चों ने हिस्सा लिया।




प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते रिजवाल अली

जिसमें 50 किलो तक के मुहाफिज सिद्दीकी प्रथम व सुफियान पठान द्वितीय, 50 से 60 किलो में उजैर कुरैशी फरदीन पठान, 60 से 70 किलो में जुनैद पठान, उजैर कुरैशी व वायें हाथ में सत्यम, शाहिल विजेता रहे। इस मौके पर खुर्शीद अहमद आलम, तौसीफ अली, हाफिज सलमान, खुशरू, तारिक फराज आदि लोगो मौजूद रहे।

# संस्कृत दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कृत दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन कवि डा0 कृष्णकांत अक्षर के आवास पर लोहाई रोड पर सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता आचार्य ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री ने की। संचालन कृष्णकांत अक्षर ने किया। आचार्य कपिध्वज मिश्र ने वाणी वंदना के साथ शुभारम्भ किया। वक्ताओं में कायमगंज से आये संस्कृति विभागाध्यक्ष डा0 मिताली ने कहा कि संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन भाषा है। ऋग्वेद विश्व का प्रथम ग्रंथ है। इस भाषा में व्याकरण अति वैज्ञानिक है। भारत के प्रति भी प्रदेश में संस्कृत का विरोध नहीं है। बद्री विशाल कॉलेज की संस्कृत विभागाध्यक्ष डा0 अर्चना पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत भाषा सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति में निहित है। कृष्णकांत अक्षर ने कहा कि संस्कृत भाषा अमेरिका की अंतरिक्ष एंजेसी नासा में सर्वाधिक वैज्ञानिकों ने पूर्ण माना है। संस्कृत हमारे उद्वांत चरित्र का गठन का हमें योग्य नागरिक बनाती है। ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री ने कहा कि सारे ऋषि-मुनियों का ज्ञान इसमें निहित है। देश में संस्कृत के पांच लाख हस्तलिखित ग्रंथ है। इस मौके पर सुभाष चन्द्र गंगवार, ईशान त्रिपाठी, नामेश अग्निहोत्री, संजय दुबे, संतोष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# समाज को संस्कारवान बनाना आर्य समाज का उद्देश्य : संदीप आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में आयोजित वेद प्रचार अभियान के अंतर्गत खुदागंज क्षेत्र के गांव केशरी नगला में श्रावणी उपाकर्म पर्व धूमधाम से मनाया गया। वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रों से ग्रामवासियों ने आहुतियां प्रदान कीं। यज्ञ के उपरांत विद्वानों ने पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने वक्तव्य देकर ग्रामीणों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के संयोजक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वैदिक परंपरा में श्रावणी पर्व का बड़ा महत्त्व है। श्रावणी उपाकर्म वैदिक जीवन में एक वार्षिक पवित्र नवीनीकरण का पर्व है। इस दिन यग्योपवीत बदला जाता है और नया धारण किया जाता है।

यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि वेदाध्ययन, गुरु-शिष्य परंपरा और ऋषि-स्मरण से जुड़ा हुआ गहन सांस्कृतिक आयोजन है। प्राचीनकाल में चतुर्मास के विश्राम के बाद इस दिन से गुरु और शिष्य पुनः वेदपाठ आरंभ करते थे। यह नई ऊर्जा और संकल्प का प्रतीक है। वेद ज्ञान देने वाले ऋषियों-जैसे वेदव्यास, वशिष्ठ, याज्ञवल्क्य, अगस्त आदि के प्रति अपनी कृतयज्ञता व्यक्त करने का



हवन में आहूतियां देते लोग

पर्व है।

घनश्याम आर्य ने कहा कि यह सामाजिक एकता का पर्व है, इस अवसर सामूहिक वेदपाठ, गुरु-शिष्य मिलन और धार्मिक संवाद का होता है। आचार्य राम रहीस ने कहा कि वेदों के पठन पाठन को त्यागने के कारण सनातन धर्म का पतन हो रहा है सनातन गौरव को पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए ही दयानंद सरस्वती ने वेदों की ओर लौटो का नारा दिया। रमेश आर्य ने कहा कि घर को स्वर्ग बनाने के लिए बेटियों को वैदिक शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि एक संस्कार वान कन्या दो घरों को प्रकाशित करती है। आर्य समाज का उद्देश्य बेटियों को संस्कारवान बनाना है। आचार्य सतीश देव ने युवाओं को यग्योपवीत धारण कराकर उसका महत्व बताया। इस अवसर पर देव शास्त्री, जगदीश आर्य, मुकेश आर्य, नेकराम यादव, अमरसिंह आर्य, खुशीराम आर्य, फूल सिंह, जयवीर, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## महिला ने मारपीट की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव बलीपुर निवासी कमला देवी पत्नी शिवराज सिंह शनिवार रात लगभग 9 बजे घर पर थी। उसी समय उनके परिवार के ही होतेलाल पुत्र सियाराम, राहुल पुत्र होतेलाल, रोहित पुत्र होतेलाल, प्रमोद पुत्र नवरत्न, सिंह आकर रंजिश को लेकर गाली गलौज किया। विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने कमला देवी के साथ मारपीट कर दी। कमला देवी को बचाने आए पुत्र सौरभ व गौरव को भी मारपीटा। मारपीट में कमला देवी, सौरभ, गौरव चोटिल हो गए। पुलिस को कमला देवी पत्नी शिवराज सिंह ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# परम्परागत तरीके से खेती कर आय दुगुनी करें किसान : अरुण सिंह

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।



हलिया क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित एक लान में रविवार को धानुका एग्रीटेक लिमिटेड व गिरिजापुर सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय कृषि कार्यशाला के मुख्य अतिथि अरुण सिंह राजयसभा सांसद राष्ट्रीय महासचिव व धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के चेयरमैन आरजी अग्रवाल ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण सिंह ने कहा की किसान भाई परम्परागत तरीके से खेती कर आमदनी दुगनी कर सकते है नकली बीज व कितनाशक का प्रयोग कर सामग्री लेते समय बिल आवश्यक ले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दुगनी करने के लिए प्रयासरत है। इसलिए अमेरिका द्वारा लगाए ट्रेरिफ़ के आगे प्रधानमंत्री झुक नहीं रहे है। अमेरिका भारत देश में अपना गेहूं 12 रूपये में भेजना चाहता है और देश में दूध 25 लीटर रूपये देना चाहता है लेकिन प्रधानमंत्री किसान भाई के हित में कार्य कर रहे है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के चेयरमैन आरजी अग्रवाल ने कहा की किसान विज्ञान को अपनाकर परम्परागत तरीके से खेती कर आय दुगनी कर सकते है। वैज्ञानिक लोग बिना रिसर्च के बिना परम्परागत खेती सम्भव नहीं है। कृषि वैज्ञानिक बीएचयू श्री राम सिंह ने गौ आधारित खेती के संबंध में जानकारी देते हुए कहा की गौ आधारित खेती करके किसान कम लागत से आय दुगनी कर सकते है। गौ आधारित खेती के लिए किसान मिट्टी के स्वास्थ्य परीक्षण कराके कम लागत से खेती कर सकते है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरक का उपयोग करके संतुलित उर्वरक का उपयोग कर सकते है। इस दौरान एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ़ विनीत सिंह, विधायक रमाशंकर पटेल, सभापति जिला सहकारी बैंक जगदीश सिंह पटेल, राजेश सिंह राष्ट्रीयवादी, ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह, सुधीर सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ़ राकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## रक्षा बंधन पर बाजारों में राखी, मिठाई के दुकानों पर रही रौनक

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। क्षेत्र में रक्षा बंधन का पर्व धूम धाम से मनाया गया। शनिवार को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भाई एवं बहनों ने एक दूसरे कि राह देखते हुए बहन के आने का इंतजार करते रहे। सुबह से ही घर में पूजा की तैयारी, पकवानों की खुशबू और मधुर गीतों ने वातावरण को पर्वमय बना दिया। रंग-बिरंगी राखियों और रोली-अक्षत से सजे थाल, मिठाई की कटोरियां और भाई के माथे पर लगने वाले तिलक की लालिमा, हर घर में उत्सव की चमक बिखेर रही थी। शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगा कर कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और सुख-समृद्धि तथा दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। बदले में भाइयों ने उपहार देकर जीवनभर रक्षा का संकल्प दोहराया।बाजारों में सजे मिठाई और राखी के दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। वहीं सर्राफा बाजार में चांदी के आभूषणों की खरीदारी ने रौनक बढ़ा दी। सावन का अंतिम दिन होने से मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

# श्रावणी पूर्णिमा पर दीक्षा दिवस का हुआ आयोजन

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



श्रावणी- पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आनंद मार्ग राजाधिराज योग केंद्र आनंद धारा साधुघाट आराजी लाइन अदलपुरा के प्रांगण के प्रांगण में दीक्षा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलं का एक प्रहरी तीन घंटे का अखंड कीर्तन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 तक हुआ।

इसी के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आभा सेवा सदन के अंतर्गत चिकित्सा शिविर का शुभारंभ डॉक्टर एस बी चौहान,डॉक्टर अनिल तिवारी,डॉक्टर राकेश, डॉक्टर ओम प्रकाश की उपस्थिति में दवा आदि दिया गया। कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से अस्वस्थ हैं वे यहाँ अनुभवी चिकित्सक से परामर्श व होमियो दवाई ले सकता है।साथ साथ आयुर्वेदिक,प्राकृतिक,यौगिक द्रव्यगुण चिकित्सा पद्धति पर आधारित योगासन,योगध्यानके साथ होमियोपैथिक औषधि धर्मार्थ निःशुल्क प्राप्त दिया गया।आचार्य संजीवानंद अवधूत ने सभी को धन्यवाद दिए।इस अवसर पर आचार्य शरणानंद,राघवानंद,लोकनाथनन्द,दीदी अवधुतिका आनंद अनन्या आचार्या सहित सभी मार्गीगण की सहयोग सराहनीय रहा।

## बड़ी शीतला माता का दर्शन पाकर भक्त हुए निहाल



चुनार। श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता धाम में दर्शन पूजन करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रावण मास के पूर्णिमा पर अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता के दरबार में भारी संख्या में उमड़े आस्थावानो कि दर्शन के लिए भोर से ही लगी रही लंबी कतार। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, लाचीदाना,पेड़ा,लड्डु,अढ़ौल का मालाफुल आदि प्रसाद सामग्री लेकर मां के जयकारे लगाते हुए गर्भगृह में प्रवेश कर मां का दर्शन पूजन किया। वही श्रद्धालु मां दर्शन पूजन कर धन्य हो गए। इस दौरान मंदिर पर मां के जयघोष के साथ ही घंटा घड़ियाल कि ध्वनि गूंज रहा था।

## श्रावणी उपाकर्म, गण स्नान, संस्कृत दिवस का रहा त्रिवेणी संगम



चुनार (मिर्जापुर)। क्षेत्र के श्री जोखन राम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा के अध्यापक पं0बलभद्र शुक्ल व पंडित शिवकांत पाठक के नेतृत्व में श्रावणी उपाकर्म संपन्न हुआ। स्थानीय बालूघाट पर ब्राह्मणों ने शास्त्रीय विधि से दशविधि स्नान मृत्तिका, दुग्ध, ढाई, घृत, भस्म, गोमूत्र, दूर्वा, कुश, अपामार्ग से स्नान कर उपकर्म सम्पन्न हुआ।आचार्य शिवकांत पाठक ने पंचगव्य का प्राशन किया। इस गण स्नान में विभु शुक्ला, ज्ञानप्रकाश मिश्रा एडवोकेट,हरि प्रकाश मिश्रा,नीरज दुबे आदि थे।

## खबरें एक नजर में

### तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। दभारतीय जनता पार्टी हलिया मंडल द्वारा सोमवार को आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्री माली शामिल होंगे। इसके बाद गड़बड़ा धाम मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद लालगंज मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होने के बाद वापस विंध्याचल लौटेंगे हलिया मंडल में मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी द्वारा भाजपा मडल के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ताओ के साथ बरी गांव स्थित सरदार बल्लभाई पटेल के प्रतिमा से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और पुरे बाजार में तिरंगा यात्रा भ्रमण करने के बाद यात्रा का समापन किया जायेगा। इसी प्रकार गड़बड़ा धाम मंडल में मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष शामिल होंगे। इसके लिए पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष का प्रोटोकॉल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को भेजकर जानकारी दिया है। इस संबंध में भाजपा मंडल अध्यक्ष हलिया दिनेश अग्रहरी ने बताया कि पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा में मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता भाग लेंगें तिरंगा यात्रा बरी गांव स्थित सरदार पटेल के प्रतिमा स्थल से प्रारम्भ होगी।

### अनियंत्रित ऑटो कीचड़ युक्त तालाब में घुसी, बाल-बाल बचे सवार



चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के अदलपुरा चौकी अंतर्गत मेडिया–वाराणसी राजमार्ग 74 के अदलपुरा स्थित कीचड़ युक्त तालाब में रविवार दोपहर करीब एक बजे वाराणसी की ओर जा रही एक आटो ओवरटेक करते समय नियंत्रण खोकर दाहिनी ओर पोखरे में पलट गई। संयोग अच्छा था कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। आटो में सवार चार महिलाओं और दो छोटे बच्चों को हल्की चोटें आईं।अदलपुरा निवासी शीला देवी अपनी बेटियों निशा व मनीषा के साथ रक्षा बंधन के बाद घर लौट रही थीं। इसी आटो में मेडिया निवासी ऊषा देवी भी सवार थीं। कुशहा मोड़ से पहले ओवर टेक करते समय अनियंत्रित होकर कीचड़ युक्त तालाब में पलट गई। ग्रामीणों ने उसमें सवार कीचड़ में लथपथ हुई महिलाओ व बच्चों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला। सभी को हल्की चोट आई है।सूचना पर अदलपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं ऑटो चालक मौके से भाग निकला। चौकी प्रभारी ने बताया कि अनियंत्रित ऑटो तालाब में पलट गई। उसमें सवार महिलाओ एवं बच्चों को हल्की चोट लगी है। सभी सुरक्षित हैं। ऑटो चालक की तलाश की जा रही है।

### धानी व बृजमनगंज के लिए बस सेवा रहेगी संचालित

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। जनपद मुख्यालय से रक्षाबंधन के मद्देनजर लोकल रूट पर बढ़ाया गया रोडवेज बसों का संचालन धानी व बृजमनगंज के लिए 10 अगस्त के बाद भी प्रभावी रहेगा। दोनों महत्वपूर्ण ब्लॉक होकर भी मुख्यालय की रोडवेज सेवा से अछूते थे और दोनों ब्लॉकों तक पहुंचने के लिए दो जगह वाहन बदलना पड़ता था। रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के मद्देनजर महराजगंज डिपो लोकल रूटों पर 50 बसें दौड़ा रहा है। इन बसों में 10 अगस्त रात्रि 11:59 बजे तक महिलाओं और एक सहयात्री के लिए मुफ्त यात्रा का प्रावधान है। लोकल रूटों की बात करें तो फरेंदा होते हुए एक रोडवेज सेवा धानी और एक बृजमनगंज के लिए शुरू की गई है। अब डिपो की तरफ से यह व्यवस्था की जा रही है कि संचालन अनवरत बना रहे। मुख्यालय से बृजमनगंज के लिए महाकुंभ से पहले रोडवेज सेवा संचालित थी, लेकिन प्रयाग महाकुम्भ में वाहन लगने के चलते इस सेवा को बंद कर दिया गया था। वहीं सिद्धार्थनगर सीमा से जुड़े धानी के लिए बस सेवा संचालित ही नहीं थी। अब दोनों रूटों पर रोडवेज सेवा प्रभावी रखने के निर्णय से न सिर्फ उक्त दोनों ब्लॉकों तक आवागमन सुगम होगा बल्कि पड़ोसी जनपद तक आवागमन भी सरल होगा।

# सपा ने मनाई फूलन देवी की 62वीं जयंती

▸ महिला सशक्तिकरण की थी प्रतीक, आजीवन अन्याय और अत्याचार का किया प्रतिकार : देवी प्रसाद चौधरी

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद और दुनिया भर में बैंडिट क्वीन के नाम से विख्यात वीरांगना फूलन देवी की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में मनाई। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा गया कि उन्होंने समाज को जागरूक करते हुए अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोला।

आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि पूर्व सांसद फूलन देवी समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के संरक्षण में समाज की मुख्य धारा में जुड़कर दो बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर सांसद बनीं। उन्होंने समाज को जागरूक करने के लिए अन्याय खिलाफ मोर्चा खोला।

कहा कि फूलन देवी का जन्म उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के गांव गोरहा गांव में 10 अगस्त 1963 को निम्न वर्ग में एक मल्लाह के घर हुआ था। वर्ष 1994 में नेताजी मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सरकार ने उनके खिलाफ़ सभी आरोपों को सरसरी तौर पर वापस ले लिया और ग्यारह वर्ष जेल में रहने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। इसके बाद वह सपा के उम्मीदवार के रूप में सांसद के चुनाव के लिए खड़ी हुई और दो बार मिर्जापुर से लोकसभा के लिए चुनी गई। कहा कि फूलन देवी ने हमेशा अन्याय के खिलाफ़ लड़ाई लड़ने का साहसी कार्य किया। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन बीहड़ और जेल में गुजारने के बाद वर्ष 1996 में राजनीति में जाने की राह बनाई। सपा के टिकट से मिर्जापुर लोकसभा सीट जीत कर वें दो बार सदन का हिस्सा बनी। उनका दो बार जितना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं उन्होंने जनता के दिल में अपनी जगह बना ली थी।

गोष्ठी में पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, अशोक यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, दामोदर प्रसाद मौर्या, रामगोपाल बिन्द, झल्लू यादव, परवीन बानो, सत्यप्रकाश यादव, आदर्श यादव, सन्तोष गोयल, अशफाक खान, ज्योति गुप्ता, मेवालाल प्रजापति, वन्दना गुप्ता, कौशिक कनौजिया, अंकुर यादव, श्याम अचल यादव, धनन्जय सिंह, रामराज यादव, राममिलन यादव, विनोद यादव, कन्हैया यादव, रामजी बिन्द, प्रिन्स राव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में श्रावणी उपाकर्म व संस्कृत दिवस कार्यक्रम आयोजित

▸ विद्यालय परिसर में ऋषि पूजन सन्ध्योपासन व हवन का कार्यक्रम संपन्न

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

श्रावणी उपाकर्म एवं संस्कृत दिवस में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमापति त्रिपाठी के साथ छात्र एवं अध्यापक तथा चुनार के गणमान्य भागवत भ्रमर कौशलेन्द दास शाण्डिल्य (कैलाशपति त्रिपाठी) सुनील कुमार दीक्षित, भट्ट, गौरीशंकर दीक्षित आदि लोगों ने शंखनाद एवं घंटा ध्वनि के साथ जयकारे का उद्घोष करते हुए सुरसरि गंगा में स्नान किया तत्पश्चात् विद्यालय परिसर में ऋषि पूजन सन्ध्योपासन एवं हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

तदुपरांत संस्कृत सप्ताह के तत्वाधान में संस्कृत दिवस का कार्यक्रम किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 त्रिपाठी ने सेवानिवृत्ति प्राध्यापक गजराज प्रसाद पाण्डेय का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया।

छात्रों में अंकित पाठक, हर्ष उपाध्याय ने मंगलाचरण प्रणव त्रिपाठी एवं अक्षयधर द्विवेदी ने स्वागत गान किया। अध्यापकों में श्याम किशोर पाण्डेय, रमापति दीक्षित ने संस्कृत की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम का संचालन विभा ने की।

अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य ने संस्कृत के गरिमा को जगत का उच्च शिखर बतलाते हुए इसके प्रचार प्रसार के लिए जन-जन में संस्कृत भाषा को प्रसारित करने के लिए बल दिया।

# श्रावण मास में चल रहे शिवपूजन हवन तर्पण के साथ हुआ समापन



महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

प्रकृति के साथ भगवान शिव का आगमन 11जुलाई दिन शुक्रवार से शुभारंभ हुआ था, उसी दिन से शिवभक्तो की भीड़ श्रद्धा भक्ति के हर हर महादेव के जयघोष से जलाभिषेक अभियान चलाकर शुरू हुआ था बीते 9अगस्त को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधिवत् पूजन अर्चन वन्दन व जलाभिषेक करने के पश्चात हवन तर्पण व भण्डारै के साथ श्रावण मास का समापन हुआ। भगवान काक्षेश्वरनाथ, गौरीशंकर, प्रक्टेश्वरनाथ, सहित अन्य छोटे बड़े मंदिरों पर शिवभक्तों का रूद्राभिषेक, सत्यनारायण ब्रत कथा, महामृत्युजंय, सहित विभिन्न शिव पूजन कर जलाभिषेक अभियान चलाकर हवन तर्पण के साथ देवाधिदेव महादेव को षोडशोपचार से श्रृंगार कर बिदा किया गया। जिससे पूरा लेहड़ा तपा हधन के सुगन्धित धुएं से गुंजायमान हो गया। चारों दिशाओं में अविनाशी शिव के जय-जयकार की फुहार गिर रहीं थीं। इसी ऋम में महराजगंज, फरेंदा,धानी वृजमनगंज पुरन्दरपुर भैया फरेंदा कोल्हुई ,बहादुरी , के क्षेत्रों में हवन तर्पण के साथ भगवान शिव का मांस श्रावण मास सम्पन्न हुआ।

## भगवती माता का वार्षिक पूजन संपन्न

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। सीखड़ विकास खंड क्षेत्र के भुवालपुर गांव में भवाली माई मंदिर पर मां भगवती का वार्षिक पूजन संपन्न हुआ। गांव निवासी मुख्य यजमान अतुल कुमार त्रिपाठी रमा के द्वारा गांव स्थित भुवाली माई मंदिर के प्रांगण में स्थित भगवती माता (कुल देवी) का विधि विधान से पूजन हवन किया गया।

आचार्य पंडित भोले मिश्रा, संजीत चौबे के द्वारा पूजन हवन संपन्न कराया गया। यजमान अतुल त्रिपाठी ने बताया कि गांव में सुख शांति समृद्धि के लिए प्रत्येक वर्ष मां भगवती का पूजन हवन किया जाता है। इस दौरान गांव के सैकड़ों भक्तों ने देवी देवताओं का जयकारा लगाते हुए गांव कि परिक्रमा किए। इस अवसर पर भव्य त्रिपाठी, पवन त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, छोटू त्रिपाठी, स्वप्निल त्रिपाठी शतीश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# जन आरोग्य मेले का 285 मरीजों ने उठाया लाभ

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 285 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है।

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर रविराज कि देखरेख 85मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 47मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 59मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर सुरेश कनौजिया के देखरेख में 53मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 41मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया।

इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 285 मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल किशोर कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

# हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व



महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

रक्षाबंधन पर्व का गांव देहात नगर में धूम रहा बहने नगर देहात, गांव से पहुंच कर भाईयों के कलाई में राखी बांधकर दीर्घायु की कामना की वहीं भाईयों ने बहन के सुरक्षा की शपथ ली। पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पर्व की पूरा दिन चहल पहल मचा रहा। श्रावण पूर्णिमा को यह त्योहार हर्षोल्लास से मनाया जाता है।इस पर्व पर विशेष उपहार देते हुए बहनों को भाईयों ने रक्षाबंधन बंधवाकर हंसी खुशी बिदा किया।

हिन्दू परम्परा के यह त्यौहार भाई बहनों का अटूट रिश्ता कायम करता है। बहनों ने भाई को अपना केंद्र मानती है बीते शुक्रवार को इस त्यौहार को लेकर भाई बहन उत्साहित दिखे। रक्षाबंधन पर्व बहन भाई के रिश्ते को प्रगाढ़ करता है जिससे बहनें भाई के कलाई में रक्षाबंधन बांधने के लिए लालायित रहती है। इसी को लेकर बहनें देर सबेर पहुंचकर भाई के कलाई में रक्षाबंधन बांधकर दीर्घायु की कामना करते हुए अपने सुरक्षा कवच को कायम की वही भाई–बहन के अमोघ रिश्ते को जन्मजन्मांतर कायम रखने का व्रत लेता है। एक बात देखा गया कि जिन बहनों के पास भाई नहीं थे वह उदास दिखी साथ ही साथ जिन भाइयों के पास बहने नहीं थी वह इस त्यौहार पर हुए चहल पहल को देखकर अपने भाग्य को कोसते रहे। बहुतायत बालिकाऐ एक पूर्व रक्षाबंधन पर्व डीएम,एसपी,वार्डर के नौजवानो को बांध कर सुरक्षा की व्यवस्था की याद दिलायी। इसी क्रम में रक्षाबंधन पर्व फरेंदा,धानी वृजमनगंज पुरन्दरपुर भैया फरेंदा कोल्हुई व बहादुरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

# हर गांव हर मुहल्ले में देखने को मिलेगा राष्ट्र भक्ति का जज्बा

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को इस बार आजीविका समूह की महिलाओं की तरफ से तैयार किए गए झंडे से राष्ट्रभक्ति का जज्बा मजबूत होगा। सरकारी प्रतिष्ठान समूह के झंडे खरीदकर अपने यहां प्रयुक्त करेंगे।

एनआरएलएम ने इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत आजीविका समूह को 453 झंडा तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जनपद की 883 ग्राम पंचायतों के लिए 399999 झंडों का निर्माण किया जाएगा। 20 रुपये प्रति झंडा की दर से ब्लाक कार्यालय इसका भुगतान करेंगे। 7999980 रुपये झंडों की बिक्री कर समूह की महिलाएं प्राप्त करेंगी।

जश्न-ए-आजादी पर आधी आबादी के हाथों बने तिरंगे सरकारी प्रतिष्ठानों पर फहराएंगे। तिरंगा बनाने में समूह की महिलाएं जुटीं हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) उपायुक्त मो. जजाकि की ओर से प्रति ग्राम पंचायत 453 झंडा निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। 13 अगस्त को समूह की महिलाएं इन झंडों को ब्लॉक कार्यालय को उपलब्ध कराएंगी जहां से यह समस्त विभागों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## सदर और फरेंदा ब्लॉक में तेजी से काम

जनपद की सभी 883 ग्राम पंचायतें कुल 12 विकास खंडों में विभक्त हैं। तय लक्ष्य के सापेक्ष सदर व फरेंदा ब्लॉक मिशन मैनेजर के नेतृत्व में कार्य तेजी से चल रहा। सदर के बीएमएम शेषनाथ मौर्य के मुताबिक उनके यह की 10 समूह की 24 महिलाएं झंडा तैयार कर रहीं। वहीं फरेंदा के बीएमएम अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि उनके यहां 14 समूह महिलाएं तिरंगा तैयार करने में जुटी हैं, जिसकी नियमित निगरानी की जा रही है।

# जगन्नाथ मठ पहुंचे डीएम ने मत्था टेक लिया आशीर्वाद

▸ चल रहे मेले का लिया जायजा, दिये निर्देश

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



सिसवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बड़हरा महंथ स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ मठ में चल रहे पांच दिवसीय झूलोत्सव के अंतिम दिन जिलाधिकारी संतोष शर्मा, अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार व एसडीएम निचलौल नंदप्रकाश मौर्य के साथ मठ में पहुंचे।

जगन्नाथ प्रभु की पूजा-अर्चना कर प्रतिमा के सम्मुख मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान डीएम ने मेले के आयोजन का जायज़ा भी लिया। इस बीच मठ के मठाधीश महंत संकर्षण रामनुज दास, उत्तराधिकारी बृजेश रामानुज दास, नागेंद्र मल्ल, गिरिजेश दूबे, रामवचन मौर्या सहित क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे।

## डूबने से किशोर की हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिसवनिया बुजुर्ग निवासी एक व्यक्ति का 9 वर्षीय पुत्र पानी में डूब गया।जिसको इलाज हेतु परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज कर जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना पुरन्दरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा सिसवनिया बुजुर्ग निवासी राम प्रसाद का नौ वर्षीय पुत्र विजय कुमार पानी में डूब गया। जिसको परिजन इलाज हेतु तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा ले गए जहां चिकित्सकों ने हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज कर जिला चिकित्सालय महाराजगंज के लिए रेफर कर दिया।

# यूरिया मांगने पर किसान को दुकानदार के द्वारा पीटने पर दो आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज, समृद्धि न्यूज



जनपद के बृजमनगंज थाना क्षेत्र में किसान के साथ हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोप है कि किसान केवल यूरिया खाद की मांग कर रहा था, लेकिन खाद विक्रेता ने उसे चप्पल से बेरहमी से पीट दिया।

यह शर्मनाक घटना रविवार, 10 अगस्त 2025 को मामी चौराहा स्थित चौधरी खाद भंडार पर घटी। पीड़ित किसान ब्रह्मदेव चौरसिया पुत्र भरत चौरसिया, निवासी लेहड़ा बाजार टोला मुरादपुर, यूरिया खाद लेने दुकान पहुंचे थे। इसी दौरान दुकान के संचालक पंकज चौधरी पुत्र स्व0 उदय सिंह, निवासी जगदेवपुर, से किसी बात पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि पंकज चौधरी ने किसान को अपशब्द कहे और चप्पल से मारना शुरू कर दिया।

घटना के समय वहां मौजूद लोगों ने मोबाइल कैमरे में पूरा वाकया रिकॉर्ड कर लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में स्पष्ट दिखा कि किसान केवल खाद की मांग कर रहा था, लेकिन विक्रेता ने बर्बरता से मारपीट की। वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और मामले की गंभीरता को देखते हुए मु0अ0सं0 245/2025 धारा 115(2), 352, 351(3) भारतीय दंड संहिता (BNS) एवं 3/7 ईसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए मुख्य आरोपी पंकज चौधरी के साथ उसके सहयोगी जैस मोहम्मद पुत्र हुब्बल, निवासी जीतपुर फुलमनहा, को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि जैस मोहम्मद ने मारपीट में आरोपी का साथ दिया और किसान को धमकाया। इसके अलावा जिला कृषि अधिकारी ने आरोपी चौधरी खाद भंडार के प्रोपराइटर पंकज चौधरी पुत्र उद्यम सिंह के नाम से निबंधक संख्या DAO/MHG/2945 के नाम से बनी खाद के लाइसेंस की तत्काल सस्पेंड करते हुए स्पष्टीकरण तलब कर लिया है।